स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बुधवार
17 जून, 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 295 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net




बॉल दिख ही नहीं रही थी, खराब रोशनी में हुआ सुपर ओवर? तिलक वर्मा ने अंपायरिंग को लेकर किया बड़ा खुलासा

# मोदी 16 महीने बाद ट्रम्प से मिले

## फ्रांस में जी7 समिट में साथ बैठे, 5 मिनट बात की, कल ट्रेड डील पर बात संभव



**एवियन।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 समिट के दौरान मुलाकात हुई। दोनों के बीच करीब 5 मिनट तक बात चली। मीटिंग में दोनों एक-साथ बैठे नजर आए। यह मुलाकात 16 महीनों के बाद हुई है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति जी7 आउटरीच सेशन में भी साथ-साथ बैठे नजर आए। इससे पहले दोनों की आखिरी मुलाकात फरवरी 2025 में व्हाइट हाउस में हुई थी। दोनों नेता 17 जून की शाम 6:30 बजे ट्रेड डील पर चर्चा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस के मुताबिक भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ, निवेश और रणनीतिक साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी-7 समिट के लिए मंगलवार दोपहर एवियन पहुंचने पर मोदी का फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्वागत किया। जी-7 के देशों के राष्ट्राध्याक्षों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस दौरान मोदी ट्रम्प, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत करते दिखाई दिए। पार्टनर देश के तौर पर शिखर सम्मेलन में भारत की 13वीं मौजूदगी है। साथ ही यह 7वीं बार है जब प्रधानमंत्री इस ग्लोबल फोरम में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वैश्विक मंच पर भारत का पक्ष रखने के लिए मंगलवार को फ्रांस के एवियन पहुंचे, जहां त7 शिखर सम्मेलन 2026 के भव्य आयोजन स्थल पर फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने उनका बेहद गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया।

# देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक की आशंका

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है। एक

- सरकार का एजेंसियों को अलर्ट
- एंटी ड्रोन सिस्टम की तैनाती शुरू



अंग्रेजी अखबार के मुताबिक जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय के पत्र में लिखा है-हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाने होंगे। दुनिया के मौजूदा हालात को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं।

इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां देशभर के खास ठिकानों को सुरक्षित रखने के लिए एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने में जुट गई हैं। गृह मंत्रालय ने भी सीमा सुरक्षा बल के तहत एक खास कमेटी बनाई है। इस कमेटी का काम भारत के लिए सबसे अच्छे एंटी-ड्रोन सिस्टम को जांचना और पास करना है। सूत्रों ने बताया कि क्क्स्स पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के इलाकों में इन सिस्टमों को लगाने की तैयारी कर रही है, और इसके लिए बाकायदा ट्रायल भी शुरू हो चुके हैं।

इसके साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी एक टीम बनाई है। इस टीम में रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ), इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), एयरपोर्ट अथॉरिटी (एएआई) और बीएसएफ के अधिकारी शामिल हैं, जो देश के महत्वपूर्ण ठिकानों का दौरा कर रहे हैं। इस टीम की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि किस ठिकाने पर कौन सा एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा। तमिलनाडु के थूथुकुडी में वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट मौजूद है। पोर्ट की सिक्योरिटी के लिए फरवरी 2026 में यहां एडवांस एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया गया। ऐसा सिस्टम अपनाने वाला यह देश का पहला पोर्ट है। इसके लिए बंदरगाह ने सरकारी कंपनी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है।

# अब डॉक्टर पर्चे के बिना नहीं मिलेगा कफ सिरप

**नई दिल्ली।** देश में धड़ल्ले से बिक रहे कफ सिरप को लेकर अब केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार

- सरकार सख्त, नए नियम लागू



कल्याण मंत्रालय ने नई अधिसूचना जारी करते हुए साफ कर दिया है कि अब किसी भी तरह का सिरप, खासकर खांसी के सिरप, बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं बेचा जा सकेगा। नए नियमों के तहत अब मेडिकल स्टोर से कफ सिरप खरीदने के लिए डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन दिखाना अनिवार्य होगा। बिना पर्चे के सिरप बेचने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका लाइसेंस रद्द करना भी शामिल है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय ने ड्रग्स (पांचवां संशोधन) नियम, 2026 के तहत शेड्यूल के में बदलाव किया है। इस संशोधन में सिरप शब्द को सूची से हटा दिया गया है, जिससे अब ये दवाएं ओवर द काउंटर (ओटीसी) कैटेगरी में नहीं रहेंगी। सरकार का यह फैसला कफ सिरप के दुरुपयोग, मिलावट और खासकर बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हाल के दिनों में कफ सिरप से जुड़ी कई गंभीर घटनाएं सामने आई थीं, जिनमें बच्चों की मौत के मामले भी शामिल हैं। इसी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की थी। स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दवा निर्माण और बिक्री में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# यूपी में 24 जून तक बढ़ीं स्कूलों की छुट्टियां

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के सभी परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियां बढ़ा दी हैं। अब स्कूल 25 जून 2026 से खुलेंगे। अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा) पार्थ सारथी सेन शर्मा के निर्देश पर अवकाश कैलेंडर में संशोधन किया गया है। पहले विद्यालय 16 जून से खुलने थे, लेकिन लगातार बढ़ते तापमान और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को देखते हुए सरकार ने छुट्टियां 24 जून तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। नया ग्रीष्मकालीन अवकाश 20 मई से 24 जून तक प्रभावी रहेगा। शिक्षा विभाग का मानना है कि भीषण गर्मी के बीच स्कूल खोलने से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था। इससे पहले अलग-अलग जिलों में जिलाधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार स्कूल बंद करने के आदेश जारी करने पड़ते थे, जिससे शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होती थी। अब पूरे प्रदेश में एक समान व्यवस्था लागू की गई है।

# यूपी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने संयुक्त रूप से परिणाम जारी किया। इस वर्ष अलीगढ़ की वंदना सिंह ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर भी अलीगढ़ के ही नितिन पचौरी रहे। प्रदेशभर में 31 मई को आयोजित हुई इस प्रवेश परीक्षा में लगभग चार लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा के लिए राज्य के विभिन्न जिलों में केंद्र बनाए गए थे और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई थी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन और ओएमआर शीट की जांच के बाद मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया। परिणाम जारी होने के बाद अभ्यर्थी आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपना स्कोर कार्ड और रैंक देख सकते हैं। इसके साथ ही सफल अभ्यर्थियों के लिए बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश की प्रक्रिया का अगला चरण शुरू हो गया है। अब काउंसलिंग के माध्यम से अभ्यर्थियों को उनकी रैंक, श्रेणी और सीटों की उपलब्धता के आधार पर विभिन्न महाविद्यालयों का आवंटन किया जाएगा।

# भाजपा : संगठन और सरकार में बदलावों की चर्चा तेज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई लंबी बैठक के बाद अब पार्टी संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर बड़े बदलावों की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई करीब चार घंटे लंबी

- युवा और अनुभवी नेताओं के बीच संतुलन पर रहेगा ध्यान

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तथा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार और शिव प्रकाश शामिल रहे। यह बैठक देर रात तक चली और इसके बाद से यह माना जा रहा है कि भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम की घोषणा कभी भी की जा सकती है। पार्टी के कुछ नेताओं का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-7 शिखर सम्मेलन से लौटने के बाद ही अंतिम घोषणा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार भाजपा संगठन में बड़े स्तर पर फेरबदल की तैयारी पूरी हो चुकी है। केवल संगठन ही नहीं, बल्कि राज्यपालों की नियुक्तियों और सरकार से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बदलावों की भी संभावना जताई जा रही है। पार्टी के भीतर यह चर्चा है कि अधिक मास की अवधि समाप्त होने के बाद अब धार्मिक दृष्टि से भी ऐसे निर्णयों में कोई बाधा नहीं रह गई है। इसलिए संगठनात्मक और प्रशासनिक बदलावों की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ सकती है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम को लेकर पार्टी में काफी उत्सुकता है। बताया जा रहा है कि नई टीम में ग्यारह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छह राष्ट्रीय महासचिव बनाए जा सकते हैं। पार्टी नेतृत्व इस बार जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष ध्यान देने की तैयारी में है।

# नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम मैसेजिंग एप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69 के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है। नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने एग्जाम के बाद भी टेलीग्राम को अपना मैसेज एडिट फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए मैसेज 30 जून तक एडिट नहीं हो पाएंगे। एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# बाराबंकी के गोरखपुर से जुड़ते ही लगेगा जोर का झटका धीरे से...

**सुरेश बहादुर सिंह 'कौशिक'**

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** कतिपय लोगों की मांग एवं भाजपा की सुनियोजित नीति के तहत देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को चार भागों में विभाजित करने की तैयारी शनैः शनैः मूर्त रूप लेती जा रही है। इसके गठन के अनेकों किन्तु- परन्तु हैं और भविष्य में निकाले जायेंगे। उसके नफा नुकसान का जोड़-घटाव किया जा चुका होगा तथा आगे में भी होगा मगर एक बात निश्चित होती दिखाई दें रही हैं यदि भविष्य में विभाजन की कार्यवाही हुई तो इस जनपद में भाजपा को खास झटका लग सकता है। इसके जो भी कारण होंगे उसमें सर्व प्रमुख कारण आज भी प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे इस जिले को काटकर पुनर्गठन होने जा रहे पूर्वान्चल राज्य की राजधानी के रुप में बनने वाली राजधानी गोरखपुर का चयनित किया जाना होगा।

यूंतो बाराबंकी जनपद पहले से ही समाजवादियों का गढ़ रहा है लेकिन विगत चुनाव से चाहे वह जन्म भूमि प्रकरण रहा हो या दूसरे अन्य कारणों से भारतीय जनता पार्टी को यहां मजबूती मिली है। आज उसकी यहां पचास प्रतिशत की भागीदारी है जो भविष्य में और भी बढ़ सकती थी किन्तु बाराबंकी जनपद को पूर्वांचल प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी गोरखपुर से जोड़ा जाना बैठे बैठाये सपा व कांग्रेस को एक जबरदस्त मुद्दा हासिल करा देगा।

एक तो पूर्व मायावती सरकार द्वारा जिले की महत्वपूर्ण तहसील रुदौली को बाराबंकी से काटकर फैजाबाद जिले (अब के अयोध्या) से जोड़ा जाना आज भी लोगों को पसन्द नही है किन्तु अम्बेड़करनगर बनने से छोटा हुए फैजाबाद (अयोध्या) को भौगोलिक और आर्थिक रुप से सुदृढ़ करने की अनिवार्यता से किसी तरह यहां के लोग समझौता करके चल रहे हैं, वहीं गोरखपुर से बाराबंकी को जोड़ा जाना कतई बर्दाश्त करने की स्थिति में नागरिक नही होंगे। आज भी बाराबंकी जिला (शेष पेज-11 पर)




# उन्नाव समाचार



## छापेमारी कर प्रतिबंधित पालीथीन जब्त कर जुर्माना लगाया

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

नवाबगंज उन्नाव।पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी आशीष कुमार तथा अनिरुद्ध तिवारी ने मंगलवार को नगर पंचायत के कर्मचारियों संग नगर के पछियांव मोहल्ला मे स्थित दुकानों पर छापेमारी कर प्रतिबंधित पालीथीन जब्त कर जुर्माना लगाया।इस कार्यवाही से नगर के दुकानदारों मे हड़कंप मच गया। पर्यावरण अधिकारी अआशीष कुमार ने बताया कि दो तीन दुकानों पर प्रतिबंधित पालीथीन मिली है जिनपर जुर्माना लगाया गया है।बाकी दुकानदारों को कागज के थैली कपड़े के बैग का उपयोग करने की सलाह दी गयी है।वहीं दुकानदारों ने बताया कि प्रतिबंधित पालीथीन की निर्माण तथा थोक बिक्री पर भी रोक लगाई जाय जब बनेगी नही तो मार्केट मे आने का सवाल ही नही उठता।

## 16 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)** बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला मस्तु टोला में एक 16 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिवार और मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मोहल्ला मस्तू टोला निवासी स्वर्गीय नसीम की 16 वर्षीय पुत्री ने आज अज्ञात कारण के चलते अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तत्काल उसे नीचे उतारा। लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। किशोरी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और आसपास के लोग घटना के कारणों को लेकर स्तब्ध हैं। बताया जाता है कि किशोरी ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया। इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव** हसनगंज क्षेत्र के झलोतर गांव में राम पाल विश्वकर्मा हसनगंज तहसील परिसर में पूर्व महामंत्री राजीव सिंह गुड्डू ए शेरपुर गांव में प्रमोद शुक्ला के द्वारा न्योतनी के हरिहर चौरसिया द्वारा आलू पूड़ी सब्जी बूंदी छोला चावल आदि का भंडारे का आयोजन किया जिसमे सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद लिया

## नवजात शिशु के मिलने से मचा हड़कंप

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव** कोतवाली क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव में मंगलवार सुबह एक नवजात शिशु के मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब पांच बजे ग्रामीणों ने गांव के ही निवासी होरीलाल के घर के पीछे स्थित घूरे के पास एक नवजात शिशु को पड़ा देखा।ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नवजात शिशु की जांच कीएइसी दौरान गांव के ही निवासी राम बख्श एडवोकेट ने नवजात शिशु स्वस्थ बेटे को अपने घर ले जाकर उसके पालन.पोषण की जिम्मेदारी ली। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि नवजात शिशु के मिलने की सूचना पर पुलिस गई थी

## क्षेत्रीय लेखपाल राज नारायण मौर्य के स्थानांतरण की मांग

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

**हसनगंज उन्नाव** हसनगंज तहसील क्षेत्र के रामपुर अखौली गांव निवासी अधीर सैनी ने कार्य एवं संसदीय मंत्री जसवंत सैनी से शिकायत करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल राज नारायण मौर्य के स्थानांतरण की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित लेखपाल पिछले चार वर्षों से एक ही क्षेत्र में तैनात हैं और लोगों के जायज कार्य करने के बजाय दिमागी संतुलन ठीक न होने का हवाला देकर उन्हें वापस कर देते हैंए जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल का तबादला कराने की मांग की है। तहसीलदार अविनाश चौधरी ने बताया कि शिकायती पत्र की जानकारी नहीं है एअगर शिकायती पत्र आता है तो रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजकर कार्रवाई के लिए भेजा जाए।

## भीषण गर्मी में खुले स्कूल नौनिहालों की सेहत को लेकर बढ़ी चिंता



**हसनगंज उन्नाव** गर्मी की लंबी छुट्टियों के बाद मंगलवार को क्षेत्र के सभी परिषदीय एवं सरकारी विद्यालय खुल गए। लेकिन भीषण गर्मीए तेज धूप और उमस के चलते विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। जहां शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में जुटे रहेए वहीं छोटे बच्चों के अभिभावकों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता साफ दिखाई दी।

बरौनाए नियामतपुरए सेमरामऊए रायखेड़ाए धीरखेड़ाए कटराएमोहान एहसनगंज सन्दाना धमरा और मटरिया समेत क्षेत्र के कई गांवों के विद्यालयों में कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की संख्या काफी कम दर्ज की गई। अभिभावकों का कहना है कि 4 से 8 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को झुलसा देने वाली गर्मी में विद्यालय भेजना जोखिम भरा साबित हो सकता है।

ग्रामीण सर्वेशए उजागरए रमेशए मुनेशए देशराज और लवकुश समेत कई लोगों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के साथ बिजली की समस्या भी बनी हुई है। ऐसे में विद्यालयों में पर्याप्त राहत की व्यवस्था न होने पर बच्चों के बीमार पड़ने की आशंका बनी रहती है। पक्की छतों वाले कमरों में बढ़ा तापमान बच्चों की परेशानी और बढ़ा रहा है।अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि मौसम की गंभीरता को देखते हुए विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर विचार किया जाएए जिससे बच्चों को गर्मी के प्रकोप से बचाया जा सके।

**सेमरामऊ विद्यालय की प्रधानाचार्य** शिखा सिंह ने बताया कि विद्यालय निर्धारित समय पर खुल गए हैं और सभी शिक्षक अपने कार्यों में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के कारण छोटे बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैए इसलिए उनकी सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

**क्या बोले खंड शिक्षा अधिकारी** इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार ने बताया कि सभी विद्यालयों को बच्चों के लिए शुद्ध एवं ठंडे पेयजलए पंखों तथा प्राकृतिक हवा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को यथासंभव छायादार स्थानों पर बैठाया जाए और उनकी सेहत पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसी बच्चे की तबीयत खराब होती है तो तत्काल अभिभावकों को सूचना देकर आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही विद्यालयों में पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच विद्यालयों के संचालन ने एक बार फिर बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौती को सामने ला खड़ा किया है। अब अभिभावकों और शिक्षा विभाग की निगाहें मौसम की स्थिति और प्रशासनिक निर्णयों पर टिकी हैं।

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कर रही निगरानी



बांगरमऊ। संत मिलन दास की हत्या और हत्या के मुख्य आरोपी इसरायल के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने के बाद दोनों के मोहल्लों में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। दोनों परिवारों के घरों में मातम का माहौल है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार निगरानी कर रही है। मालूम हो कि गत 9 जून को संत मिलन दास की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की थी। इसी दौरान हत्या के मुख्य आरोपी इसरायल को पुलिस ने घटना के छठे दिन कथित मुठभेड़ मे मार गिराया था। इस घटना के बाद से तनाव की आशंका को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संत मिलन दास और इसरायल दोनों के घरों के आसपास पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया है। पुलिसकर्मी आने.जाने वाले लोगों पर नजर रखे हुए हैं तथा किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए लगातार गश्त कर रहे हैं। हालांकि दोनों परिवारों के यहां रिश्तेदारोंए परिचितों और शुभचिंतकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। लोग परिजनों को ढांढस बंधाने और संवेदना व्यक्त करने पहुंच रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि घटना के बाद पूरे इलाके में गम का माहौल है। एक ओर संत मिलन दास की हत्या से उनके अनुयायियों और परिवार में शोक हैए वहीं दूसरी ओर इसरायल की मौत के बाद उसके परिवार पर भी दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।



## संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से उदय सांस्कृतिक संस्थान उन्नाव द्वारा साहित्यकार नसीर अहमद नसीर की कहानियों का मंचन

संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से उदय सांस्कृतिक संस्थान उन्नाव द्वारा साहित्यकार नसीर अहमद नसीर् की कहानियों का मंचन शिव शंकर सिंह. शिवराम सिंह महाविद्यालय बिरसिंहपुर उन्नाव में किया गया जिसमें रंगकमी जब्बार अकरम रहमान रूमी जया उपाध्याय शफी अहमद खान रफीक अहमद राघवेंद्र सिंह विकेश वाजपेई ने अलग.अलग कहानियों का सफल मंचन किया जो दर्शकों द्वारा बहुत सराहा गयाए रूप सजा अस्मिता उपाध्याय ने किया मंच सज्जा मोण् आजम अकरम ए अभिषेक वर्मा ने एवं मंच संचालन बलराम सिंहष् निर्बलष् द्वारा किया गया एध्वनि एवं प्रकाश. शकील खान ने कियाए मंचन में विशेष रूप से पधारे प्रदेश अध्यक्ष भारतीय सर्व धर्म संसद एवं संस्थापक श्री साई दरबार मंदिर सेवा समिति ए उन्नाव श्री सुरेंद्र वर्माष् बाबा जी ष्ने कहानियों का मंचन पर कहा कि अगर रंगमंच को गांव.गांव जाकर किया जाए तो रंगमंच का उत्थान होगा और विशेष रूप से जब्बार अकरम की सराहना करते हुए कहा कि इस ओर वो अपना पूर्ण योगदान दे रहे हैंए कहानीकार श्री नसीर अहमद ष्नसीर ष्ने कहा कहानियां हम सब के परिवेश से निकलकर आती हैं और इसी बहाने बहुत कुछ जानने का अवसर मिलता है एश्री दिनेश प्रियमन ने कहा फिल्म और नाट्य कला से कहीं अधिक कहानी का मंचन करने में एक ही कलाकार को सभी कई पात्रों को जीवंत करना पड़ता है कार्यक्रम समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं उनके समस्त स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा ।

## बीघापुर में महिला ने पड़ोसी पर लगाया उत्पीड़न और कब्जे की कोशिश का आरोप उपजिलाधिकारी से लगाई गुहार

स्वतंत्र भारत ;ब्यूरोद्धउन्नाव !बीघापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम जपसरा निवासी एक महिला ने अपने घर के सहन में बिछाई गई ईंटों को जबरन हटाने तथा अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी बीघापुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।ग्राम जपसरा निवासी आरती सिंह पत्नी सुधीर सिंह ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने नए मकान के सहन में बरसात के दौरान कीचड़ से बचाव के लिए ईंटें बिछाई थीं। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उनके घर पहुंचकर गाली.गलौज कीएजान से मारने की धमकी दी और सहन में बिछी ईंटों को हटाने का प्रयास किया।महिला का कहना है कि उक्त मामले की वीडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विवादित पक्ष द्वारा पहले से ही जमीन पर मिट्टी और ईंट डालकर टीनशेड लगाकर कब्जा किया गया है तथा दीवार तोड़कर जबरन दरवाजा लगाने का प्रयास किया गया है। मामले की शिकायत कई बार पुलिस से किए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई।पीड़िता ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि उनके सहन में बिछाई गई ईंटों को हटाए जाने से रोका जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। प्रशासन द्वारा मामले की जांच कराए जाने की बात कही जा रही है।

## विशाल भंडारा आयोजित किया



बांगरमऊ। जेष्ठ माह के शुभ मंगलवार को कोतवाली पुलिस द्वारा कोतवाली मार्ग मोड़ पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार और एसडीएम ब्रजमोहन शुक्ला ने भगवान बजरंग बली की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन कर भंडारे का शुभारंभ किया। तत्पश्चात हजारों नागरिकों और यात्रियों ने भंडारे में पूड़ी.सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय व अपराध निरीक्षक राकेश कुमार ने स्वयं अपने हाथों से लोगों को प्रसाद परोसा। इसी प्रकार नगर की नौनिहाल गंज बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिरए मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर व बालाजी मंदिर में भी सक्षम शुक्लाए अभय रस्तोगीए हर्षित रस्तोगी व योगेश रस्तोगी द्वारा भी भंडारा आयोजित किया गया। श्री पंचेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित भंडारे में पंडित रविशंकर दीक्षित महराज ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा नानामऊ मार्ग पर विपिन तिवारी ने भी भंडारे में श्रद्धालुओं को बूंदी और तहरी.खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले विद्यालय, गुलाब देकर हुआ छात्रों का स्वागत




स्वतंत्र भारत ब्यूरो उन्नाव। सफीपुर ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से परिषदीय एवं निजी विद्यालयों में शिक्षण कार्य पुनः प्रारंभ हो गया। हालांकि भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही और अधिकांश स्कूलों में करीब आधे विद्यार्थियों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।विद्यालय खुलने के पहले दिन छात्रों का शिक्षकों द्वारा गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गयाए जिससे विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस पहल की अभिभावकों ने भी सराहना की। कई अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को विद्यालय छोड़ने पहुंचे।कंपोजिट विद्यालय रनियाँमऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों से फोन पर संपर्क कर बच्चों को विद्यालय भेजने का अनुरोध किया गया। विद्यालय में बच्चों के लिए मिष्ठान एवं समोसा पार्टी का भी आयोजन किया गयाए जिसका छात्रों ने भरपूर आनंद लिया।उन्होंने बताया कि 15 जुलाई तक चलने वाले स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके लिए विद्यालय में नामांकन मेला आयोजित कर अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।खंड शिक्षा अधिकारी अनीता साह ने बताया कि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा कराया जा सकेए इसके लिए सभी शिक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। विद्यालयों के पुनः खुलने से शिक्षा व्यवस्था में फिर से रौनक लौट आई है।

# कानपुर देहात समाचार



## डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल की समीक्षा, दिये कड़े निर्देश

**निर्माण कार्य गुणवत्ता व समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात। जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में जनपद में संचालित फ्लैगशिप विकास कार्यक्रमों तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभागीय योजनाओं एवं सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शत.प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल पर योजनाओं एवं निर्माण कार्यों से संबंधित अद्यतन सत्यापित एवं सटीक आंकड़े समय से अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर अपलोड किए गए आंकड़े शासन स्तर पर जनपद की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार होते हैं इसलिए किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो। निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों गुणवत्ता एवं समय.सीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्माण कार्यों का नियमित भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। मानकों के विपरीत कार्य पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में फैमिली आईडी से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के अनुरूप फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाएं। जिलाधिकारी ने विभिन्न योजनाओं से आच्छादित लाभार्थियों की शत प्रतिशत फैमली आईडी बनाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। बैठक में एक्सियन विद्युत जिला पंचायत राज अधिकारी सहायक श्रमायुक्त बेसिक शिक्षा अधिकारी एक्सियन जल निगम डीएसटीओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लोनिवि ने किया प्रगति पथ यात्रा शिविर का आयोजन विधायक पूनम संखवार ने गिनाई मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियां

- पूनम शंखवार ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश तीसरी बार योगी सरकार बनाने का किया आह्वान
- एसडीएम शिखा शंखवार तहसीलदार संतोष कुमार रहे मौजूद



**रसूलाबाद कानपुर देहात।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के उपलक्ष्य में लोक निर्माण विभाग कानपुर देहात द्वारा मंगलवार को धर्मगढ़ बाबा प्रांगण में प्रगति पथ यात्रा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने अपने संबोधन में कहा कि बीते 12 वर्षों में मोदी सरकार ने 140 करोड़ देशवासियों की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सड़क बिजली स्वास्थ्य शिक्षा और गरीब कल्याण की योजनाओं से देश की तस्वीर बदली है। विधायक पूनम संखवार ने रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को सिलसिलेवार रखा। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया गया दर्जनों संपर्क मार्गों का निर्माण हुआ और पुल.पुलियों से आवागमन सुगम बना है। उन्होंने विकास और सुशासन को डबल इंजन सरकार की सबसे बड़ी ताकत बताया। इस मौके पर विधायक ने आगामी विधानसभा चुनाव में जनता से योगी आदित्यनाथ को तीसरी बार मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपराधमुक्त होकर विकास के पथ पर दौड़ रहा है जिसे और गति देने के लिए योगी सरकार का पुनः आना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विधायक पूनम संखवार ने धर्मगढ़ बाबा पार्क में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन के आधार हैं। हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए तभी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा मिल सकेगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधरोपण की अपील की। शिविर में एसडीएम शिखा संखवार तहसीलदार संतोष सिंह मंडल अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी नरेंद्र पांडे मंडल महामंत्री जनसेवक मनोज सिंह सेंगर संतोष प्रताप सिंह गौरव सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम शंकर सिंह रामकुमार सिंह सर्वेश सिंह सहित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विमल कुमारमिश्रा डीके पाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अंशु तिवारी ने डिप्टी सीएम मौर्य से लखनऊ में की मुलाकात किया सम्मान



स्वतंत्र भारत ब्यूरो रनियां कानपुर देहात। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंशु तिवारी ने मंगलवार को लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से शिष्टाचार भेंट की तथा अंग वस्त्र बुके भेंट कर सम्मानित किया। सूबे की सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के लखनऊ स्थित कैंप कार्यालय पर जिले के अलियापुर निवासी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंशु तिवारी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अंशु तिवारी तथा मंडल अध्यक्ष रनिया धर्मेंद्र कुशवाहा नामित सभासद नितिन कुशवाहा ने अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह तथा बुके भेंट कर सम्मानित किया। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अंशु तिवारी से क्षेत्र का हाल.चाल जाना तथा जनपद की राजनीति के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर जुट जाए जिससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने लगातार भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अंशु तिवारी को संगठन व पार्टी के लिए ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए पीठ थपथपाई और कहा कि पार्टी को आप जैसे कार्यकर्ताओं की जरूरत है। बताते चलें कि भाजपा नेता अंशु तिवारी बीते 16 सालों से भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं और पार्टी तथा धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा लोगों की सुख.दुख में खड़े रहते हैं।



## बड़े मंगल पर महाबली की पूजा की रही धूम आम का जूस पानी के बताशे और पुओं का चढ़ा प्रसाद

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

माती कानपुर देहात । ज्येष्ठ मास के पावन मंगल बड़े मंगल के शुभ अवसर पर सदर तहसील परिसर में प्रभु श्री हनुमान जी की असीम कृपा से विशाल प्रसाद वितरण भंडारा कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर प्रभु श्री हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण किया तथा पुण्य लाभ अर्जित किया।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को ठंडा.ठंडा आम का जूस स्वादिष्ट पानी के बताशे एवं पारंपरिक पूआ प्रसाद वितरित किया गया। सम्पूर्ण तहसील परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी राजकुमार पाण्डेय तहसीलदार पवन कुमार नायब तहसीलदार रविन्द्र नाथ मिश्रा एवं नायब तहसीलदार गजनेर विक्रम पासवान सहित प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति रही।इसके अतिरिक्त लेखपाल गण साक्षी दिव्या शुक्ला अभिषेक गुप्ता प्रियंका अरोड़ा एवं रितिका पाण्डेय सहित अनेको राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही जिनमें विमल द्विवेदी दिलीप यादव शिवकरन सिंह सेंगर अधिवक्ता समिति अकबरपुर के अध्यक्ष विपिन चंद्र दीक्षित उपाध्यक्ष रुचि यादव बृजेश पाल नरेन्द्र सिंह सेंगर अजय द्विवेदी सुनील सविता सुधीर भदौरिया मनोज द्विवेदी दिलीप श्रीवास्तव सुरेन्द्र सिंह राठौर मोहम्मद जुनेद चन्द्रशेखर संखवार नत्थू सिंह गौर राहुल दीक्षित पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल शर्मा गोविन्द सिंह सेगर आदि मौजूद रहे ।

# पत्नी ने की कपूर कारोबारी के बेटे की चाकू से गोदकर हत्या, गिरफ्तार





**-दस दिन पूर्व प्रेमी से करने को लेकर हुआ था विवाद**
**-आठ साल पहले दोनों की हुई थी लव मैरिज**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** फीलखाना में प्रेमी के कहने पर पत्नी ने कपूर व्यापारी के बेटे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक का पिछले 10 दिनों से हैलट अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी बहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। आठ साल पहले दोनों की लव मैरिज हुई थी। 2 साल पहले महिला का एक युवक से अफेयर हो गया था।

फीलखाना में बालाजी धाम अपार्टमेंट में रहने वाले रामकिशोर गुप्ता कपूर कारोबारी हैं। परिवार में पत्नी मीरा गुप्ता, बेटा मनीष गुप्ता व एक बेटी पूनम गुप्ता। पूनम की शादी हो चुकी है। पिता रामकिशोर ने बताया कि उनका बेटा मनीष किराना बाजार में ब्रोकर था। इस दौरान मनीष की मुलाकात बिरहाना रोड स्थित लाफ्टीवेल स्कूल में पढ़ाने वाली काहूकोठी की निहारिका कश्यप से हुई थी। जिसके बाद दोनों के बीच अफेयर हो गया था। जानकारी होने पर परिजनों ने बेटे की निहारिका से 30 जून 2017 में शादी करा दी थी। दोनों का एक 6 साल का बेटा रियांश गुप्ता है। पिता ने बताया कि शादी के बाद बहू के कहने पर बेटे ने ब्रोकर का काम बंद कर दिया था। जिसके बाद उसे रामगंज में ऑफिस दिलाकर कपूर के व्यवसाय शुरू करा दिया था। परिजनों ने बताया कि निहारिका का करीब 3 साल पहले एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया, जो जम्मू का रहने वाला बताया जा रहा है। दोनों के बीच लंबी-लंबी फोन पर बातचीत होने लगी। मनीष को यह जानकारी हुई तो उसने विरोध किया। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होने लगा। 5 जून की दोपहर करीब एक बजे निहारिका को बॉयफ्रेंड से बात करते देख मनीष ने देख लिया। जिस पर दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। इसी दौरान निहारिका ने सब्जी काटने वाले चाकू से मनीष के पेट में वार कर दिया। चीख-पुकार की सुन मौके पर पहुंचे परिजन उसे बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया। हैलट में इलाज के दौरान मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। पिता ने बताया कि हैलट में होश आने के बाद बेटे ने उनसे बताया कि चाकू मारने के दौरान निहारिका से उसका बॉयफ्रेंड फोन पर बात कर रहा था। चीख सुनने के बाद निहारिका ने उसे चाकू मारने की बात बताई, जिस पर उसने कहा कि आज इसका काम तमाम कर दो। फीलखाना थाना प्रभारी अभय नारायण ने बताया कि मृतक मनीष के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## दहेज उत्पीड़न का लगा चुकी है आरोप

पिता राम किशोर के मुताबिक निहारिका का तीन साल से अफेयर चल रहा था। जिसपर उसका फोन अक्सर बिजी बताता था। मनीष उससे पूछता तो वह कहती कि अपनी मां और बहन से बात कर रही थी। एक दिन फोन पर बात करने के दौरान निहारिका को रियांश ने देख लिया, जिसके बाद वह भागता हुआ

अपने दादी-बाबा के पास पहुंचा और बोला कि मम्मी अपने बॉयफ्रेंड से बात कर रही हैं। इसकी जानकारी मनीष को हुई तो वह निहारिका पर सख्ती शुरू की तो वह दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाने लगी। मृतक के पिता ने बताया कि डेढ़ साल पहले निहारिका महिला थाने में दहेज उत्पीड़न की शिकायत लेकर पहुंची थी। जहां उसने बताया कि शादी के 8 साल बाद ससुरालीजन उससे कैश और गाड़ी मांग रहे हैं। मना करने पर आए दिन मारपीट करते हैं। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के बीच सुलह-समझौता करा दिया था।

## महिला समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** हनुमंत विहार व नौबस्ता थाना क्षेत्रों में महिला समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

हनुमंत विहार थानाक्षेत्र के तुलसी विहार केशव नगर निवासी रवींन्द्र सिंह की शादी कानुपर देहात के मुंगीसापुर निवासी आनंद कुमार की पुत्री पूजा से हुई थी। रवीन्द्र प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। मृतका के पिता आनंद ने बताया कि बेटी की शादी के छह साल हो गए थे। अभी तक उसके कोई संतान नहीं हुआ था। जिससे वह परेशान रह रही थी। घटना के समय सास शशिप्रभा और ननद अनामिका नीचे कमरे में थी, जबकि पूजा ऊपर कमरे में थी। देर शाम पति लौटा तो पूजा को फंदे से लटकता उसके होश उड़ गए। उसके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उसने लिखा कि बच्चे न होने से परेशान हो चुकी हूं, अब मैं जान दे रही हूं...। इसी क्रम में मूलरूप से फतेहपुर के जहानाबाद मधवापुरवा निवासी राजमिस्त्री नवल किशोर हनुमंत विहार के बख्तौरीपुरवा राजेंद्र नगर में पत्नी कोमल और दो बच्चों आयु व आर्यन के साथ किराए पर रहता था। पत्नी कोमल ने बताया कि पति नवल किशोर नशे के लती थे और आए दिन मारपीट करते थे। सोमवार को उसका जन्मदिन था। देर रात पति ने मारपीट तो वह पास में अपने मायके चली गई। मंगलवार सुबह साथी राजेंद्र मिस्त्री बुलाने आया। कई बार खटखटाने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो अंदर जाकर देखने पर नवल का शव फंदे पर लटकता मिला। वहीं नौबस्ता के चंदापुरवा निवासी शालू सैनी नौबस्ता में सब्जी का ठेला लगाता था। उसके साथ में पिता विश्राम और मां रामजानकी और छोटा भाई गोलू साथ में रहते थे। सोमवार शाम मां पास में बेटी के यहां गई थी। जबकि पिता और गोलू दोनों रनियां फैक्ट्री में काम करने गए थे। देर शाम पिता और भाई लौटे तो शालू का शव फंदे पर लटकता मिला। परिजनों ने बताया कि शालू का इलाके में रहने वाली तीन बच्चों की मां से प्रेमप्रसंग चल रहा था। महिला किसी अन्य व्यक्ति से भी बात करती थी इसे लेकर वह शक करता था। जबकि पति विश्राम का कहना है कि वह उसकी शादी के लिए लड़की देख रहे थे। इसी शक में उसने आत्महत्या कर ली।

## वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध के प्रति रहे जागरूक व सतर्क-डीसीपी

**-अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति द्वारा मंगलवार को पनकी स्थित सीआईएसएफ लाइन नई कॉलोनी में साइबर अपराध जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी वेस्ट एसएम कारिम आबिदी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा डिजिटल माध्यमों से होने वाली ठगी एवं अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी प्रदान करना था। इस मौके पर डीसीपी वेस्ट ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध लगातार नए स्वरूप में सामने आ रहे हैं, इसलिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक एवं सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी एवं ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्क रहें। किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी बैंकिंग विवरण एवं पासवर्ड साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल एवं फर्जी सरकारी अधिकारियों से सावधान रहें। संदिग्ध लिंक एवं फर्जी निवेश योजनाओं से बचें। साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज कराएं।

इस अवसर पर पनकी परियोजना के महाप्रबंधक विजय बहादुर, सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट अनुपम त्रिपाठी, अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के चेयरमैन आशुतोष बाजपेयी, महासचिव योगेश बाजपेयी एवं सचिव गोपाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किडनी ट्रांसप्लांट मामले में शुरू हुई ईडी की जांच

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** किडनी ट्रांसप्लांट मामले में ईडी ने जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की संपत्तियों की खरीद-फरोख्त के अलावा ईडी गिरोह की आर्थिक चेन खंगालेगी। ईडी के अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर आरोपियों का पूरा ब्योरा लिया है।

रावतपुर के केशवपुरम स्थित आहूजा हॉस्पिटल में बीते 29 मार्च को बिहार के बेगूसराय निवासी एमबीए छात्र आयुष कुमार की किडनी मुफ्फरनगर की पारुल तोमर को लगाई गई थी। ऑपरेशन के दूसरे दिन पारुल को प्रिया हास्पिटल के आईसीयू, जबकि आयुष को मेडलाइफ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस को इस ऑपरेशन की जानकारी मिली छापेमारी की गई। मामले में अभी तक 13 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। इस हाइप्रोफाइल मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल से प्रवर्तन निदेशायल ने संपर्क किया था। तीन दिन पहले ईडी के चार अधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर आरोपियों की पूरा ब्योरा जुटाया है। आरोपियों के बैंक खातों और पैनकार्ड के जरिए ईडी इस गिरोह के आर्थिक ढांचे का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इनमें किडनी कांड के मास्टर माइंड रोहित तिवारी के साथ आहूजा अस्पताल की संचालक डॉ प्रीति आहूजा, पति सुरजीत सिंह आहूजा, एजेंट शिवम अग्रवाल, मेडलाइफ अस्पताल के मालिक राजेश कुमार व राम प्रकाश कुशवाहा, प्रिया अस्पताल के संचालक नरेंद्र सिंह, गाजियाबाद के एक अस्पताल में ओटी मैनेजर राजेश कुमार व ओटी संचालक कुलदीप सिंह राघव और डॉ अफजल का ड्राइवर परवेज सैफी, सैफुद्दीन और अखिलेश तिवारी शामिल है, जबकि गिरोह के चार सदस्य अभी फरार चल रहे हैं।

## डीएम के फर्जी हस्ताक्षर मामले में शुरू हुई मजिस्ट्रेटी जांच

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** डीएम के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर डूडा आवास का आवंटन अपने नाम कराने के मामले में मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो गई है। मामले में एसीएम-6 को जांच सौंपते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगा गया है। हिंद महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष आभा चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि रीतू सिंह ने डीएम के फर्जी से डूडा आवास का फर्जी आवंटन पत्र तैयार कर रतनपुर डूडा कॉलोनी स्थित भवन संख्या 286/5 पर अवैध कब्जा कर लिया। उसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिजली कनेक्शन भी प्राप्त कर लिया गया। शिकायत के बाद परियोजना अधिकारी डूडा की रिपोर्ट पर केस्को ने बिजली कनेक्शन और मीटर हटाने की कार्रवाई की, जबकि केडीए सचिव को आवास खाली कराने के लिए भी पत्र भेजा गया। पदाधिकारियों ने ने कहा कि जिलाधिकारी के फर्जी हस्ताक्षरों से सरकारी दस्तावेज तैयार करने जैसा गंभीर अपराध सामने आने के बावजूद अब तक किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि परियोजना अधिकारी डूडा और एसीएम षष्ठम की रिपोर्ट के बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता, तो संगठन आंदोलन तेज करेगा और मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफकठोर कार्रवाई की मांग करेगा। इस पूरे प्रकरण ने सरकारी आवासों के आवंटन में पारदर्शिता और प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## हाईवे पर सरिया लदा ट्रक पलटा, चालक घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर एक सरिया लदा ट्रक पलट गया। इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। सूचना पहुंची पुलिस ने घायल चालक को सीएचसी में भर्ती कराया है। ट्रक फतेहपुर से कानपुर की ओर जा रहा था। दुर्घटना के कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। सड़क पर ट्रक पलटने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। रूमा से ब्रह्मदेव मंदिर तक लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में भीषण जाम लग गया। इस वजह से कार, बसए ट्रक और अन्य वाहनों को धीमी गति से आगे बढ़ना पड़ा, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हुई। घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करते हुए राहत कार्य शुरू किया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक को हाईवे से हटाने का प्रयास किया गया, ताकि यातायात को जल्द सामान्य किया जा सके। वहीं इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि ट्रक को सड़क से हटाने की कार्रवाई जारी है। पुलिस और एनएचएआई की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यातायात बहाल करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं।

# राम मंदिर मामले में विपक्ष कर रहा रोटियां सेकने का काम-अनुराग ठाकुर

**-एसआईटी जांच होने के बाद दूध का दूध पानी का पानी आ जाएगा सामने**
**-मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के लिए परिवर्तनकारी**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** विपक्षी दल वर्षों तक राम मंदिर निर्माण का विरोध करते रहे, वही अब मंदिर को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो उसके लिए एसआईटी का गठन किया जा चुका है, जांच भी होगी और दोषियों के खिलाफकार्रवाई भी की जाएगी। यह बात भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कही।

मंगलार को शहर आगमन पर अनुराग ठाकुर का जाजमऊ पुल पर भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अयोध्या राम मंदिर में चंदा चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में विपक्ष पर राजनैतिक रोटियां सेकने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने सदा रामभक्तों पर अत्याचार किया, रामभूमि आंदोलन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया। वो कभी राम मंदिर के पक्ष में नहीं थे, आज आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट ने ही एसआईटी जांच की मांग की है। हो जाने दीजिए। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को चिट्ठी लिखी है। उसमें निवेदन किया है कि एसआईटी का गठन किया जाए। इससे कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। ये ट्रस्ट का मामला है। मुझे लगता है कि अब एसआईटी की जांच रिपोर्ट को आने दीजिए। अनुराग ठाकुर ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को देश के लिए परिवर्तनकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष देश के सबसे बेमिसाल वर्षों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विकास, बुनियादी ढांचे, गरीब कल्याण, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में जितना काम किया है, उतना किसी भी पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया। उनका कहना था कि देश आज वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है और जनता लगातार भाजपा सरकार की नीतियों पर विश्वास जता रही है। पश्चिम बंगाल की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि वहां की स्थिति टीएमसी सरकार के प्रति बढ़ते असंतोष को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लंबे समय से लूट और भ्रष्टाचार की राजनीति चल रही थी। यही कारण है कि अब वहां के कई जनप्रतिनिधि पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सांसदों और नेताओं का दूसरी पार्टियों की ओर रुख करना टीएमसी के भीतर व्याप्त भय और असंतोष का संकेत है।

## शिक्षा मंत्री स्पष्ट कर चुके हैं सरकार का पक्ष

नीट परीक्षा को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा सांसद ने कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहले ही सरकार का पक्ष स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं के आयोजन में सेना और वायुसेना जैसी संस्थाओं की सहायता लेने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष बन सके। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है।

## जाति के नाम पर बांट रहे सपा मुखिया

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियर डॉलर इकोनामी बनने के पथ पर आगे बढ़ रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद योजना ने गांव-गांव में लोगों को रोजगार के अवसर देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा यहां पर एक्सप्रेस वे या फिर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की बात करें तो यूपी का अभूतपूर्व विकास हुआ है, वह भी तब हुआ जब भाजपा की सरकार आई। उत्तर प्रदेश में अत्याचार गुंडाराज भी तभी बंद हुआ जब भाजपा की सरकार बनी। साथ में माफिया राज का भी अंत हो गया है। पूर्व मंत्री ने कहा कि मोदी योगी की जोड़ी ने उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाया है। लोग वोट जाति के नाम पर नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए उत्तर प्रदेश और देश के विकास के लिए देंगे।

## महापौर ने दिखाई खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को हरी झण्डी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। श्री अमरनाथ यात्रा आगामी तीन जुलाई से शुरू होने जा रही है। इस यात्रा में शामिल होने वाले लाखों शिवभक्तों की सेवा के लिए कानपुर से सेवा का संकल्प रवाना हुआ। साकेत नगर स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस से नगर महापौर प्रमिला पांडेय और पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया ने शिव सेवक समिति द्वारा भेजी गई खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को झंडी दिखाकर रवाना किया। शिव सेवक समिति के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि उनकी समिति पिछले कई वर्षों से लगातार अमरनाथ यात्रियों की सेवा में समर्पित है। इस वर्ष भी भक्तों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखते हुए खाद्य पदार्थों और अन्य आवश्यक सामग्रियों से भरा दूसरा ट्रक नीलकंठ गेस्ट हाउस गौशाला से रवाना किया गया है। अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने प्रदेश और नगरवासियों से अपील की है कि वे पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ श्री अमरनाथ की यात्रा करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से यात्रा मार्ग पर भक्तों की सभी जरूरतों को शिव सेवक समिति निरंतर पूरा करती रहेगी। खाद्य सामग्री रवानगी के दौरान समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, हंगामा

**-लोगों का आरोप, कार्रवाई में किया गया भेदभाव**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को कल्याणपुर में लोगों ने भेदभाव का आरोप लगा हंगामा कर दिया। लोगों ने क्षेत्रीय पार्षदों पर पैसे लेकर फुटपाथ और सड़क किनारे दुकानें लगवाने आरोप लगाया। और विरोध करने वालों को निशाना बनाने के आरोप भी लगाए हैं। हालांकि संबंधित पार्षदों ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है।



केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के पनकी रोड स्थित नारी कला केंद्र में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में पहुंचे स्थानीय नागरिकों ने महापौर प्रमिला पांडेय के समक्ष शिकायत रखी कि क्षेत्र में सड़क और फुटपाथों पर अवैध रूप से दुकानें लगवाई जा रही हैं। इसके एवज में कुछ जनप्रतिनिधियों धन उगाही करते हैं। शिकायत मिलने के बाद महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने बंबा चौराहे से लेकर लोधेश्वर मंदिर तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे बने अवैध निर्माणों और दुकानों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अभियान में समान रूप से कार्रवाई नहीं की गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक दुकान और उसके सामने लगे टट्टर को तोड़ दिया गया, जबकि आसपास की अन्य दुकानों को केवल चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। नगर निगम अधिकारियों ने अन्य दुकानदारों को एक दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया। कार्रवाई से प्रभावित महिला दुकानदार सोहनी दीक्षित ने आरोप लगाया कि उनकी दुकान को जानबूझकर निशाना बनाया गया। उनका कहना है कि वह किसी को कोई पैसा नहीं देती हैं, इसलिए उनकी दुकान पर बुलडोजर चला दिया गया, जबकि अन्य लोगों को छोड़ दिया गया। उन्होंने कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# सपा ने सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया

**-जाजमऊ पुरानी चुंगी से हुआ पीडीए जनसंदेश यात्रा का शुभारंभ**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी द्वारा जाजमऊ पुरानी चुंगी से पीडीए जनसंदेश यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने की। पीडीए जनसंदेश यात्रा जाजमऊ पुरानी चुंगी से प्रारंभ होकर मककू शहीद का भट्टा, अशरफाबाद, मोती नगर, केडीए कॉलोनी, डिफेंस कॉलोनी सहित कैंट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पहुंची। इस दौरान सपा नेताओं ने घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं पीडीए के सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में पीडीए समाज के अधिकारों और भागीदारी पर लगातार चोट पहुंची है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में देरी, आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयास, शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों में कमी तथा बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का सबसे अधिक असर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों पर पड़ा है।



सरकार की नीतियों के कारण समाज के कमजोर वर्ग स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पीडीए जनसंदेश यात्रा केवल एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि समाज के पीड़ित, वंचित, शोषित, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर और नौजवान वर्गों की आवाज़ को बुलंद करने का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि कैंट मे भीषण गन्दगी, कूड़े के ढेर, दूषित पीने का पानी, टूटी सड़के, बिजली की आंख मिचौली, बिजली के बिलो मे नाजायज वसूली से जनता क्षुब्ध है। बेरोजगारी, मंहगाई से गरीबो की स्थिति भयावह है। यात्रा में प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, मुमताज मंसूरी, इशरत इराकी, आसिफ शाह, शबाब अबरार, जानकी वर्मा, शादाब आलम, दीपक खोटे, फैसल महमूद, नंदलाल जयसवाल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, लेदर कारोबारी की मौत

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। अहिरवां फ्लाईओवर पर रिश्तेदारी से पत्नी के साथ लौट रहे लेदर कारोबारी की बाइक अनियन्त्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कारोबारी की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हेलमेट पहनने के बावजूद कारोबारी की जान नहीं बच सकी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल में अस्पताल में भर्ती कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रूमा निवासी मनोज कुमार लेदर कारोबारी हैं। परिवार में पत्नी प्रेमा, बेटा शिवा व बेटियां श्रुति व शुभी है। मंगलवार सुबह कारोबारी मनोज पत्नी प्रेमा के साथ नौबस्ता स्थित रिश्तेदारी में गए थे। दोपहर में वह बाइक से घर लौट रहे थे। तभी अहिरवां फ्लाईओवर पर पहुंचते ही बाइक डिवाइडर से जा टकराई। हादसे के बाद राहगीरों ने दंपत्ति को सड़क पर पड़ा देखा। सूचना मिलने पर चकेरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को तत्काल कांशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी प्रेमा की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हैलट अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की तेज रफ्तार के कारण डिवाइडर से टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल महिला का अस्पताल में इलाज जारी है।

## खबर एक नजर



### त्रिदिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का हुआ समापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो भीतरगांव कानपुर। मंगलवार को विकासखंड भीतरगांव में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का समापन हुआ अंतिम दिवस जानकारी लेने के लिए ग्रामीणों की भींड जुटी रही। मेले में स्वास्थ्य विभाग समाज कल्याण विभाग महिला एवं बाल विकास पंचायत राज पूर्ति विभाग पशु पालन विभाग सहित समस्त विभागों के स्टाल लगाए गए थे अंतिम दिन स्टालों में ग्रामीणों की भींड जुटी रही अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लोगों का पंजीकरण करने का कार्य जारी रखा। इस दौरान एडीओ पंचायत मनोज उमराव चिकित्सा प्रभारी डॉ मनीष तिवारी सुधा सचान एडीओ अजीत सिंह अभिषेक यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### ब्लॉक प्रमुख ने किया केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान



घाटमपुर। जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले के दूसरे दिन घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने घाटमपुर ब्लाक परिसर में लगे केंद्र सरकार के विकास एवं जनविश्वास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने सरकार की जनकल्याण की योजनाओं को प्रदर्शित कर रहे 14 स्टालों में लाभार्थियों को योजनाओं के बारे जानकारी देने के साथ उन्हें प्रमाण पत्र भी दिए। साथ ही पात्र लोगों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया सुनिश्चित की। साथ ही बच्चों के अन्नप्राशन कराने के साथ 14 विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर जायजा लिया। साथ ही शासन की योजनाओं का बखान भी किया

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

घाटमपुर। थाना क्षेत्र के बंगला गोपालपुर में एक युवक के जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। बंगला गोपालपुर निवासी शैलेन्द्र ने बताया कि उसके भाई धर्मेंद्र सचान 45 स्वव जगदेव प्रसाद ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी हालत बिगड़ने पर उसे इजाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उसकी मौत होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### बस की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

घाटमपुर। मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के नौरंगा में इन्द्र प्रस्थ गार्डन के पास से गुजर रहे ई रिक्शा में तेज रफ़्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से परास निवासी ई रिक्शा चालक संतोष 40 पुत्र छोटे लाल घायल हो गया। जिसे इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ओबीसी अभ्यर्थियों को निशुल्क मिलेगा ओ लेवल का प्रशिक्षण

हमीरपुर। चाइल्ड फ्यूचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। संस्थान के प्रबंध निदेशक आनंद कश्यप ने बताया कि निएलिट से संबद्ध ओ लेवल कंप्यूटर कोर्स के अंतर्गत पात्र ओबीसी अभ्यर्थियों को एक वर्षीय प्रशिक्षण निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इस प्रशिक्षण के लिए इंटरमीडिएट (12वीं) उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु अभ्यर्थी की वार्षिक पारिवारिक आय ?1 लाख तक होनी चाहिए। डॉक्युमेंट्स -आधार कार्ड ,ओबीसी जाति प्रमाण पत्र ,आय प्रमाण पत्र ,निवास प्रमाण पत्र , इंटरमीडिएट , हाईस्कूल ,पासपोर्ट साइज फोटो ,मोबाइल नंबर इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र अपना पंजीकरण कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं। सीमित सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। चाइल्ड फ्यूचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीएफटीआई) माँ गौरा महाविद्यालय वाली गली, कुरारा रोड, हमीरपुर।

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का किया गया आयोजन

सुमेरपुर,हमीरपुर। आज गीता वाटिका सुमेरपुर में जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद की अध्यक्षता में प्रबुद्ध जनों का विकसित भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सदस्य विधान परिषद अविनाश सिंह चैहान रहे जनकल्याण के विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल बीत जाने के बाद विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के जानकारी के बारे में उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया आज के इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता हमीरपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद राठ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया ब्लॉक प्रमुख कुरारा, नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा आशारानी कबीर, आशीष पालीवाल ब्लॉक प्रमुख ब्लॉक प्रमुख जय नारायण शिवेंद्र सिंह उत्तम सिंह मुकेश प्रजापति यादव सियाराम विश्वकर्मा भार्गव मिश्रा अरिमर्दन सिंह अर्जुन सिंह रमाकांत सिंह जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव योगेंद्र दीक्षित आराधना राजपूत राखी शिवहरे साधना सिंह संध्या वर्मा सीमा वर्मा लालाराम निषाद लक्ष्य गुप्ता अमन धुरिया अमित सिंह सुनील द्विवेदी शरद चंदेल मोहित साहू आकाश त्रिपाठी अनूप सिंह इत्यादि सैकड़ों प्रबुद्ध जन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरनाथ यात्रा की खाद्य सामग्री को नगर महापौर ने झंडी दिखाकर किया रवाना

**3 जुलाई से प्रारंभ होगी पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा। अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू**



शिव सेवक समिति के द्वारा पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा के लिए कानपुर नगर से खाद्य सामग्री भरा ट्रक साकेत नगर स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस से नगर महापौर प्रमिला पाण्डेय एवं पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया तथा समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू के द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया समिति अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि विगत कई वर्षो से शिवसेवक समिति निरंतर श्री अमरनाथ यात्रा के भक्तों के लिए निरंतर कार्य कर रही है । समिति के अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू ने बताया कि खाद्य पदार्थों सहित अन्य सामग्रियों भरा दूसरा ट्रक नीलकंठ गेस्ट हाउस गौशाला से रवाना किया गया। उन्होंने प्रदेशवासियों समेत नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि आप बेफिक्र होकर श्री अमरनाथ की यात्रा करें आपकी आवश्यकता को शिव सेवक समिति बाबा बर्फानी के आशीर्वाद से निरंतर पूर्ण करेगी। अमर रथ यात्रा में खाद्य सामग्री रवाना होते समय अध्यक्ष शीलू वर्मा ने बताया कि पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में आये लाखों लाख भक्तों की पूर्ण सेवा शिव सेवक समिति पूर्ण की भांति बेहतर से बेहतर रूप से करेंगी। तथा पवित्र श्री अमरनाथ यात्रा में पिछले 5 वर्षो से मुस्लिम समुदाय के एकराम जी के द्वारा ट्रांसपोर्ट का ट्रक निशुल्क भेज रहे हैं। यह हिन्दू मुस्लिम एकता की अपने आप में मिसाल है। इस दौरान पदाधिकारी ने भूखे को अन्न प्यासे को पानी देते हैं बाबा अमरनाथ बर्फानी तथा हर हर महादेव बम बम भोले के जोरदार नारे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक सचान अनिल चतुर्वेदी स्रोत गुप्ता आनंद शर्मा तेज बहादुर वर्मा अमित वर्मा परशुराम शुक्ल प्रमोद त्रिपाठी अनुज यादव मनोज जायसवाल रवि यादव रितेश गुप्ता अशोक बाजपेई घनश्याम दास अग्रवाल शौर्य सिंह अमर शुक्ला एनसी कटिहार सनी गुप्ता अमरदीप अरोड़ा सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे

### विशेष अभियान के तहत सीएचसी भीतरगांव में आयुष्मान कार्ड बनना जारी

भीतरगांव कानपुर। सरकार द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए विशेष आयुष्मान कार्ड अभियान चलाया जा रहा जिसके तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड सीएचसी भीतरगांव में बन रहे जिससे बुजुर्गों को पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके। भीतरगांव सीएचसी प्रभारी डॉ मनीष प्रकाश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य सुरक्षा कवरेज को मजबूत करने तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से आच्छादित करने हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 15 मई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान चल रहा है। इसके तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों सहित सभी पात्र लाभार्थियों के कार्ड निःशुल्क बनाए जा रहे हैं।पात्र लाभार्थी किसी भी कार्यदिवस में एएनएम या आशा वर्कर से संपर्क कर सीएचसी पहुंच आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।



## अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह का शुभारंभ

चौबेपुर स्वतंत्र भारत ब्यूरो अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के शुभारंभ में 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालयएनिगोहा कानपुर नगर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर कप्तान सिंह के निर्देशन एवं चिकित्सालय के नोडल अधिकारी डॉक्टर विनय कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित योग सप्ताह का शुभारंभ आज दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तनु पांडेय जिला मंत्री कानपुर ग्रामीण एवं विशिष्ट अतिथि अमिताभ त्रिपाठी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चौबेपुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक सुमति देवी द्वारा उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य परंपरा है जो शारीरिकए मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



## शक्ति डिग्री कॉलेज के सेना में चयनित एनसीसी कैडेट्स का हुआ सम्मान

**भारतीय सेना में चयनित कॉलेज के 59 बी एन यूपी के एनसीसी कैडेट्स का सम्मान समारोह**

घाटमपुर। मंगलवार को श्री शक्ति डिग्री कॉलेजएसाखाहारी में भारतीय सेना में चयनित कॉलेज के 59 बी एन यूपी के एनसीसी कैडेट्स का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।जिस में भारतीय सेना में चयनित कॉलेज के छात्रों क्रमशः अनुज कुमारए मोहम्मद ओसामाए अभय पालए शशिकांत मिश्राए अर्पित सिंहए विवेक साहू अमित द्विवेदी हरीपुर को तालिया की गड़गड़ाहट के बीच आए हुए अतिथियो अनुपम शुक्लाए अनुराग यादवए अभिनव कुमारए राम किशोर मिश्र तथा महाविद्यालय के एनसीसी प्रभारी कैप्टन विवेक त्रिवेदीए कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने फूलमाला पहनकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी कैडेट्स साक्षी पटेल और आस्था दीक्षित ने किया। कैप्टन विवेक त्रिवेदी ने कहा कि श्री शक्ति डिग्री कॉलेज में 16 से अधिक छात्रों का चयन भारतीय सेना में हुआ है। महा विद्यालय प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन में लगातार उन्नति करने की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर श्याम जी शुक्लाए सत्येंद्र कुमार अग्निहोत्रीए राऊनंदन विद्यार्थीए दीप्ति सचान आदि भी मौजूद रहे।

## मकनपुर में कर्बला के शहीदों की याद में मजलिस का आयोजन

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)**

बिल्हौर दृ बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर इलियासपुर स्थित शिफाहत इमाम बारगाह में मजलिस का आयोजन किया गया। इस मौके पर दूर दराज से आए शायर व उलमाओं ने शिरकत की और अपनी अपनी अकीदत पेश की। शायर शोएब गाजी फराज जाफरी सय्यद सज्जाद हुसैन एवं मुनिफुल जाफरी ने कलाम पेश किया तो सुनने वाले वाह वाह करके झूम उठे। वहीं अंबेडकर नगर से आए मौलाना सय्यद अजीम रिजवी ने खिताब फरमाते हुए बताया हुसैनी वो जो हमेशा हक की बात करे और मजलूमो की मदद करे। हजरत इमाम हुसैन ने इंसानियत के लिए अपनी जान तक को कुर्बान कर दिया था उनकी कुर्बानी की मिसाल आज तक दी जाती है। मजलिस के अंत में इशरत हुसैन ने देश मे अमन चैन की दुआ की। इस अवसर पर शहीद हसनैन अरफात जाफरी शानू रिज़्वीए हशम अब्बास जैनुल हयात मुश्ताक रिज़वी मशकूर ज़ैदी मैकश रिज़वी काशिफ रिज़्वी समेत सैकड़ों की संख्या मे अकीदतमंद मौजूद रहे।

## कानपुर ग्रामीण प्रेस क्लब की बैठक संपन्न

**अनिल कुमार अग्निहोत्री पुनः अध्यक्ष निर्वाचित**



**बिल्हौर** कानपुर ग्रामीण प्रेस क्लब की एक अहम बैठक सोमवार को कृष्णानगर स्थित क्लब कार्यालय में सौहार्दपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पत्रकारों के हितों की रक्षा तथा संगठनात्मक विस्तार को लेकर गहन विचार.विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार अग्निहोत्री को पुनः क्लब का अध्यक्ष चुना गया। उनके दोबारा अध्यक्ष निर्वाचित होने पर उपस्थित पत्रकारों और पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल दिखा। सभी ने फूल.मालाओं से उनका भव्य स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की गरिमा को बनाए रखते हुए पत्रकारों के अधिकारों और हितों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने संगठन को एकजुट और मजबूत बनाने का भी संकल्प लिया। बैठक में घोषित नई कार्यकारिणी में राम नरेश यादव को संरक्षक मुजीब खान को उपाध्यक्ष रामप्रकाश पाल को महामंत्री अनुराग द्विवेदी को विधि सलाहकार मनोज कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष आशीष कुमार द्विवेदी को ऑडिटर कसीम खां को सचिव डॉण् संजय त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी अनूप कुमार वर्मा को संयुक्त मंत्री राघवेंद्र यादव को संगठन मंत्री चौबेपुर ब्लॉक तथा अरविन्द सिंह को संगठन मंत्री ककवन ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर कीर्तिमान द्विवेदी अभिषेक द्विवेदी प्रद्युम्न कटियार अभिनव अग्निहोत्री सहित क्षेत्र के अनेक पत्रकार और संगठन के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को और अधिक सक्रियए संगठित और प्रभावी बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

### पथराव व हवाई फायर में पति व पत्नी को पुलिस ने भेजा जेल



घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के कोटरा मकरंदपुर में सोमवार की दोपहर बाद जमीनी विवाद को लेकर वृद्ध पर पथराव कर घायल करनेए तमंचे से हवाई फायरिंग करने वाले दंपति को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेजा है।कोटरा मकरंदपुर निवासी जागराज व उनका बेटा विक्रम निषाद मकान का निर्माण करा रहे थे। वह तभी जीत कुमार व उसकी पत्नी रामगीता अनावश्यक गाली गलौज करने लगे। फिर जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों पर पथराव कर दिया। जिससे पिता को गम्भीर चोट आई थी। इसके बाद जान से मारने की नीयत से तमन्चे से पिता पर फिर उस पर भी जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया था। पुलिस ने आरोपी जीत कुमार व उसकी पत्नी को तमंचा समेत गिरफ्तार कर लिया था। थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि आरोपी दंपति को पथराव व हवाई फायरिंग करने के मामले में जेल भेजा गया है।

## ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर-उपेन्द्र पासवान



**ऽ केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घाटमपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित जनकल्याण शिविर में बोलते हुए भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा**

घाटमपुर। केंद्र के 12 व प्रदेश सरकार के 7 साल पूरे होने पर घाटमपुर ब्लॉक परिसर में 14 जून से लगे जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का समापन 16 जून को भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने किया। उन्होंने इस मौके पर शिविर में आए लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनहित कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आज जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ बिना भेद भाव के समाज की अन्तिम पंक्ति में बैठे लोगों को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल उत्सव नहीं बल्कि उन ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन.जन तक पहुंचाने का अवसर हैए जिन्होंने भारत के विकास की दिशा और दशा दोनों को बदलने का कार्य किया है ।उन्होंनेसरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण के इस अभियान को घर.घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।घाटमपुर ब्लॉक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने कहा किए यह शिविर सरकार की जनसेवाए सुशासन और अंत्योदय की भावना का प्रतीक है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकासए सुरक्षा और सुशासन के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस मौके खंड विकास अधिकारी आशीष मिश्राए ग्राम पंचायत सचिव व जिला मीडिया प्रभारी मयंक अवस्थीएआदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**कानपुर विकास प्राधिकरण**

विज्ञप्ति: [illegible]

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-2)

**कार्यालय-उप जिलाधिकारी बिलग्राम जनपद हरदोई।**

पत्रांक-178 / मत्स्य आखेट सूचना / 2026-27 दिनांक-11.06.2026

**पट्टा/नीलामी सूचना**

[illegible]

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | खंड-01 | कटरी बिलुहरी से राजघाट तक आर पार | 5.00 | 16.50 | 1.65 |
| | खंड-02 | राजघाट से देवीपुरवा मजरा कटरी तेरवाकुल्ली तक आर पार | 5.00 | 4.125 | 0.4125 |
| | खंड-03 | देवीपुरवा मजरा कटरी तेरवाकुल्ली से माहिमपुर तक आर पार | 5.00 | 1.485 | 0.1485 |
| | खंड-04 | माहिमपुर से आहुर पवार जनपद हरदोई की सीमा तक आर पार | 5.00 | 1.32 | 0.132 |

[illegible]

सहायक निदेशक मत्स्य हरदोई। | उप जिलाधिकारी बिलग्राम, जनपद हरदोई।

उ0प्र0 252579 दिनांक- 15.06.2026 Website: www.upgov.nic.in

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- इटावा**

पत्रांक- 218 / ग्रा0अ0वि0 / लेखा / निविदा सूचना / 2026-27 दिनांक- 02.06.2026

**निविदा सूचना**

[illegible]

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | डिपोजिट | | | | | | |
| 1 | इटावा | [illegible] | 4.23 | 0.10 | 770.00 | 03 Month | [illegible] | [illegible] |

[illegible]

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड- इटावा
श्री राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

उ0प्र0 252669 दिनांक- 16.06.2026 Website: www.upgov.nic.in

### बुजुर्ग पुजारी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बिंदकी सीएचसी से रेफर

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। कल्पना गांव निवासी स्व. देवी चरण के 70 वर्षीय पुत्र रघुनाथ गांव में ही स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में लंबे समय से पुजारी है। बीती रात जब वे लघुशंका के लिए निकले थे, तभी मुख्य मार्ग पर यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने उन्हें तुरंत बिंदकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल भेज दिया है। अस्पताल में मौजूद पुजारी की बहू रामकांति ने बताया कि पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

सौरभ मिश्रा हत्याकांड

## बसपा ने पीड़ित परिवार के लिए मांगी 50 लाख की आर्थिक सहायता और गैंगस्टर की कार्रवाई

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** हरिहरगंज में हुए चर्चित सौरभ मिश्रा उर्फ राजा मिश्रा हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों में लगातार आक्रोश देखा जा रहा है। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एड. के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के आवास पर पहुंचा। बसपा नेताओं ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुख की घड़ी में परिवार को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत सौरभ मिश्रा को श्रद्धांजलि देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।अ

बसपा नेताओं ने आरोप लगाया कि बीते 11 जून की रात करीब 10 बजे एक सोची-समझी साजिश के तहत सौरभ मिश्रा की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी, जिसकी पुष्टि घटनास्थल के पास मिले सीसीटीवी फुटेज से भी हो रही है। इस जघन्य वारदात को जिले की कानून-व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती बताते हुए बसपा जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार से मांग की है कि मृतक की पत्नी को तत्काल 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, विधवा पेंशन और परिवार को अन्य आवश्यक सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

इसके साथ ही बसपा प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन से इस पूरे मामले की हर पहलू से निष्पक्ष व गहन जांच कराने का आग्रह किया है। उन्होंने सभी नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने और उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बसपा इस न्याय की लड़ाई में हर स्तर पर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष महेश मिश्रा, बिंदा प्रसाद द्विवेदी, अभिषेक प्रताप सिंह, सूर्यपाल लोधी, चंदन सिंह लोधी और गाजी अब्दुल रहमान आदि मौजूद रहे।

# भिटौरा ब्लॉक में जन कल्याण शिविर आयोजित

**- अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रहा योजनाओं का लाभ- अन्नू श्रीवास्तव**



**हुसैनगंज (फतेहपुर)।** विकास खंड भिटौरा परिसर में मंगलवार को जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन और गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में लगाए गए कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, स्वास्थ्य, बाल विकास, समाज कल्याण और बैंक सहित विभिन्न विभागों के स्टॉलों का बारीकी से अवलोकन किया। शिविर में बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी करते हुए उन्हें पोषाहार की पोटली भेंट की।

भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में संचालित जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाया है। सरकार का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प आज धरातल पर पूरी तरह साकार हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न जन कल्याणकारी और लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

केंद्र सरकार के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून तक चलाए जा रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्रेरणा से संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत मुख्य अतिथि ने परिसर में पौधे रोपे और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कुलदीप भदौरिया, रामप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिंह सेंगर, खंड विकास अधिकारी भिटौरा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन ने कराया शरबत वितरण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा आईटीआई रोड स्थित अलंकार गार्डन में एक विशाल शीतल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्तमान में चल रही भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच आयोजित इस सेवा कार्य से सैकड़ों राहगीरों, श्रद्धालुओं और आम लोगों को बड़ी राहत मिली।फाउंडेशन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा के साथ सुबह से ही एकत्रित हुए लोगों को शरबत वितरित कर मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने बड़े मंगल के धार्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परोपकार ही भारतीय संस्कृति की असली पहचान है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. अमित मिश्रा नीटू, राम प्रताप सिंह गौतम, धनंजय द्विवेदी, संजय लाला, लाल त्रिपाठी और सुनील दुबे आदि मौजूद रहे।

## वनों की कटाई के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान जारी



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। केंद्र सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार के 161 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की मंजूरी दिए जाने के बाद वहां के घने जंगलों से करीब डेढ़ करोड़ पेड़ों की संभावित कटाई और स्थानीय आदिवासी समुदायों के विस्थापन के विरोध में कांग्रेस पार्टी मुखर हो गई है। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी जन हस्ताक्षर अभियान के तहत मंगलवार को फतेहपुर के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण कस्बों तक व्यापक अभियान चलाया गया और आम जनता का समर्थन जुटाया गया।

शहर के महाजरी मोहल्ले में नगर सचिव शकीला बानो, हरिहरगंज में अजय बच्चा व कौशल कुमार शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में और सैय्यदवाड़ा में वकील खान के नेतृत्व में बैनर लगाकर लोगों से हस्ताक्षर कराए गए। वहीं, खागा तहसील परिसर में कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी और शहर अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ गुड्डा की अगुवाई में बड़ा अभियान चला, जहां तहसील आए ग्रामीणों और कस्बाई नागरिकों ने बढ़-चढ़कर अपने हस्ताक्षर दर्ज कराए। इस अवसर पर पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, प्रकाश पांडेय और कलीम उल्ला सिद्दीकी आदि कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### आवास विकास में भंडारे का आयोजन, उमड़ा जनसैलाब

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। ज्येष्ठ माह के पवित्र बड़े मंगल के अवसर पर मंगलवार को शहर के आवास विकास स्थित पेट्रोल पंप के पास एक रेस्टोरेंट एवं पार्टी हॉल में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सामाजिक आयोजन में सुबह से ही बजरंगबली के दर्शन और प्रसाद ग्रहण करने के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा परिसर श्जय बजरंगबलीश् के उद्घोष से गुंजायमान रहा।
भंडारे का शुभारंभ भगवान हनुमान जी के विधिवत पूजन-अर्चन, महाआरती और लोक कल्याण की कामना के साथ किया गया। इसके उपरांत शुरू हुआ प्रसाद वितरण का सिलसिला देर शाम तक निरंतर चलता रहा। आयोजन को सफल बनाने में आर्यन सिंह चैहान और अभय सिंह गौतम ने अपनी टीम के साथ मुख्य भूमिका निभाई। वे दिनभर श्रद्धालुओं के बैठने और सुचारू रूप से प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभालते नजर आए। इस मौके पर अभिषेक सिंह चैहान, मोहित सिंह चैहान, प्रशांत सिंह गौतम और हरिओम भदौरिया आदि सेवादार उपस्थित रहे।

### जिला भाजपा कार्यालय में अब प्रतिदिन होगी जनसुनवाई

- समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए रोस्टर लागू

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक बड़ी पहल की है। पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार, जेल रोड स्थित जिला भाजपा कार्यालय में अब प्रत्येक दिन नियमित रूप से जनसुनवाई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत सप्ताह के सातों दिन निर्धारित पदाधिकारी कार्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे। वे सीधे जनता की शिकायतें सुनेंगे और उनके निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पैरवी व कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन में सेवा, समर्पण और जनसंपर्क की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पार्टी आम जनता की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, इसीलिए सभी जिला पदाधिकारियों को दिवस प्रभारी के रूप में अलग-अलग दिनों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वयं जिलाध्यक्ष प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनेंगे, जिनके साथ जिला उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह और कार्यालय प्रभारी ओम मिश्रा भी मौजूद रहेंगे।रोस्टर के अनुसार, मंगलवार को अपर्णा सिंह गौतम, मधुरराज विश्वकर्मा, ओमप्रकाश पाल व गौरव शुक्ला जनसुनवाई की कमान संभालेंगे। बुधवार को पंकज त्रिवेदी, रेखा पासवान, धर्मेंद्र सिंह व विवेक श्रीवास्तव धीरू, गुरुवार को सुशीला मौर्य, कुलदीप भदौरिया, विमलेश पांडे व प्रसून तिवारी को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार शुक्रवार को पुष्पराज पटेल, अरिमर्दन सिंह, उमेश गुप्ता व सुमित द्विवेदी, शनिवार को उदय लोधी, पंकज त्रिपाठी व राजबहादुर पासवान तथा रविवार को नीरज सिंह, संतोष गुप्ता, सुनीता गुप्ता व अखिलेश कुमार दिवस प्रभारी के रूप में उपलब्ध रहेंगे। संगठन का मानना है कि इस व्यवस्था से नागरिकों को अपनी बात सीधे सत्ताधारी दल के प्रमुख पदाधिकारियों तक पहुंचाने का एक सुगम माध्यम मिलेगा।

## यमुना स्नान के दौरान डूबे दो सगे मासूम भाई

- एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जाफरगंज थाना क्षेत्र के बिंदौर घाट पर मंगलवार की सुबह एक बेहद हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहां यमुना नदी में स्नान करने गए दो मासूम बच्चे पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय गोताखोरों और नाविकों की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर तक एक बालक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दूसरे लापता बच्चे की तलाश में देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाता रहा।पुलिस के अनुसार, जाफरगंज निवासी योगेश मंगलवार सुबह करीब 10 बजे अपने भतीजे ऋषभ मिश्रा (11 वर्ष), पुत्र अभिषेक मिश्रा और ऋषभ के मौसेरे भाई प्रतीक पांडे (12 वर्ष), पुत्र प्रमोद पांडे (निवासी चांदपुर) को साथ लेकर बिंदौर घाट पर यमुना नदी में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों बच्चे अचानक गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। बच्चों को डूबता देख योगेश ने शोर मचाया, जिसके बाद पास में पशु चरा रहे जयनारायण और देशराज निषाद नदी में कूदे। काफी प्रयासों के बाद ऋषभ को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। लापता बालक प्रतीक पांडे के परिजनों ने बताया कि उसके पिता गाजियाबाद में कार्यरत हैं और प्रतीक गर्मियों की छुट्टियों में अपनी मौसी के घर जाफरगंज घूमने आया हुआ था। बताया जा रहा है कि दोनों बच्चे अपने-अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे, जिससे पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मौके पर पहुंचे जाफरगंज थाने के उपनिरीक्षक कमलेश कुमार ने बताया कि फायर ब्रिगेड और स्टीमर चालकों की मदद से नदी में व्यापक खोजबीन कराई जा रही है।

## शहीदों के नाम पर दर्ज हों जिले के स्मारक व मार्ग- विद्या भूषण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पूर्व सैनिक उत्थान एवं लोक कल्याण समिति की मासिक बैठक मंगलवार को तहसील परिसर में कैप्टन रामराज सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत असम के जोरहाट में हुए भारतीय वायुसेना के विमान हादसे में शहीद हुए पांच जांबाज सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। वहां उपस्थित पूर्व सैनिकों ने दो मिनट का मौन रखकर स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइंग लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीर खेमापराम तथा दानिश आलम की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी ने कहा कि फतेहपुर की धरती ने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर आज तक देश को सैकड़ों वीर योद्धा दिए हैं, जो कीर्ति चक्र जैसे प्रतिष्ठित सैन्य अलंकरणों से सम्मानित हो चुके हैं। इसके बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिले की किसी भी मुख्य सड़क, प्रवेश द्वार या सार्वजनिक स्थल का नाम इन शहीदों के नाम पर नहीं है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की कि वे इस दिशा में गंभीर पहल करें। समिति जल्द ही विशिष्ट सैन्य सम्मान प्राप्त शहीदों की सूची तैयार कर प्रशासन को सौंपेगी ताकि उनके नाम पर स्मारकों का निर्माण कराया जा सके।

### अज्ञात ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सदर कोतवाली क्षेत्र के असनी गडरियन पुरवा गांव निवासी रामनाथ पाल (65 वर्ष) अपने 21 वर्षीय पुत्र जितेंद्र के साथ किसी काम से ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव गए थे। वापस लौटते समय नई तहसील चैराहे के पास यह हादसा हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने पुत्र जितेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजने की सलाह दी, जबकि गंभीर चोटों के कारण पिता रामनाथ पाल को अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया। अस्पताल में मौजूद रामनाथ की पत्नी रामरती ने घटना की पुष्टि की है।

## एंटी भूमाफिया बैठक में डीएम सख्त, अवैध कब्जेदारों पर होगी कानूनी कार्रवाई

**- एक हफ्ते में मांगी रिपोर्ट**

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए सभी नगरीय निकायों के अधिशाषी अधिकारियों और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी को निर्देश दिए कि सरकारी जमीनों, तालाबों व पंचायत की संपत्तियों पर किए गए अवैध कब्जों को विशेष अभियान चलाकर तत्काल खाली कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप भूमाफियाओं और अवैध कब्जेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब तक कब्जामुक्त कराई गई जमीनों की विस्तृत सूची एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सरकारी संपत्तियों को बचाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों सहित संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर डिप्टी सीएम से मिले मेडिकल कॉलेज के इंटर्न्स

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अल्लीपुर स्थित जोधा सिंह अटैय्या मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस इंटर्न्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। छात्रों ने डिप्टी सीएम को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी इंटर्नशिप स्टाइपेंड (मानदेय) को बढ़ाने की पुरजोर मांग की। इंटर्न्स का कहना है कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस इंटर्न्स को मात्र 12,000 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जा रहा है, जो बढ़ती महंगाई और उनकी दैनिक आवश्यकताओं की तुलना में बेहद कम है।उपमुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि एमबीबीएस इंटर्न्स अस्पतालों में वार्ड ड्यूटी, इमरजेंसी सेवाएं, नाइट ड्यूटी, मरीजों की चैबीसों घंटे निगरानी और विभिन्न जटिल चिकित्सीय कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश में मिलने वाला मानदेय देश के अधिकांश राज्यों की तुलना में सबसे निचले स्तर पर है। छात्रों ने मांग की है कि उनका स्टाइपेंड बढ़ाकर कम से कम 30,000 रुपये प्रति माह किया जाए, ताकि वे आर्थिक चिंताओं से मुक्त होकर मरीजों की और बेहतर सेवा कर सकें।

ज्ञापन में इस बात का भी विशेष उल्लेख किया गया कि ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और असम जैसे राज्यों में एमबीबीएस इंटर्न्स को 30,000 रुपये से अधिक का स्टाइपेंड दिया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के इंटर्न्स ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनके इस जीवन-यापन के संकट पर सकारात्मक विचार करते हुए जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेगी, जिससे हजारों भावी चिकित्सकों को बड़ी राहत मिलेगी। उपमुख्यमंत्री से मिलने वाले इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रॉबिन यादव, सत्यम, सोहराब अली, रीजू, आकाश और पारस आदि शामिल रहे।

- अमौली ब्लॉक में जन कल्याण शिविर आयोजित

## योजनाओं से संवर रहा अंतिम व्यक्ति का जीवन-विधायक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद के सभी विकास खंडों में जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन और गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में विकास खंड अमौली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने शिविर में लगे कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन कराया, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर पोषाहार की पोटली सौंपी और विभिन्न योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाया है। सरकार का सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प आज धरातल पर पूरी तरह साकार हो रहा है। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ब्लॉक प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग- श्री जी एन्क्लेव इलेवन और टीचर्स 11 सुपर सिक्स में पहुंचे

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बांदा-सागर रोड स्थित ग्रीन बॉक्स ग्राउंड में आयोजित ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग सीजन-1 के लीग चरण के मुकाबले रोमांचक मोड़ पर पहुँच गए हैं। बीते सोमवार को खेले गए मैचों के बाद श्री जी एन्क्लेव इलेवन और टीचर्स 11 ने सुपर सिक्स चरण में अपनी जगह पक्की कर ली। दिन के पहले मुकाबले में श्री जी एन्क्लेव इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 113 रन बनाए, जिसे रंगदार नाइन ने यश के शानदार हरफनमौला खेल (नाबाद 36 रन व 1 विकेट) की बदौलत 11.1 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। यश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। हार के बावजूद श्री जी एन्क्लेव इलेवन ने बेहतर नेट रन रेट के आधार पर सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई किया।
दूसरे मैच में टीचर्स 11 ने पहले खेलते हुए 12 ओवर में 97 रन बनाए, जिसके जवाब में द लीग लायंस इलेवन की टीम 9.5 ओवर में मात्र 69 रनों पर ढेर हो गई। टीचर्स 11 ने यह मैच 28 रनों से जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। टीम की जीत के नायक प्रवीर रहे, जिन्होंने 12 रन बनाने के साथ ही मात्र 17 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। इस रोमांचक खेल के दौरान डॉ. ज्ञानेन्द्र सचान ज्ञानू, आशीष शुक्ला जीतू, शोबी क़ासिम, राजकुमार शर्मा और देवेन्द्र प्रकाश द्विवेदी सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

- गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को बेहद गंभीरता से सुना। इस दौरान फरियादियों ने मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक कलह, आपसी मारपीट, धोखाधड़ी तथा पुलिस थानों से संबंधित अन्य शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कीं। प्रत्येक प्रार्थना पत्र का बारीकी से अवलोकन करते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों और क्षेत्राधिकारियों को सभी मामलों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे पीड़ित को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें और की जा रही प्रगति से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराते रहें।

### टीवीएस रेडर ने स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स के साथ की साझेदारी

**कानपुर।** नई पीढ़ी के राइडरों के लिए भारत की स्टाइलिश मोटरसाइकल टीवीएस रेडर ने टाइटल पार्टनर के रूप में स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स 2026 के साथ साझेदारी की है। यह भारत के युवा एवं स्टाइल के प्रति सजग उपभोक्ताओं के साथ ब्राण्ड के जुड़ाव को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अपने खास डिज़ाइन, परफोर्मेन्स एवं युवाओं को लुभाने वाले अंदाज़ के लिए मशहूर टीवीएस रेडर ऐसी पीढ़ी के साथ जुड़ी रही है, जो स्व-अभिव्यक्ति और प्रमाणिकता को महत्व देते हैं। भारत के अग्रणी स्टाइल प्लेटफॉर्म्स में से एक के साथ एसोसिएशन के द्वारा ब्राण्ड ने उन दर्शकों के साथ जुड़ने का लक्ष्य रखा है, जिनके लिए स्टाइल फैशन के दायरे से बढ़कर रोज़मर्रा के पसंदीदा विकल्पों तक जाता है और इन विकल्पों में उनकी पसंदीदा मोटरसाइकलें भी शामिल हैं। इस साझेदारी के तहत टीवीएस रेडर एक राष्ट्रव्यापी सोशल कॉन्टेस्ट रेडदकार्पेट भी लेकर आए हैं, जिसके द्वारा टीवीएस रेडर के मालिकों को मोटरसाइकल के साथ-साथ अपना पर्सनल स्टाइल दिखाने का मौका भी मिलता है। इस कॉन्टेस्ट के तहत चुनिंदा प्रतिभागियों को मुंबई में आयोजित स्टाइल आइकन अवॉर्ड्स में हिस्सा लेने का खास मौका मिलेगा और वे इवेंट के ग्लैमर एवं रोमांच का अनुभव पा सकेंगे।

### सौरभ मिश्रा मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- पिता और दो बेटों समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। शहर के हरिहरगंज क्षेत्र में एक अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने हुई मारपीट के बाद युवक सौरभ मिश्रा उर्फ राजा की मौत के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या के आरोप में नामजद तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक पिता और उसके दो बेटे शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को सक्षम न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक व न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।
पुलिस के अनुसार, हरिहरगंज निवासी संत कुमार मिश्रा ने कोतवाली सदर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि 11 जून की रात करीब 10 बजे उनके पुत्र सौरभ के साथ ननकू गुप्ता, रोशन गुप्ता और भिक्खू गुप्ता ने पुरानी रंजिश या विवाद को लेकर बेरहमी से मारपीट की थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दबिश देकर रोशन गुप्ता उर्फ आशीष कुमार, आनंद किशोर गुप्ता उर्फ भिक्खू तथा श्यामकिशोर गुप्ता उर्फ ननकू गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उनका उद्देश्य हत्या करना नहीं था, बल्कि आपसी कहासुनी बढ़ने पर मारपीट हुई थी, जिसके बाद युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया था।

### कंपोजिट विद्यालय की खिड़की तोड़कर पांच बोरी गेहूं चोरी

- प्रधानपति ने लगाया आरोप

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अजनई कंपोजिट विद्यालय में एक बार फिर अज्ञात चोरों द्वारा दुस्साहसिक ढंग से चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। चोरों ने स्कूल के पिछले हिस्से की खिड़की को उखाड़ दिया और भीतर दाखिल होकर मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) के लिए रखी पांच बोरी गेहूं पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया, जिसके बाद प्रधानाध्यापक ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।
विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शमशेर अली और ग्राम प्रधान पति दीप नारायण मौर्य ने स्कूल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यहां पहले भी राशन, बर्तन और गैस सिलेंडर चोरी हो चुके हैं। प्रधानपति का दावा है कि वास्तव में करीब 25 बोरी गेहूं गायब हुआ है, जबकि स्कूल प्रशासन केवल पांच बोरी की बात कह रहा है, इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। दूसरी ओर, प्रधानाध्यापक नसीरुद्दीन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चोरी की तत्काल सूचना खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह और स्थानीय पुलिस को दे दी गई थी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

### प्रयागराज में 19 जून को लगेगा मंडलीय वृहद रोजगार मेला

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत आगामी 19 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज में एक दिवसीय श्मंडलीय वृहद रोजगार मेलेश् का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य एवं जिला समन्वयक ने फतेहपुर के युवाओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस मेगा रोजगार मेले में प्रयागराज मंडल के सभी जनपदों के आईटीआई उत्तीर्ण और कौशल विकास मिशन से प्रशिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के शानदार अवसर मिलेंगे। इस मेले में देश और प्रदेश की 50 से अधिक नामचीन औद्योगिक कंपनियां और वित्तीय संस्थान प्रतिभाग कर रहे हैं, जो मौके पर ही योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उन्हें विभिन्न पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। मेले में मुख्य रूप से एलएंडटी फाइनेंस, फ्लिपकार्ट, बारबेक्यू नेशन, स्विगी, वर्धमान, जेप्टो, एलआईसी, हैवेल्स, ब्लिंकिट, लावा और टीवीएस मोटर्स जैसी कंपनियां भर्ती प्रक्रिया संपन्न करेंगी। फतेहपुर के तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं से अपील की गई है कि वे समय से नैनी पहुंचकर इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

### ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर गंभीर रूप से घायल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ रोड पर चैफेरवा गांव के समीप एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने साइकिल सवार किशोर को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किशोर साइकिल सहित सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से लहूलुहान हो गया।जानकारी के अनुसार, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी अली का 14 वर्षीय पुत्र तौफीक अपनी साइकिल से किसी घरेलू कार्य के लिए शहर आ रहा था। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल किशोर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के दौरान ही परिजन बेहतर इलाज की उम्मीद में उसे एक निजी एम्बुलेंस के जरिए शहर के किसी निजी अस्पताल ले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

टहलते समय पैर फिसलने से युवक गहरे कुएं में गिरा, हालत नाजुक

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के सैनीपुरा गांव में एक दर्दनाक वाकये में कुएं की जगत पर पैर फिसल जाने के कारण एक 30 वर्षीय युवक गहरे कुएं में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कुएं से चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों और ग्रामीणों ने कड़े प्रयास के बाद युवक को रस्सी के सहारे बाहर निकाला और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## समझौते की राह

पश्चिम एशिया में तीन महीने से ज्यादा समय से चल रही जंग रुकने की स्थिति का दावा किया जा रहा है। अमेरिका और ईरान ने इसे लेकर समझौता होने की पुष्टि भी कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समझौते को लेकर काफी आशान्वित हैं। उन्होंने यह खबर आने के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की घोषणा कर दी। हालांकि समझौते पर आधिकारिक रूप से मुहर शुक्रवार को लगेगी लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के उत्साह से लगता है कि उन्हें अपनी कूटनीति तथा इस हाथ ले-उस हाथ दे की समझ पर ज्यादा भरोसा है। उनकी क्षमता पर सोचने की वजह भी है। समझौते पर ईरान के उप विदेश मंत्री द्वारा दिलवाए गए बयान में कहा गया है कि उनका देश अंतिम समझौते के लिए प्रस्तावित साठ दिनों की वार्ता अवधि में तभी प्रवेश करेगा जब वह युद्ध करने, नाकेबंदी हटाने और ईरानी 'संपत्तियों' को जारी करने संबंधी वॉशिंगटन की प्रतिबद्धताओं का सत्यापन कर लेगा। केवल यह बयान ही समझौते के भविष्य को सवालों के घेरे में ले आता है। इन तीन महीनों के दौरान जब भी किसी शांति वार्ता या युद्धविराम की बात उठी तो दोनों में से किसी एक देश द्वारा कोई ऐसा कदम उठा लिया गया कि समूची प्रक्रिया जहां की तहां रह गई और जंग एक कदम और आगे बढ़ गई। हालांकि खुद राष्ट्रपति ट्रंप किसी बात पर अपना रुख तो जाहिर करते हैं लेकिन ज्यादा समय तक उस पर टिक नहीं पाते। उदाहरण के लिए जब वह कहते हैं कि युद्ध खत्म करने या युद्धविराम को लेकर सहमति बन सकती है लेकिन अगले ही दिन इसके उलट या भ्रम पैदा करने वाला कोई और बयान दे देते हैं। समस्या केवल अमेरिकी राष्ट्रपति को लेकर ही नहीं है। बल्कि ईरान के पास भी इतनी आशंकाएं और आपत्तियां हैं कि वह किसी नतीजे तक पहुंचने के लिए अनिच्छुक दिखाई देता है। ताजा समझौते को लेकर दोनों पक्ष दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में संयम और समझदारी से काम लें तो पश्चिम एशिया का जबर्दस्त तनाव खत्म करने में मदद मिल सकती है पर इसके लिए दोनों को अपना दृष्टिकोण उदार बनाने की जरूरत होगी। इस तनाव में एक तीसरा देश इजरायल भी शामिल है जो ट्रंप की खिन्नता के कारण पिछले कुछ समय से चुप है लेकिन ईरान से उसकी दुश्मनी छिपी नहीं है। उसने ताजा समझौते से खुद के अलग रहने की घोषणा कर दी है। यानी वह टकराव जारी रखेगा। वैसे भी लंबे समय से वह ईरान को किसी न किसी तरह गहरी चोट पहुंचाता रहा है। ऐसे में देखने की बात होगी कि पश्चिम एशिया में इन तीनों देशों के बीच कौन सा समीकरण आकार लेता है। खाड़ी देशों के लिए भी जरूरी है कि अमेरिका और ईरान तनाव खत्म करें।

## एक और धमाका

जोखिम के किसी भी काम में लापरवाही बरतना कभी न कभी जानलेवा साबित होता है। यह केवल वक्त की बात होती है कि हादसा कब घटता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि संबंधित लोग कितने समर्थ हैं। लखनऊ के नगराम में एक पटाखा फैक्टरी में हुआ हादसा इसी बात को एक बार फिर साबित कर गया है। समस्या यह है कि पटाखा फैक्टरियों में अक्सर जानलेवा हादसे होने के बाद भी लोग सबक नहीं लेते। जिस फैक्टरी में धमाका हुआ उसे अवैध तो नहीं कहा जा सकता क्योंकि उसका लाइसेंस था लेकिन सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही ने वहां काम कर रही एक महिला की जान ले ली। वहां अग्निसुरक्षा उपकरण नहीं थे और बिना मानक पूरे किए हुए फैक्टरी चलाई जा रही थी। ऐसी बेफिक्री के बीच वहां कुंतलों बारूद और पटाखे डंप किए गए थे। पटाखे अपने आप में बेहद नाजुक-संवेदनशील पदार्थ होते हैं। पिछले सात सालों के दौरान लखनऊ में इनके विस्फोट और उनमें लोगों की मौतें होने के बारह हादसे हो चुके हैं। यह इस व्यवसाय से जुड़े लोगों के सतर्क और सावधानी के साथ काम करने के लिए काफी होना चाहिए था लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि ऐसा नहीं हो रहा है। इसी का नतीजा नगराम हादसे के रूप में सामने आया जहां हुआ विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि मलबे के टुकड़े दो सौ मीटर दूर तक गिरे। अभी तक जितनी भी ऐसी घटनाएं हुई हैं, उनमें भी यही बात सामने आई है कि पटाखे बनाने और तैयार माल का भंडारण करने में जरूरी नियमों का पालन न करते हुए एहतियात नहीं बरता गया। इसी वजह से हल्की सी चिंगारी ने भी पटाखों के तैयार माल को धधका दिया जिससे बच्चों और महिलाओं समेत काम में लगे लोगों की जानें तो गईं ही, घर की इमारतें भी खंडहर में तब्दील हो गईं। ऐसे में इन फैक्टरियों से जुड़े लोगों को तो पूरे समय सावधानी बरतने का ध्यान रखने के साथ बचाव के जरूरी इंतजाम भी करने चाहिए, संबंधित विभागों को भी बराबर निरीक्षण करते रहना चाहिए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**ईरान -अमेरिका ने किया ऐतिहासिक समझौता**
अब बाकी बचे देश लड़ना शुरू कर सकते हैं!
**राममंदिर ट्रस्ट घोटाले में एसआईटी जांच शुरू**
छोटी मछलियां फंसेंगी तभी मगरमच्छ बचेंगे!
**भारत में वेलनेस अब शौक नहीं,नयी जीवनशैली**
बकाया लोग मुफ्त राशन की लाइनों में लगे हैं!
**नीट री-एक्जाम पेपर लीक के नाम साइबर ठगी**
डिजिटल इंडियंस हर क्षेत्र में नाम कमा रहे हैं!
**इजरायल हमास युद्ध में मरे हज़ारों फिलिस्तीनी**
न्यूटन का तीसरा नियम समय पर काम करेगा!
**जनता दर्शन में उमड़ी फरियादियों की भारी भीड़**
व्यवस्था विकलांग हो तो यही एक उपलब्धि है!

♦♦♦

# भीतरी बगावत है पीओके से उठी आवाज

**- आनंद कुमार**

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में चल रहा आंदोलन 1947 के बाद से इस क्षेत्र में पाकिस्तान के सामने खड़ी सबसे गंभीर राजनीतिक चुनौतियों में से एक है. पहली नजर में यह विवाद विधानसभा की 45 में से 12 सीटों के आरक्षण का मुद्दा प्रतीत होता है, जो उन शरणार्थियों के लिए सुरक्षित हैं, जो विभाजन के बाद भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान चले गये थे, किंतु यह पूरा सच नहीं है. दरअसल, पीओके में जो कुछ हो रहा है, वह राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक उपेक्षा, क्षेत्रीय पहचान और पाकिस्तान की सैन्य-राजनीतिक व्यवस्था के अत्यधिक हस्तक्षेप के विरुद्ध वर्षों से जमा होते आ रहे असंतोष का विस्फोट है. यह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि पाकिस्तान की उस व्यवस्था के विरुद्ध भीतर से उठी चुनौती है, जिसने लंबे समय से इस क्षेत्र को अपने सामरिक हितों के अनुरूप संचालित किया है।

वर्तमान आंदोलन की तात्कालिक वजह विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को खत्म करने की मांग है. ये सीटें उन शरणार्थियों के लिए आरक्षित हैं, जो भारतीय जम्मू-कश्मीर से पाकिस्तान के अन्य हिस्सों में बस गये थे. पाकिस्तान का तर्क है कि यह व्यवस्था कश्मीर के पूरे भूभाग पर उसके दावे को मजबूत करती है और विस्थापित कश्मीरियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करती है. पर पीओके के स्थानीय निवासियों की दृष्टि में यह व्यवस्था लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का प्रतीक बन चुकी है. उनका कहना है कि विधानसभा की लगभग एक-चौथाई सीटों पर ऐसे लोग क्यों चुने जायें, जो न इस क्षेत्र में रहते हैं, न ही यहां के लोगों की समस्याओं से उनका सीधा संबंध है।

पीओके के सर्वोच्च न्यायालय ने इन सीटों को संवैधानिक संरक्षण प्राप्त बताते हुए कहा है कि इन्हें समाप्त करने के लिए संवैधानिक संशोधन जरूरी होगा. पर स्पष्ट है कि यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि एक गहरा राजनीतिक संकट है. मुजफ्फराबाद और रावलाकोट में हजारों लोगों का सड़कों पर उतरना, प्रतिबंधों और गिरफ्तारियों के बावजूद आंदोलन का जारी रहना इसका प्रमाण है कि यह मुद्दा आम जनता के मन में गहरी जगह बना चुका है।

इस आंदोलन के केंद्र में जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) है, जिसका गठन 2023 में हुआ था. आरंभ में यह संगठन बढ़ती बिजली दरों, गेहूं पर सब्सिडी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनांदोलन के रूप में उभरा था. पर धीरे-धीरे इस आंदोलन में राजनीतिक प्रश्न उठाये जाने लगे. अब यह संगठन राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संस्थागत सुधार और क्षेत्रीय स्वायत्तता की मांग कर रहा है. यह परिवर्तन दर्शाता है कि आर्थिक संकट ने लोगों को व्यवस्था की मूल संरचना पर प्रश्न उठाने के लिए प्रेरित किया है।


विडंबना यह है कि पाकिस्तान लंबे समय से स्वयं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीरियों के अधिकारों का सबसे बड़ा समर्थक बताता रहा है. आत्मनिर्णय और लोकतांत्रिक अधिकारों की भाषा उसकी कश्मीर नीति का केंद्रीय तत्व रही है. किंतु आज पीओके से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे बिल्कुल अलग कहानी कहती हैं. हजारों लोग सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे हैं, सुरक्षा बलों की भारी तैनाती की गयी है, इंटरनेट सेवाएं बंद की जा रही हैं, गिरफ्तारियां हो रही हैं और मानवाधिकार संगठनों द्वारा अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाये जा रहे हैं. यह विरोधाभास नया नहीं है. पीओके की संवैधानिक स्थिति शुरू से ही अस्पष्ट रही है।

औपचारिक रूप से वहां अपना राष्टपति, प्रधानमंत्री और विधानसभा है, लेकिन रक्षा, विदेश नीति और अनेक महत्वपूर्ण मामलों पर नियंत्रण इस्लामाबाद का ही रहा है. समय के साथ लोगों में यह धारणा मजबूत हुई है कि उनकी संस्थाओं के पास वास्तविक अधिकार नहीं हैं और उनके भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय कहीं और लिये जाते हैं. यही असंतोष समय-समय पर आंदोलनों के रूप में सामने आता रहा है, पर इस बार उसका स्वरूप कहीं अधिक व्यापक है. इस आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय पहचान का प्रश्न भी है. लंबे समय से यह देखा गया है कि पीओके के एक वर्ग में पाकिस्तान की राजनीतिक और सैन्य अभिजात्य व्यवस्था के प्रति असंतोष रहा है। सांस्कृतिक व भाषायी निकटता के बावजूद लोग खुद को अलग राजनीतिक पहचान के रूप में देखते हैं. मौजूदा आंदोलन इसका संकेत है कि बड़ी संख्या में लोग अपने राजनीतिक भविष्य के स्वतंत्र निर्धारक बनना चाहते हैं. आर्थिक मुद्दों ने इस चेतना को और मजबूत किया है. वर्ष 2023 और 2024 के आंदोलनों में बिजली की ऊंची दरें और सब्सिडी वाले गेहूं की कमी प्रमुख मुद्दे थे. तब लोगों ने सवाल उठाया था कि जिन क्षेत्रों में विशाल जलविद्युत परियोजनाएं हैं, जहां से पाकिस्तान को बिजली मिलती है, वहां के लोगों को ही महंगी बिजली क्यों खरीदनी पड़ती है? मंगला बांध जैसे परियोजनाओं के कारण हजारों लोग विस्थापित हुए, पर उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिला. इससे लोगों में यह भावना गहरी हुई कि विकास की कीमत उन्होंने चुकाई है, जबकि उसके लाभ कहीं और पहुंचे हैं। इस आंदोलन पर पाकिस्तान सरकार की प्रतिक्रिया भी अपेक्षित ही रही है. जेएएसी पर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत प्रतिबंध लगाया गया, उसके नेताओं को गिरफ्तार किया गया और आंदोलन को राष्ट्रविरोधी बताया गया. पर अनुभव बताता है कि केवल दमन से राजनीतिक असंतोष समाप्त नहीं होता. बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा और सिंध में भी सुरक्षा-केंद्रित नीतियां मूल समस्याओं का समाधान नहीं कर सकी हैं. पीओके में भी बल प्रयोग शायद अस्थायी रूप से विरोध को दबा दे, पर उसके कारणों को समाप्त नहीं कर सकता।

पीओके का संकट पाकिस्तान के व्यापक आंतरिक संकट का हिस्सा है. देश के अनेक हिस्सों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय ढांचे और शासन की वैधता पर प्रश्न उठ रहे हैं. आर्थिक कठिनाइयों, राजनीतिक ध्रुवीकरण और सेना तथा नागरिक संस्थाओं के बीच तनाव ने एक अस्थिर वातावरण पैदा कर दिया है. ऐसे में पीओके का आंदोलन केवल एक क्षेत्रीय घटना नहीं रह जाता, बल्कि पाकिस्तान के राज्य-तंत्र और उसकी राजनीतिक संरचना पर एक व्यापक बहस का हिस्सा बन जाता है। यह स्पष्ट है कि पीओके का संकट शासन, पहचान और राजनीतिक वैधता की प्रतिस्पर्धी अवधारणाओं का संघर्ष है. यह उन लोगों की आवाज है, जो अपने भविष्य पर अधिक अधिकार चाहते हैं और लंबे समय से चली आ रही व्यवस्थाओं को चुनौती दे रहे हैं. पीओके में उठी आवाज भीतर की बगावत है, जो पाकिस्तान की राजनीति पर दूरगामी असर डाल सकती है।



## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### अथ द्वादशोऽध्यायः

(गतांक से आगे

अर्जुन उवाच
एवं सततयुक्ता ये भक्तास्त्वां पर्युपासते। ये चाप्यक्षरमव्यक्तं तेषां के योगवित्तमाः ।।1।।
'एवं' अर्थात् इस प्रकार जो अभी-अभी आपने विधि बतायी है, ठीक इसी विधि के अनुसार अनन्य भक्ति से जो आपकी शरण लेकर, आपसे निरन्तर संयुक्त होकर आपको भली प्रकार उपासते हैं और दूसरे जो आपकी शरण न लेकर स्वतन्त्र रूप से अपने भरोसे उसी अक्षय और अव्यक्त स्वरूप की उपासना करते हैं, जिसमें आप भी स्थित हैं- इन दोनों प्रकार के भक्तों में अधिक उत्तम योगवेत्ता कौन है? इस पर योगेश्वर श्रीकृष्ण ने कहा-
श्रीभगवानुवाच
निमय्यावेश्य मनो ये मां नित्ययुक्ता उपासते। श्रद्धया परयोपेतास्ते मे युक्ततमा मताः ।।2।।
अर्जुन ! मुझमें मन को एकाग्र करके निरन्तर मुझसे संयुक्त हुए जो भक्तजन परम से सम्बन्ध रखनेवाली श्रेष्ठ श्रद्धा से युक्त होकर मुझे भजते हैं, वे मुझे योगियों में भी अति उत्तम योगी मान्य हैं।
ये त्वक्षरमनिर्देश्यमव्यक्तं पर्युपासते । सर्वत्रगमचिन्त्यं च कूटस्थमचलं ध्रुवम् ।।3।। सन्नियम्येन्द्रियग्रामं सर्वत्र समबुद्धयः। ते प्राप्नुवन्ति मामेव सर्वभूतहिते रताः ।।4।।
जो पुरुष इन्द्रियों के समुदाय को भली प्रकार संयत करके मन-बुद्धि के चिन्तन से अत्यन्त परे, सर्वव्यापी, अकथनीय स्वरूप, सदा एकरस रहनेवाले, नित्य, अचल, अव्यक्त, आकाररहित और अविनाशी ब्रह्म की उपासना करते हैं, सम्पूर्ण भूतों के हित में लगे हुए और सबमें समान भाववाले वे योगी भी मुझे ही प्राप्त होते हैं। ब्रह्म के उपर्युक्त विशेषण मुझसे भिन्न नहीं हैं। किन्तु-
क्लेशोऽधिकतरस्तेषामव्यक्तासक्तचेतसाम् ।
अव्यक्ता हि गतिर्दुःखं देहवद्भिरवाप्यते ।।5।। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।


♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# सबकी नज़र शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा समझौते पर



**- अशोक भाटिया**

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध समाप्त करने और तनाव कम करने के लिए हुए प्रारंभिक समझौते पर शुक्रवार को स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने वाले हैं। इस समझौते का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और दोनों देशों के बीच शत्रुता को समाप्त करना है। इसके साथ ही 100 दिनों से अधिक समय तक चले युद्ध का अंत हो जाएगा । ईरान की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, परमाणु शांति समझौते के उद्देश्य से तेहरान और वाशिंगटन के बीच हुए इस समझौते का दोनों पक्षों ने स्वागत किया है। सकारात्मक घटनाक्रम के बावजूद, बेरूत में ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह के साथ इज़राइल की चल रही सैन्य शत्रुता के कारण अनिश्चितता बनी हुई है, जिससे समझौते के खतरे में पड़ने की आशंका है। रविवार (14 जून, 2026) को, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इज़राइल से आग्रह किया कि वह समझौते को न बिगाड़े, जब इज़राइल की सेना ने हिज़्बुल्लाह पर हमले किए। इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जवाब देते हुए कहा, 'इज़राइल अपनी धरती पर गोलीबारी बर्दाश्त नहीं करेगा ।' इस घोषणा के बाद, युद्ध और तेल आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता कम होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट आई और यह 83 डालर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत कई विश्व नेताओं ने समझौते का स्वागत किया। मोदी ने कहा कि इस समझ के क्रियान्वयन से क्षेत्र में शांति, स्थिरता और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

ब्रेंट वायदा बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 83.33 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हो गईं, जो पिछले सप्ताह तक 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास थीं, और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी, जिसके कारण वृद्धि हुई, तुरंत हटा ली जाएगी। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ने वाला संकरा जलमार्ग वैश्विक तेल का एक प्रमुख स्रोत है क्योंकि यह दुनिया के कच्चे तेल के प्रवाह का लगभग 20 प्रतिशत है। अमेरिका ने गारंटी दी है कि कोई नौसैनिक नाकाबंदी नहीं होगी। इसलिए ट्रंप की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही यह घोषणा की गई कि ईरान ने भी समझौते के मसौदे पर सहमति जताई है। इसलिए पिछले कई दिनों से दोनों देश 'वे एक बात कहते हैं और वे उसे अस्वीकार करते हैं' के चक्र से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। अनिश्चितता से कुछ निश्चित का स्वागत है। ये भी स्वाभाविक है कि ईंधन की कमी से चल रहे देशों ने राहत की सांस ली है। इजरायल की जिद ने दुनिया को एक नई स्थिति में डाल दिया जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने फरवरी में ईरान पर बड़े पैमाने पर हमला किया, ईरान के धार्मिक नेता अयातुल्ला खामेनेई को खत्म कर दिया और सैन्य नेतृत्व के शीर्ष अधिकारियों को काट दिया।वह विनाशकारी भी साबित हुआ। मध्य पूर्व में अमेरिका के सहयोगी अरब देश संयुक्त राज्य अमेरिका की तुलना में इस प्रतिरोध से अधिक प्रभावित थे। यह आज भी बैठा है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत के तेल समृद्ध देश संयुक्त राज्य अमेरिका की अन्य पहचान थे, और ईरान ने उन्हें इस बात से अवगत कराया कि यहां से उनसे निपटना कितना मुश्किल होगा, जिनमें से प्रत्येक ईरान की विनाशकारी मिसाइलों की सीमा के भीतर आता है, और वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व में ईरान के निर्णय लेने पर उन्हें रोकने की क्षमता या इच्छाशक्ति का अभाव है। इस मामले में भी यही सच है। इनमें से किसी भी देश के पास होर्मुज जैसे जलमार्गों की नाकाबंदी हटाने की शक्ति नहीं है। इसलिए, इन अरबों के लिए ईरान के साथ तनावपूर्ण संबंधों को शांत करना सबसे महत्वपूर्ण था। अरबों को पता है कि अगर संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान की बागडोर संभालने का फैसला करता है, तो उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान होगा। इसलिए कभी 'ईरान को न्याय के कटघरे में लाने' पर अड़े रहने वाले सऊदी शासक मोहम्मद बिन सलमान ने भी इजरायल के नरसंहार करने वाले प्रधानमंत्री बिन्यामिन नेतन्याहू की तरह अब अपनी भाषा बदल ली है। ऐसे में सभी अरब शेख ट्रंप की अब्राहम समझौते की नई 'तुरही' से सावधान हैं। उन्हें लगता है कि अगर बिना किसी बातचीत के शांति कायम हो जाती है तो यह बहुत अच्छा है। न तो शांति समझौते और न ही इसके मसौदा समझौते में दो प्रमुख समस्याएं शामिल हैं। ईरान का परमाणु विकास कार्यक्रम और जमी हुई ईरानी संपत्ति की रिहाई। नए 60-दिवसीय युद्धविराम में इन दो मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। पिछले युद्धविराम की घोषणा अप्रैल और मई की शुरुआत में की गई थी। जैसा कि ट्रम्प अपने 80 वें जन्मदिन के भव्य अवसर पर सौदे की घोषणा करने की तैयारी कर रहे थे, उनकी सजी हुई प्लेट लेबनान पर इजरायल के हमलों से बिखर गई थी। इसलिए नाराज ट्रम्प ने अपने सहयोगी, नरसंहार नेतन्याहू को एक लाख गालियां दीं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि वह चुप रहेंगे। इज़राइल अभी भी ईरान-अमेरिका समझौते के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। ऐसी भूमिका ली गई है। कम से कम दो पिछले मौकों पर जब शांति वार्ता अंतिम चरण में थी, नेतन्याहू ने हिजबुल्लाह के खिलाफ कार्रवाई के बहाने लेबनान पर आग लगा दी है। इसलिए, ईरान ने तुरंत बातचीत रोक दी। इज़राइल ईरान के केंद्र में होने के साथ पश्चिम एशिया में स्थायी शांति को स्वीकार नहीं करता है और न ही करेगा। इस बात की संभावना नहीं है कि नेतन्याहू अगले 60 दिनों में चुप रहेंगे। ट्रम्प हाल ही में नेतन्याहू के साथ अक्सर सार्वजनिक रूप से निराश रहे हैं; लेकिन नेतन्याहू को घेरने की उनकी क्षमता की कमी इस प्रक्रिया में अगला संभावित खतरा है। नेतन्याहू का राजनीतिक अस्तित्व दांव पर है, भले ही अगली राजनीतिक लड़ाई ट्रम्प के लिए महत्वपूर्ण हो, लेकिन उनके सिंहासन को तुरंत खतरा नहीं है। यह झूलता रहा। यदि यह लड़ाई अब कम हो रही है, तो यह नरसंहार नेतन्याहू के लिए एक अस्तित्वगत मुद्दा बन जाता है। इसलिए, स्थायी शांति या संभावित विनाश की दिशा इस बात पर आधारित होगी कि जानलेवा और भयावह नरसंहार करने वाले आगे क्या करते हैं, न कि पागल ईरानी नेतृत्व और इससे भी अधिक भोले अमेरिकी नेतृत्व पर। भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने युद्ध या शांति प्रक्रिया में भाग लिए बिना इस अवधि में महत्वपूर्ण हताहतों का सामना किया है। ईरान के साथ हमारी कोई घनिष्ठ मित्रता नहीं है, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, और खाड़ी देशों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, जिन्होंने वर्षों से आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध विकसित किए हैं, जिनमें से किसी ने भी भारतीय जीवन की गारंटी नहीं दी है या जीवन के नुकसान के लिए माफी नहीं मांगी है।

## प्रेरक प्रसंग

### पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, 'देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई। आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरे आपकी भेंट हैं।

इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थौली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये। जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पडूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे।

बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### गरीब मरीजों पर दवाओं की महंगाई की दोहरी मार

एक तरफ आम आदमी पहले से ही महंगाई और बढ़ते स्वास्थ्य खर्चों से जूझ रहा है ऐसे में जीवनरक्षक दवाओं की कीमतों में वृद्धि उसकी सेहत ही खराब करेगी।कैंसर की दवाओं, एंटी-टेटनस सीरम और बच्चों के कुछ टीकों की कीमतों में पचास प्रतिशत तक बढ़ोतरी गरीब और निम्न मध्यम वर्ग के लिए सचमुच ÷दुबले पर दो आषाढ़÷ जैसी स्थिति पैदा करती है। जिन परिवारों के लिए रोजमर्रा का खर्च चलाना ही कठिन है उनके लिए इलाज का अतिरिक्त बोझ असहनीय बन सकता है।हालांकि सरकार और दवा मूल्य निर्धारण प्राधिकरण का तर्क है कि उत्पादन लागत बढ़ने और आपूर्ति बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं का सामाजिक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि जीवनरक्षक दवाएं आम लोगों की पहुंच से बाहर हो जाएं तो उनका उपलब्ध होना भी निरर्थक साबित होगा। गरीब मरीजों को केवल दवाओं का ही नहीं बल्कि जांच, अस्पताल, यात्रा और रोजगार छूटने जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।भारत जैसे देश में स्वास्थ्य सेवा को बाजार की वस्तु नहीं की बजाय बुनियादी अधिकार के रूप में देखा जाना अधिक जरूरी है। सरकार को सरकारी अस्पतालों में मुफ्त या रियायती दर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ाकर महंगी दवाओं को भी उसमें शामिल किया जाना चाहिए।दवाओं की उपलब्धता और उनकी किफायत दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। नीति का लक्ष्य ऐसा संतुलन बनाना होना चाहिए, जिससे कंपनियों का उत्पादन भी प्रभावित न हो और गरीब मरीजों का उपचार भी बाधित न हो। यही संवेदनशील और न्यायपूर्ण स्वास्थ्य व्यवस्था की पहचान होगी।इससे कमज़ोर वर्गों को बड़ी मदद मिलेगी।

**अमृतलाल मारू रवि**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।

**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू में सफलता के लिए अपनाएं ये टिप्स



हमारे देश में कई ऐसी भर्तियां होती हैं जिनमें ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू राउंड का आयोजन किया जाता है। ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के माध्यम से स्किल्स का पता लगाते हैं और उनके अंदर के होना और टैलेंट की जांच परख करते हैं। अक्सर देखा जाता है कि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा/ रिटेन टेस्ट में तो आसानी से सफलता प्राप्त कर लेते हैं लेकिन वे ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू के समय अन्य उम्मीदवारों से पीछे रह जाते हैं और नौकरी हासिल करने में पीछे छूट जाते हैं। अगर आपके साथ ही ऐसा ही कुछ है तो हम यहां कुछ ऐसी जरूरी बातें बता रहे हैं जिनको फॉलो करके आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे और अवश्य ही नौकरी पाने का सपना आसानी से पूरा कर सकेंगे।

**ओवर कॉन्फिडेंस से बचें :** ऐसा देखने में आता है कि आपको जिस विषय पर चर्चा हो रही है और पता उसके बारे में पता नहीं है फिर भी ओवर कॉन्फिडेंस के चलते आप उसकी शुरुआत कर देते हैं। इसके बाद आपको आगे चलकर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है जिससे अवश्य ही आपके अंकों में कटौती हो जाएगी। इसलिए अगर आपको किसी विषय के बारे में पूरी जानकारी न हो तो आप उस पर खुद पर कंट्रोल रखें।

**प्वॉइंट पर करें बात :** अगर आपका प्वाइंट अच्छा है और सबके सामने रख सकते हैं तो तुरंत ही उसे बोल दें, क्योंकि हो सकता है कि आपके दिमाग में जो अच्छा बिंदु आया है वही थोड़े समय बाद कोई और बोल दें। इसके साथ अपना प्वाइंट तभी रखें जब आपको उसके बारे में पूरी जानकारी हो और बातों को इधर-उधर न घूमाएं।

**दूसरों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनें : -**
अगर आप ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में शामिल हो रहे हैं तो उस दौरान केवल खुद ही न बोलते रहें, हर किसी को बोलने का मौका दें। इसके साथ ही जब कोई दूसरा बोल रहा हो तो उसकी बात बिल्कुल नहीं काटें। जब बात पूरी हो जाए तभी उसका जवाब दें।

**तैयारी के लिए लगातार पढ़ते रहें :** इंटरव्यू की तैयारी के लिए आपको लगातार अध्ययन करना जारी रखना होगा। इसके माध्यम से आप हर समस्या या इश्यू से अवगत रहेंगे और अच्छे से इंटरव्यू की तैयारी कर सकेंगे। आपको अन्य चीजों साथ करेंट अफेयर्स पर लगातार नजर बनाये रखनी है। यह इंटरव्यू के समय बहुत उपयोगी साबित होगा, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि सवाल का सिलसिला करेंट अफेयर्स से ही जुड़ा होता है।

# डिजिटल सेक्टर के क्षेत्र में ऐसे बनाएं अपना भविष्य



देश में सरकारी जॉब्स का कल्चर दशकों से लोगों के जेहन में बसा हुआ है। 10वीं-11वीं कक्षा से ही युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी नौकरी मिलने का प्रतिशत बहुत कम होता जा रहा है क्योंकि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन आपको पता है कि सालों साल सरकारी नौकरी की तैयारी करने के बाद ओवरएज हो चुके लाखों उम्मीदवार आज के समय में प्राइवेट कंपनियों में नौकरी करने को मजबूर हैं। अगर उन्होंने ग्रेजुएशन के बाद से ही डिजिटल सेक्टर में करिअर बनाने की सोची होती तो आज के समय में 12-15 लाख रुपये सालाना हासिल कर रहे होते।

इसलिए आप भी ग्रेजुएट हैं और किसी शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए अपना कॅरिअर बनाने की सोच रहे हैं तो सफलता के एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग की मदद से आप कुछ ही महीनों में लाखों के पैकेज की नौकरी हासिल कर सकते हैं। 6 महीने का ये कोर्स आपके लिए डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री में नौकरियों के कई दरवाजे खोल देगा।

**एडवांस्ड डिजिटल मार्केटिंग**
**डिजिटल मार्केटिंग ई बुक**
**डिजिटल मार्केटिंग मॉक टेस्ट**

**सोशल मीडिया मैनेजर :** हर कंपनी के लिए आज के समय में एक सोशल मीडिया मैनेजर रखना बहुत जरूरी हो गया है। सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया ट्रेंड्स, कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट स्ट्रेटजी, कम्पटीटर एनालिसिस और उपभोक्ताओं के बारे में रिसर्च जैसे काम करता है। एक सोशल मीडिया मैनेजर की शुरूआती औसत सैलरी 4 लाख रुपये सालाना होती है।

**एसईओ एग्जीक्यूटिव :**
किसी भी वेबसाइट के लिए आज के समय में जरूरी है कि वह गूगल पर उससे संबंधित सर्च करने पर दिखाए गए रिजल्ट्स में पहले पायदानों पर आए।
हर कंपनी के लिए एसईओ एग्जीक्यूटिव यह काम करता है। वेबसाइट के एसईओ पर काम करके वह वेबसाइट और उसके कंटेंट को टॉप सर्च में लेकर आता है।

**पीपीसी एक्सपर्ट्स :**
हरेक कंपनी के विभिन्न पैड कैंपेन्स को पे पर क्लिक एक्सपर्ट् प्रबंधित करते हैं। इनका काम कंपनी की केपीआईएस देखना और जरूरी रिपोर्ट्स तैयार करना है। ये एक्सपर्ट्स टारगेट ऑडियंस को लक्षित करके बेहतर पैड माध्यमों के इस्तेमाल से कंपनी की सेल बढ़ाने का काम करते हैं।

**कंटेंट मार्केटर:**
किसी भी ई-कॉमर्स कंपनी में कंटेंट मार्केटर का रोल बहुत अहम होता है। क्योंकि यही कंटेंट मार्केटर विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में कंटेंट तैयार कर लोगों तक पहुंचाते हैं। जिससे ब्रांड की आइडेंटिटी तैयार होती है। इनके कामों में कंपनी नियमों के आधार पर आकर्षक डिस्कवरेवल कंटेंट को तैयार करना होता है।

ई कॉमर्स मैनेजर: एक ई कॉमर्स मैनेजर एक वेबसाइट के लुक और डिजाइन को तैयार कराता है। ये वेब डिजाइन एजेंसीज के साथ मिलकर काम करते हैं। इनका काम ग्राहकों के बेहतर अनुभव के लिए शानदार डिजाइन तैयार कराना होता है। ताकि संबंधित कंपनी का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आसानी से इस्तेमाल करने योग्य बनाया जा सके।

## कॅरियर अलर्ट

### एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट में 379 पदों पर भर्ती

इंडियन एयरफोर्स में ऑफिसर बनना चाहते हैं, तो एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट (AFCAT) इसका बेहतरीन रास्ता है। अभी इसके फॉर्म भी निकले हुए हैं। स्नष्टक्ञ 02/2026 के जरिए फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल, नॉन टेक्निकल) दोनों ब्रांचों में 379 पदों वैकेंसी निकाली गई हैं। ऐसे में जो भी कैंडिडेट्स वायुसेना में भर्ती होने के इच्छुक हैं, वो अप्लाई कर सकते हैं। एप्लिकेशन की विंडो 19 जून को बंद हो रही है। इस तारीख तक या इससे आप कभी भी आधिकारिक वेबसाइट afcat.edcil.co.in पर फॉर्म भर सकते हैं।

### बिहार पुलिस ASI भर्ती

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (BPSSC) द्वारा सहायक अवसर निरीक्षक (तकनीकी) के पदों पर आवेदन लिए जा रहे हैं। जो अभ्यर्थी पुलिस की सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए यह भर्ती महत्वपूर्ण हो सकती है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर के 22 पदों पर वैकेंसी आई है। जिन अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स एंव कम्युनिकेशन या इलेक्ट्रॉनिक्स एंव टेली कम्युनिकेशन/ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इलेक्ट्रीकल एंव इलेक्ट्रॉनिक्स में से किसी एक विषय में तीन सालों का डिप्लोमा कोर्स में कम से कम 50 प्रतिशत अंक हासिल हों। (एससी/एसटी सदस्यों के लिए 45 प्रतिशत अंक भी मान्य होंगे), वो अप्लाई कर सकते हैं।

### इंडियन नेवी बीटेक एंट्री

?इंडियन नेवी में जेईई मेन 2026 वालों के लिए स्पेशल एंट्री निकली है। नेवी ने 10+2 बीटेक कैडेट एंट्री स्कीम (परमानेंट कमीशन) कोर्स -जनवरी 2027 के लिए 60 रिक्तियां घोषित की हैं। जिन कैंडिडेट्स ने फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ (क्ष्ट्ररू) स्ट्रीम में न्यूनतम 70 प्रतिशत कुल नंबर हासिल किए हैं। साथ में उनके 10वीं और 12वीं में 50 प्रतिशत अंक हों और जेईई मेन 2026 (बीई/बीटेक) एग्जाम क्वलिफाई किया हो, वो अप्लाई कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को बिना किसी लिखित परीक्षा के जेईई रैंक के आधार पर एसएसबी शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। नौसेना की इस एंट्री में अभ्यर्थी लास्ट डेट 18 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं।

### एसएससी सीजीएल 2026

स्टाफ सेलेक्शन कमीशन ने एसएससी सीजीएल वैकेंसी की भी घोषणा कर दी है। इस साल 12256 पदों पर रिक्तियां निकली हैं। जिसके लिए ग्रेजुएट कैंडिडेट्स एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर लास्ट डेट 22 जून 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। वहीं एप्लिकेशन फीस 23 जून 2026 तक भरी जा सकेगी। सीजीएल टियर I अगस्त/सितंबर 2026 में आयोजित किया जा सकता है। वहीं इस साल से सीजीएल के एग्जाम में सेक्शनल टाइमिंग लागू होगी। टियर में हर सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय मिलेगा।

### यूपीएसएसएससी लोअर पीसीएस भर्ती

यूपी में सरकारी नौकरी पाने की बढ़िया अपॉर्चुनिटी है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने लोअर पीसीएस के 2516 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए हैं। सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (स्नातक स्तरीय) मुख्य परीक्षा के जरिए निदेशालय कोषागार, सहकारी समितियां, कृषि उत्पादन मंडी, नगर निकाय निदेशालय,परिवार कल्याण महानिदेशालय समेत विभिन्न विभागों में भर्ती की जाएगी। जिन भी उम्मीदवारों के पास ग्रेजुएशन की डिग्री और पीईटी 2025 स्कोरकार्ड है, वो इस भर्ती में अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि पदानुसार अलग-अलग योग्यता भी तय की गई है। इस वैकेंसी में आवेदन की प्रक्रिया 29 मई से 18 जून 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट upsssc.gov.in पर चलेगी।

# घर से काम करने का बेहतर विकल्प है, ये नौकरियां



लोग अब ऑफिस के बजाय ऐसी नौकरी की खोज में ज्यादा रहते हैं जिसमें वर्क फ्रॉम होम का कल्चर बरकरार हो। अगर आप भी वर्क फ्राम होम यानि के घर से काम करना चाहते हैं तो इस क्षेत्र में कुछ ऐसी फील्ड हैं जिनमें अ भी भ ी लगातार वर्क फ्रॉम होम कल्चर चल रहा है और शायद ये आगे भी ऐसे ही लगातार चलता रहेगा। इन क्षेत्रों में आप काम करके घर से काम करने के साथ ही बेहतर सैलरी भी प्राप्त कर सकते हैं। **कंटेंट राइटर्स :** यह एक ऐसा पेशा है जिसकी जरूरत हर छोटी बड़ी कंपनी को पड़ती है। कंटेंट राइटर्स के लिए न्यूज वेबसाइट, यू-ट्यूब, एजुकेशन के क्षेत्र सहित मार्केटिंग, एडवरटाइजिंग सहित हर क्षेत्र में इनके लिए जॉब्स उपलब्ध हैं। कंटेंट क्रिएटर्स के लिए विभिन्न कंपनियां अपने लिए लिखने के लिए पार्ट टाइम और फुल टाइम हायर करती हैं। यह आपको बेहतर नौकरी के साथ ही अच्छा वेतन भी प्रदान करते हैं। कुछ क्षेत्रों की कंपनियां तो 5 डेज वर्किंग का भी ऑप्शन देती हैं। तो आपको अगर लिखना आता है फिर चाहे वो हिंदी हो या अंग्रेजी आप इस क्षेत्र में घर बैठे ही नौकरी कर सकते हैं।

**ऑनलाइन टीचिंग :** कोविड-19 के साथ ही एक और चीज आयी और वो है ऑनलाइन टीचिंग। अब आप ऑनलाइन माध्यम से टीचिंग के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ट्यूशन देने के साथ ही आप वेबसाइट बनाकर या यूट्यूब पर चैनल बनाकर भी इस क्षेत्र में करियर बनाकर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

**सॉफ्टवेयर डेवलपर :** सॉफ्टवेयर डेवलपर का काम सॉफ्टवेयर को बनाने, उसकी छोटी से लेकर बड़ी गलतियों तक को सही करने का काम होता है। अगर आप इस क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं तो इसमें कंपनियां पार्ट टाइम और फुल टाइम दोनों ही प्रकार से वर्क फ्रॉम होम माध्यम यानि कि रिमोटली माध्यम में जॉब देती हैं। **डाटा एंट्री :** आज-कल विभिन्न कंपनियां डाटा एंट्री के लिए उम्मीदवारों को हायर करती हैं। वे उन्हें घर से काम करने का मौका देती हैं और साथ ही अपनी तरफ से कंप्यूटर, लैपटॉप भी काम करने के लिए प्रदान करती हैं। इसमें आप अपने हिसाब से काम को कर सकते हैं। इस क्षेत्र में जॉब पाने के लिए किसी खास तरह की एजुकेशन की भी जरूरत नहीं होती है बस आपको कंप्यूटर का ज्ञान और टाइपिंग का ज्ञान होना चाहिए। **फ्रीलांस राइटर :** अगर आप क्रिएटिव फील्ड में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे में बतौर फ्रीलांस राइटर लिख सकते हैं। एक फ्रीलांस राइटर के रूप में आप कहीं से भी ब्लॉग, आर्टिकल या किताबें लिख सकते हैं। अपनी राइटिंग स्किल्स के दम पर ना केवल आप अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं, बल्कि इसमें आपको किसी अन्य व्यक्ति की दखलअंदाजी की जरूत नहीं होती है। **वित्तीय सलाहकार–** आजकल, वित्तीय जानकारी लगभग पूरी तरह से ऑनलाइन उपलब्ध है - चाहे वह बैंक खाते हों, क्रेडिट कार्ड हों, चालान हों या ऑर्डर फॉर्म हों - जिसका अर्थ है कि वित्त क्षेत्र में काम करने वाला व्यक्ति ज्यादातर अपने कंप्यूटर का उपयोग करके संख्याओं का विश्लेषण करेगा। खास तौर पर वित्तीय सलाहकारों के लिए दूर से काम करने की अच्छी संभावना होती है। आप कंप्यूटर तकनीक के माध्यम से अपने ग्राहकों का दायरा बढ़ा सकते हैं, या किसी कंपनी के लिए आंतरिक रूप से काम कर सकते हैं। दोनों ही तरीकों से, वित्तीय सलाहकारों को आमतौर पर काम पूरा करने के लिए कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होती है। यदि आप वित्तीय जगत के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और इस क्षेत्र में एक अग्रणी बनना चाहते हैं, तो यूएससी मार्शल स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए करने या यूएससी विटरबी से वित्तीय इंजीनियरिंग में मास्टर ऑफ साइंस करने पर विचार करें। यह एक अंतःविषयक कार्यक्रम है जो छात्रों को गणित और इंजीनियरिंग कौशल का उपयोग करना और उन्हें वित्त में लागू करना सिखाने के लिए वित्त, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी को जोड़ता है।

**भाषा शिक्षक–** पहली नजर में, शिक्षण एक ऐसा काम लगता है जिसके लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना आवश्यक होगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि बहुत से लोग छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए तैयार हैं, खासकर जब बात अन्य भाषाओं को पढ़ाने की हो।

## अभ्यास

1. निम्न में से किस दिन हर साल अंतर्राष्ट्रीय पारिवारिक धन प्रेषण दिवस मनाया जाता है?
(क) 13 जून
(ख) 14 जून
(ग) 15 जून
(घ) 16 जून
**उत्तर- (घ)**

2. निम्न में से किस भारतीय को जीव विज्ञान में असाधारण योगदान के लिए EMBO गोल्ड मैडल 2026 से सम्मानित किया गया?
(क) नेहा सक्सेना
(ख) तरुण महेश्वरी
(ग) गौतम डे
(घ) अनुपम मिश्रा
**उत्तर- (ग)**

3. निम्न में से किस स्थान पर ग्लोबल चेस लीग के चौथे संस्करण का आयोजन किया जाएगा?
(क) पटना
(ख) बेंगलुरु
(ग) जैसलमेर
(घ) भोपाल
**उत्तर- (ख)**

4. निम्न में से किसे श्रम आँकड़ों पर उच्च-स्तरीयत तकनीकी विशेषज्ञ समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?
(क) अलख एन. शर्मा
(ख) तनवी गुप्ता
(ग) अंकिता शर्मा
(घ) मनवीर सिंह
**उत्तर- (क)**

5. निम्न में से किसे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के नए सैन्य सलाहकार नियुक्त किया गया है?
(क) बलवीर सिंह
(ख) अनिकेत सिंह
(ग) एन एस राजा सुब्रमणि
(घ) राजीव घई
**उत्तर- (घ)**

# पहली ही बार में जज बनने का सपना कैसे करें पूरा?

अगर आप जज बनना चाहते हैं और यह सपना पहले प्रयास में पूरा करना चाहते हैं, तो आपको एक सही रणनीति के साथ लगातार मेहनत करनी होगी। यहां दृष्टि आईएएस के चीफ एकेडमिक ऑफिसर रबमीत कौर ने बहुत ही आसान भाषा में कुछ ऐसे सुझाव दिए हैं, जो आपके सपने को साकार करने में बेहद मददगार हो सकते हैं।

**परीक्षा के तीन चरण**

**ज्यूडिशियरी की परीक्षा मुख्य रूप से तीन चरणों में होती है –** पहला है प्रिलिम्स, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। दूसरा चरण मेंस होता है, जो लिखित परीक्षा होती है और इसमें विषय की गहराई से समझ को परखा जाता है। तीसरा और अंतिम चरण इंटरव्यू का होता है, जहां आपके सोचने के तरीके, आत्मविश्वास और कानूनी जानकारी को जांचा जाता है।

**सिलेबस और किताबें – कम लेकिन प्रभावी**

हर राज्य का सिलेबस थोड़ा अलग हो सकता है, लेकिन अधिकांश परीक्षाओं में भारतीय दंड संहिता, सिविल प्रक्रिया संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता, साक्ष्य अधिनियम और संविधान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। बेहतर होगा कि आप ढेरों किताबें पढ़ने के बजाय, हर विषय का बेयर एक्ट पढ़ें। ये बेयर एक्ट न केवल आपके सभी कान्सेप्ट्स को स्पष्ट करेंगे, बल्कि आपके लिए बाइबिल और गीता की तरह उपयोगी सिद्ध होंगे। जब आपकी इन बेयर एक्ट्स पर बहुत अच्छी समझ और कमांड हो जाए, तब आप कोई भी रेफरेंस बुक पढ़ सकते हैं – लेकिन इसकी आवश्यकता शायद ही पड़े। बेयर एक्ट के अलावा, आप बाजार से कोई भी MCQ वाली किताब ले सकते हैं, किंतु यह ध्यान रखें कि उस किताब में विगत वर्षों में पूछे गए प्रश्न हों उनके विस्तार से व्याख्या हो नए कानूनों के सेक्शन सम्मिलित हों और प्रासंगिक केस लॉ भी दिए गए हों यह सब आपकी तैयारी को और मजबूती प्रदान करेंगे। मेंस के लिए आंसर राइटिंग की प्रैक्टिस करें। मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए उत्तर लेखन का अभ्यास जरूरी है। रोज़ाना 1-2 उत्तर खुद से लिखने से आपकी स्पीड भी बढ़ेगी और जवाबों की गुणवत्ता भी।

**करेंट अफेयर्स और जनरल नॉलेज की भी होनी चाहिए गहरी समझ–** केवल विधिक विषयों का अध्ययन पर्याप्त नहीं होता, बल्कि एक न्यायिक अभ्यर्थी के लिए लीगल करेंट अफेयर्स और सामान्य ज्ञान की भी सम्यक जानकारी अत्यंत आवश्यक होती है। यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है, बल्कि इंटरव्यू जैसे चरण में आपके चिंतन और सामाजिक समझ को भी परखता है। इसके लिए आप प्रतिदिन कोई श्रेष्ठ समाचार-पत्र पढ़ें। इसके साथ-साथ, बाजार में उपलब्ध अच्छी मासिक पत्रिकाओं का भी मदद लें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**बुधवार, 17 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे शुक्ल पक्षे तृतीया तिथौ बुध वासरे 21/40/ पुनर्वसु नक्षत्रे 13/38/ ध्रुव योग 20/51/ तैतिल करणे 11/13/ कर्क राशिगत चन्द्रमा घं.08मि.14पर।

**व्रत एवं त्यौहार–** श्री महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती। हिजरी मोहर्रम 09वां माह शुरू। हिजरी सन् 1448 शुरू।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यो पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।


**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# यूपीएससी इंटरव्यू में होना है सफल, तो इन बातों का रखें ध्यान




यूपीएससी इंटरव्यू एक सिलेक्शन प्रोसेस है जो इंडियन सिविल सर्विसेज के लिए उम्मीदवारों का सिलेक्शन करता है। यह पूरी परीक्षा का सबसे आखिरी और बेहद अहम चरण होता है। ज्यादातर उम्मीदवार इसी चरण में असफल हो जाते हैं। लेकिन अगर इंटरव्यू की तैयारी बेहतर हो तो उम्मीदवार आसानी से सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हम इस लेख में हम इंटरव्यू के लिए कुछ जरूरी टिप्स के विषय में बात कर रहे हैं जो इंटरव्यू में सफलता के लिए आपकी मदद कर सकते हैं। **पॉजिटिव रहें :** इंटरव्यू के समय पॉजिटिव रहना बहुत जरूरी है। सेल्फ कॉन्फिडेंस और खुशमिजाजी के साथ बात करें। यह आपके पर्सनलाइजेशन और डेडिकेशन के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**स्पेशलाइजेशन :** अपने स्पेशलाइजेशन और उसकी नॉलेज को अच्छे ढंग से पैनल के सामने रखें और उसे अच्छे से समझाएं। **समाचार और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान दें :** आपको राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचार के बारे में पता होना चाहिए। सामाजिक मुद्दों को समझें और उन पर विचार करें। आपको हमेशा अप-टू-डेट रहने की जरूरत है।

**सेल्फ रिव्यू :** अपनी कमजोरियों और जनरल नॉलेज में सेल्फ रिव्यू करें और उन्हें सुधारने का प्रयास करें। मोरल और सोशल वैल्यू पर ध्यान दें - पीएससी उम्मीदवारों से मोरल और सोशल वैल्यू से संबंधित बातचीत की जाती है, इसलिए इसे समझें और सही तरीके से आंसर दें।

**प्रेजेंटेशन :** अच्छी प्रेजेंटेशन कैपेसिटी बहुत जरुरी होती है। आपके विचारों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करना महत्वपूर्ण है। एक अच्छे प्रेजेंटेशन से आप अपने विचारों को स्पष्टता से प्रस्तुत कर सकते हैं और रिव्यूअर पर पॉजिटिव इमेज बना सकते हैं।

**स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** इंटरव्यू से पहले स्वास्थ्य का ध्यान रखें, ताकि आप हाई स्पिरिट के साथ पहुंच सकें। अगर आप इन बेहद आसान टिप्स को ध्यान में रखते हैं तो आपको यूपीएससी के इंटरव्यू में सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।

### किसान दिवस का आयोजन आज

ललितपुर। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान ने अवगत कराया है कि जनपद के किसानों की कृषि से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, अतः इस माह आज जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन 12.30 बजे जिला पंचायत सभागार में किया जाना सुनिश्चित किया गया है, अतः संबंधितों को निर्देशित किया गया है कि किसान दिवस में निर्धारित तिथि समय एवं स्थान पर प्रतिभाग कर विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी एवं कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं का निराकरण कराना सुनिश्चित करें व अपरिहार्य स्थिति में ही प्रतिनिधि को भेजे साथ पूर्ण किसान दिवस की निस्तारण आख्या की साथ में लायें।

## खबर एक नज़र

### जिले पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की आंखों पर बंधी गांधारी की पट्टी'



-कस्बा कुठौंद में मानक विहीन क्लीनिको में प्रसव के लिए आई महिलाओं को मौत के मुंह में धकेलने का हो रहा है धंधा'

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कुठौंद(जालौन)। जनपद जालौन के कस्बा कुठौंद में मानक विहीन हास्पिटल तथा क्लीनिकों का बड़ा बोल वाला यहां पर भारी भरकम कीमत पर प्रसव के लिए ठेका ले लिया जाता है और प्रसव के लिए आई महिलाओं की जान से आए दिन कर रहे खिलवाड़ फिर भी ऐसी कार्य शैली को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग प्रशासन मौन बैठा हुआ है। सन् 2026 के आरंभ से लेकर आज तक लगभग इन प्राइवेट हॉस्पिटलों में 6 से 7 तक जच्चा बच्चा को मौत के मुंह में धकेला जा चुका हैं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बैठे चिकित्सा अधिकारी इनके द्वारा भी कोई ऐसे गोरख धंधा चलाने वाले हॉस्पिटलों पर पाबंदी नहीं लगाई गई हैं। आखिर इसमें क्या राज हो सकता है। प्राइवेट हॉस्पिटल की दुकाने आखिर किसकी सर परस्ती पर पनप रही है।इसमें किसका सहयोग कायम है। कितनी घटनाएं होने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहा है । मीडिया के द्वारा कई बार खबरें प्रकाशित की जा चुकी हैं लेकिन आल्हा अधिकारियों का एक ही घातम बना हुआ है कि हम जो करेंगे वही होगा खबर प्रशासन से क्या कोई परिवर्तन हो सकता है। ऐसा प्रतीत होता है शासन व प्रशासन प्रकाशित खबर का कोई भी संज्ञान लेने में सक्षम नहीं है। इसीलिए कुठौंद तथा मदारीपुर में पनप रहे हैं। मानक विहीन हास्पिटल तथा क्लीनिक यदि इन पर अंकुश लग गया होता तो आज प्रसव के दौरान इस तरह की दर्दनाक मौत का सामना नहीं करना पड़ता।

### अंडा रोड पर बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में युवक हुआ घायल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कोंच(जालौन) । कोतवाली क्षेत्र में दिन सोमवार की देर रात करीब 11 बजे अंडा रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय कुमार पुत्र नंद किशोर अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बरोदा कला कस्बा एट से अपने घर बरोदा कला लौट रहा था इसी दौरान अंडा रोड स्थित कोल्ड स्टोर के समीप सामने से आ रही एक अन्य मो टरसाइकिल से उनकी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई टक्कर इतनी तेज थी कि अजय कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयाहादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा और 112 पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी कोंच ले जाया गया जहां डॉ. गौरव शर्मा ने घायल का प्राथमिक उपचार किया और युवक की गंभीर हालत को दरखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट गई।

### एक जनपद एक व्यंजन वित्त पोषण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

ललितपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने अवगत कराया है कि जनपद में एक जनपद एक व्यंजन वित्त पोषण योजनान्तर्गत दूध का हलुवा व्यंजन के रूप में सम्मलित किया गया है व इस योजनान्तर्गत उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए मार्जिन मनी योजना का लाभप्रदान किया जा रहा है जिसकी पत्रता की शर्ते आवेदक की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए, शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है,. आवेदक को किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए, आवेदक द्वारा भारत सरकार अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किसी अन्य स्वरोजगार योजना का पूर्व में लाभ प्राप्त न किया गया हो व लाभार्थी को परियोजना लागत का 5 से 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान लगाना होगा व. बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत पर नियमानुसार अधिकतम 25 प्रतिशत तक ऋण में अनुदान प्रदान किया जायेगा व आवेदन करने के लिए ऑन लाईन पोर्टल की बेबसाइट पर आप अपना आवेदन कर सकते है व ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ कर दिया गया है व परियोजना में अधिकतम ऋण की कोई सीमा नहीं है व लाभार्थी अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र स्टेशन रोड़ में सम्पर्क कर सकते है।

### सीड मनी हेतु करें आवेदन

ललितपुर। उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि कृषि निदेशालय उत्तर प्रदेश यू.पी.एम.आर.पी.प्रकोष्ट कृषि भवन लखनऊ के पत्रांक के माध्यम से उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम वर्ष 2026 -27 हेतु सीड मनी एफ.पी.ओ. के माध्यम से मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केंद्र एफ.पी.ओ. व उद्यमियों व स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हेतु कृषक उत्पादक संगठनों व उद्यमियों व स्वयं सहायता समूहों से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है, अतः ऑनलाइन आवेदन का लिंक पर उपलब्ध है सीड मनी हेतु आवेदन 25 जून तथा मिलेट्स प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केन्द्र तथा मिलेट्स मोबाईल आउटलेट एवं मिलेट्स स्टोर हेतु आवेदन 20 से 30 जून तक प्राप्त किये जायेंगे।

### समूह की महिलाओं ने 74 हजार रुपये का फर्जीबाड़े का लगाया आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कोंच(जालौन)।** स्वयं सहायता समूह में काम करने बाली महिलाओं को पता भी नहीं चला और उनके नाम से फील्ड ऑफीसर ने 74 हजार रुपया निकाल लिया और जमा न करने पर बसूली महिलाओं के नाम आ गयी।

ग्राम चमेंड में माँ संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह संचालित है जिसमें सदस्य ममता पत्नी रामलखन निबासी चमेंड के नाम से फर्जी तरीके से 74 हजार रुपया फीत्ड ऑफीसर मोहित तिवारी टोपोर व जयपाल पुत्र रामलाल निबासी हिंगुटा ने निकाल लिए जानकारी होने पर उक्त लोगों ने निकाला हुआ रुपया जमा करने की बात कहते हुए कुल 14 हजार रुपये जमा कर दिए जो स्टीमेट में दर्ज है इसके बाद अब ममता के ऊपर एक लाख तीन हजार 6 सौ 95 वे रुपया की बसूली आ गयी तब दिन मंगलवार को ममता ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक पत्र देते हुए उक्त लोगों के बिरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए निकाली गई धनराशि को बैंक में जमा कराए जाने की मांग की है इस दौरान गुड्डी रानी रिंकी सुनीता सीता कुसमा लीलावती गोरबी सहित तमाम स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रहीं।

### प्लॉट पर परिवार के ही व्यक्ति ने किया अवैध कब्जा

**जालौन।** पैतृक बंटवारे में पिता को मिले मकान के गिरने के बाद प्लॉट पर परिवार के ही व्यक्ति द्वारा कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने एसडीएम को शिकायती पत्र दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदवां निवासी हाल निवासी मोहल्ला तोपखाना चंद्रशेखर ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में उनके पूर्वजों के दो मकान थे। पैतृक बंटवारे में उसके पिता रामप्रकाश को एक मकान मिला था। कुछ समय बाद उसके पिता जालौन में आकर रहने लगे और गांव का मकान खाली पड़ा रहा। खाली मकान देखकर उसके परिवार के ही एक सदस्य ने कई बार मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। इसी बीच पिता की मृत्यु हो गई और देखरेख न होने की वजह से मकान गिर गया। वहां पर प्लॉट जैसा बन गया। इसी का फायदा उठाकर कुछ दिन पहले पारिवारिक सदस्य ने रात में ही इस प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू करा दिया। जानकारी होने पर जब वह गांव पहुंचा तो उसे भगा दिया गया। पीड़ित ने एसडीएम से उसकी जगह पर हो रहे निर्माण कार्य को रूकवाने की मांग की है।

# 1439 आईजीआरएस मामलों की दोबारा होगी जांच, राजस्व टीम मैदान में उतरी

-शासन के निर्देश पर शुरू हुआ री-चेकिंग अभियान, एक माह में पूरी होगी प्रक्रिया

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



उरई : री-चेकिंग अभियान के निर्देश देते एसडीएम ।

कालपी (जालौन)। शासन के निर्देश पर आईजीआरएस पोर्टल पर निस्तारित किए जा चुके भूमि संबंधी मामलों की दोबारा जांच का अभियान शुरू कर दिया गया है। एक वर्ष के दौरान निस्तारित हुए 1439 प्रकरणों की री-चेकिंग कर यह परखा जाएगा कि शिकायतों का समाधान वास्तविक रूप से हुआ है या नहीं। अभियान को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए राजस्व विभाग की टीम सक्रिय हो गई है।

उपजिलाधिकारी अमित शेखर के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक और लेखपालों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी मामलों की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनः जांच की जाए। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज भूमि विवाद संबंधी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा कराई जा रही है।कालपी तहसील में ऐसे कुल 1439 प्रकरण चिन्हित किए गए हैं, जिनकी दोबारा जांच होगी। उन्होंने बताया कि पुनः सत्यापन के दौरान शिकायतकर्ता से भी संपर्क किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित शिकायत का निस्तारण उसकी संतुष्टि के अनुरूप हुआ है या नहीं। यदि किसी मामले में अनियमितता या अपूर्ण निस्तारण पाया जाता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीमें लगातार कार्य कर रही हैं और एक माह के भीतर सभी 1439 मामलों की री-चेकिंग पूरी कर रिपोर्ट शासन को भेज दी जाएगी।

# एआरटीओ उरई की नई पहल स्वच्छता व पारदर्शिता से सुगम होगा वाहन मालिकों का काम

**-सौम्या पांडेय ने दिया सख्त संदेश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**उरई (जालौन)।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) का पदभार ग्रहण करते ही सौम्या पांडेय ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली में बड़े बदलाव की नींव रखी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वाहन मालिक अब बिना किसी मध्यस्थ या थर्ड पार्टी के, सीधे स्वयं अपनी फाइल लेकर कार्यालय आ सकते हैं और अपना काम निपटा सकते हैं। इस व्यवस्था से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि आम जनता का अनावश्यक शोषण भी रुकेगा।

अपनी कार्यशैली को लेकर बातचीत में एआरटीओ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए विभागीय पटलों के लिपिकों को साफ-साफ निर्देश दिए कि किसी भी वाहन मालिक की फाइल को लटकाने, भटकाने या अनावश्यक रूप से अटकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, उन्होंने वाहन मालिकों से अपील की कि यदि किसी पटल पर उनका कार्य जानबूझकर विलंबित किया जा रहा है, तो वे सीधे उनसे संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

कार्यालय परिसर में प्रवेश करते ही व्याप्त गंदगी को देखकर सौम्या पांडेय ने त्वरित संज्ञान लिया और तुरंत स्वच्छता अभियान की शुरुआत करवा दी। उनके नेतृत्व में पूरे परिसर को स्वच्छ, सुथरा और व्यवस्थित बनाने के प्रयास जोर-शोर से चल रहे हैं। उनका मानना है कि सरकारी कार्यालय की साफ-सफाई और अनुशासन सीधे तौर पर जनता की सेवा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं।

इसके अलावा, उन्होंने अवैध तत्वों के कार्यालय परिसर में प्रवेश पर पूर्ण रोक लगाने की बात कही है। उनका कहना है कि कार्यालय में अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मचारियों को समय-सीमा और ईमानदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी वाहन मालिक को बेवजह कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। साथ ही, लिपिकों को यह भी कहा गया कि यदि किसी कार्य में कोई तकनीकी या प्रशासनिक बाधा आती है, तो वे अपनी समस्या से उन्हें अवगत कराएँ।

जिससे समय रहते उसका निदान किया जा सके।सौम्या पांडेय की इस सक्रिय, पारदर्शी और जन-केंद्रित पहल से उरई के वाहन मालिकों में नई उम्मीद जगी है, और यह माना जा रहा है कि उनके कार्यकाल में परिवहन विभाग की छवि में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# जिलाधिकारी ने 100 युवाओं को औद्योगिक भ्रमण के लिए किया रवाना

**-विकसित भारत के संकल्प को साकार करने उद्यमिता को मिली नई उड़ान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



उरई : बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते दिखाते डीएम ।

**उरई(जालौन)।** केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत कार्यक्रम के तहत जनपद जालौन में युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करने हेतु एक विशेष औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से 100 युवा उद्यमियों को लेकर जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी योजनाओं के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण युवाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।भ्रमण के दौरान युवाओं ने राजकीय औद्योगिक आस्थान, कालपी स्थित हाथ कागज उद्योग की इकाइयों तथा खादी ग्रामोद्योग प्रशिक्षण संस्थान का अवलोकन किया। प्रसिद्ध उद्यमी प्रो. सलीम हाजी ने हाथ कागज निर्माण की पूरी प्रक्रिया, उत्पादन तकनीक और विपणन व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पारंपरिक उद्योगों को नवाचार और आधुनिक तकनीक से जोड़कर युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

उद्यमी संवाद में युवाओं ने वित्तीय सहायता, उत्पादन प्रबंधन और सरकारी योजनाओं पर अनुभवी उद्यमियों से चर्चा की। इस दौरान हाथ कागज संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी, विनीत गुप्ता, भोले शंकर शर्मा, सहायक आयुक्त उद्योग हेमन्त कुमार, सीएम युवा फेलो शशिकांत, भूपेन्द्र पाल, उद्यमी मित्र मनोज गुप्ता सहित कई अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने युवाओं को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका का अनुभव कराया।

### कोचिंग पढ़कर लौट रही छात्रा को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

कोंच(जालौन)। सहेली के साथ कोचिंग पढ़कर छात्रा स्कूटी बापिस घर जा रही थी तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे छात्रा गिरकर घायल हो गयी। मुहल्ला नया पटेल नगर बाबू पैलेस के पास निबासी हरी सिंह की पुत्री रिया पटेल अपनी सहेली कशिश के साथ पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास से कोचिंग पढ़कर स्कूटी से बापिस घर लौट रही थी और जैसे ही सोनालिका एजेंसी के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे प्रिया सड़क पर गिरकर घायल हो गयी और उसकी सहेली को मामूली चोटें आयीं घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना दी और उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल छात्रा को जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### ऑटो बेकाबू होकर खाई में गिरा, आधा दर्जन सवारियां चुटहिल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

जालौन। सातमील के पास एक तेज रफ्तार ऑटो बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में गिर गया। हादसे में ऑटो सवार लगभग आधा दर्जन सवारियां चुटहिल हो गईं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को उरई अस्पताल पहुंचाया गया।

उरई से सवारियां लेकर एक ऑटो जालौन की ओर आ रहा था। जब वह ऑटो सातमील के पास पहुंचा। तभी तेज रफ्तार ऑटो से उसका चालक संतुलन खो बैठा। चालक ऑटो को नियंत्रित नहीं कर सका और ऑटो बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में गिर गया। खाई में ऑटो के गिरने से उसमें सवार लगभग आधा दर्जन सवारियां चोटिल हो गईं और उनमें चीख पुकार मच गई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने ऑटो से सवारियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को उरई अस्पताल भिजवाया है।

# स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर वृद्धाश्रम में योगाभ्यास आयोजित



ललितपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे योग सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को योग प्रशिक्षक अमित झा, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर ललितपुर द्वारा आयु एवं स्वास्थ्य के अनुरूप सरल योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, तनाव कम होता है तथा वृद्धावस्था में होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में सहायता मिलती है। योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय एवं आत्मनिर्भर वृद्धावस्था का आधार है व योग के माध्यम से शरीर में लचीलापन, संतुलन तथा सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है, जिससे जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनती है। इस दौरान डॉ. हिमांशी, वार्ड बॉय भूपेंद्र कुमार एवं वृद्धाश्रम का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। अंत में सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

# ग्रेट निकोबार बचाने और कॉरपोरेट लूट रोकने की मांग को लेकर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



उरई : हस्ताक्षर अभियान चलाते कांग्रेस कार्यकर्ता ।

कोंच(जालौन)। नगर में दिन सोमवार की शाम चंदकुआ चैराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रेट निकोबार द्वीप को बचाने तथा कथित कॉरपोरेट लूट को रोकने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया अभियान का नेतृत्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने किया इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अभियान में भाग लेकर अपने हस्ताक्षर किए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया

नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि ग्रेट निकोबार क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है यहां की जैव विविधता वन संपदा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण देश और आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े विकास परियोजनाओं के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का खतरा बढ़ रहा है जिससे पर्यावरण और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो सकता है

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक धरोहरों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध है इसी उद्देश्य से जनसमर्थन जुटाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है ताकि सरकार तक जनता की आवाज पहुंचाई जा सके कार्यकर्ताओं ने लोगों को ग्रेट निकोबार के महत्व और वहां संभावित पर्यावरणीय चुनौतियों के बारे में जानकारी भी दी अभियान के दौरान सईद शाकिर अली नासिर खान अवधेश अवस्थी शहाबुद्दीन राइन विशाल अहमद विनोद कुशवाहा सज्जन वर्मा सूरज याज्ञिक रघुवीर कुशवाहा लकी दुबे संजीव कुशवाहा आमिर ए.सी. वाले मुन्ना लाल रजक अरविंद वालू शर्मा कासिम जाकिर आशीष पप्पू सोनी और आजाद उद्दीन सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जनहित से जुड़े मुद्दों पर पार्टी आगे भी जनजागरण अभियान चलाती रहेगी तथा आम जनता को इस मुहिम से जोड़ने का प्रयास जारी रखा जाएगा।

# ओडीओपी से मिली नई पहचान, हस्तनिर्मित कागज उद्योग को और प्रोत्साहन देने की उठी मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कालपी(जालौन)।** उ.प्र. हस्तनिर्मित कागज निर्माता समिति के उद्यमी सम्मेलन में पारंपरिक कागज उद्योग के विकास, सरकारी योजनाओं के लाभ और उद्योग की चुनौतियों पर मंथन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि ओडीओपी योजना और विभिन्न वित्तीय प्रोत्साहनों से उद्योग को नई गति मिली है, जबकि उद्यमियों ने कारोबार विस्तार के लिए अतिरिक्त सुविधाओं की मांग उठाई।

समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में जिला उद्योग केंद्र के सहायक उपायुक्त हेमंत कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और नए उद्योग स्थापित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सहायता और 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी से स्थानीय उद्यमियों को राहत मिली है, जिससे उद्योग को मजबूती मिली है। जिला उद्योग केंद्र के सहायक प्रबंधक शरद सिंह, उद्यमी मित्र आर.पी. गुप्ता तथा आईटीआई कालपी के प्रधानाचार्य श्रवण शुक्ला ने कहा कि कालपी का हस्तनिर्मित कागज उद्योग आज भी देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र नाथ गुप्ता ने उद्योग के समक्ष मौजूद समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में पात्रता की आयु सीमा 40 वर्ष से बढ़ाकर 45 वर्ष करने तथा ऋण सीमा पांच लाख रुपये से बढ़ाकर दस लाख रुपये किए जाने की मांग रखी। अधिकारियों ने मांगों पर सकारात्मक विचार का भरोसा दिलाया।

सम्मेलन में भोला शर्मा, हाजी सलीम, राजू पतारा, दिनेश गुप्ता, सुएब हाशमी, विनीत गुप्ता, गगन गुप्ता, संजय निगम समेत अन्य उद्यमियों ने उद्योग के विस्तार और रोजगार सृजन को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण आईटीआई कालपी और उरई के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण रहा।

### एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत के अन्तर्गत विभिन्न ट्रेडों के साक्षात्कार 22 जून से

ललितपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत के अन्तर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु आमंत्रित किया गया था, जिसके अगले चरण में साक्षात्कार का प्रयोजन किया जाता है, योजना का दूसरा चरण 22 जून से शुरू हो रहा है। जिसमें प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदक एवं पिछले सत्र में ऐसे आवेदक जो किसी कारणवश साक्षात्कार में नहीं उपस्थित हो सके व योजना के लाभ से वंचित रह गये, उन सभी लाभार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से अगले चरण प्रशिक्षण कार्यकम में चयन हेतु साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य है व महत्वपूर्ण जानकारी आवेदक को अपने साथ ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट एवं आधार कार्ड लेकर 22 जून से 11 से 3 बजे के बीच जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है ।

### टेंडर विवाद में गाली-गलौज व धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

तालबेहट। सिविल लाइन निवासी अनिल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 9 जून की सुबह करीब 10.30 बजे वह आर्मी कैंट क्षेत्र स्थित एम.ई.एस. कार्यालय में मौजूद थे व इसी दौरान ग्राम बनगुवांकला निवासी चंद्रभान सिंह बुंदेला वहां पहुंचे व टेंडर विवाद को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगे व पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी व कहा कि वह उसे टेंडर नहीं लेने देंगे व घटना के समय कार्यालय में जे.ई. वैभव, क्लर्क गुरुदयाल व जे.ई. हरीश भी मौजूद थे व पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आपसी सौहार्द के साथ मनायें मोहर्रम : डीएम



**. अधिकारियों को दिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश**

**. जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित कराने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री अमित आसेरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि चंद्र दर्शन के अनुसार 17 जून से 26 जून 2026 तक जनपद के विभिन्न मार्गों से मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि जुलूस मार्गों की साफ.सफाईए सड़क मरम्मतए झाड़ी.कटान कराई जाए। ताजियों की ऊंचाई मानक के अनुरूप रखी जाए। विद्युत एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर खुलेध्लटके विद्युत तारों को ठीक कराए। जल संस्थान द्वारा जुलूस मार्गों पर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं पाइपलाइन लीकेज ठीक कराए जाएं। केन नदी के किनारे ताजिया विसर्जन हेतु गड्ढे खोदकर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा को दिए। लाउडस्पीकर की ध्वनि मानक सीमा में रखी जाए। जुलूस पारंपरिक रूप से एवं परंपरागत ढंग से ही निकाले जाएं। संबंधित सभी विभागों के अधिकारी जुलूस मार्गों का भ्रमण कर अपने.अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति सद्भाव एवं भाईचारे का प्रतीक है। पर्व बिना किसी भेदभाव एवं विघ्न के संपन्न कराया जाए।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी सुझाव दिए गए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराजए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार धर्मेंद्रए नगर मजिस्ट्रेट संदीप अकेलाए अपर पुलिस अधीक्षक मेविस टाक सहित समस्त उप जिलाधिकारीए क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित मोहर्रम शहर कमेटी बांदा के अध्यक्ष डाण्शोएब नियाजीए महामंत्री आसिफ अलीए उपाध्यक्ष अरशद निजामी आदि मौजूद रहे।

## दुग्ध उत्पादन एवं आय वृद्धि के लिए सुनहरा अवसर

**. मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ.संवर्धन योजना के तहत गौपालक कर सकते हैं आवेदन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,बांदा।** दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ.संवर्धन योजना के अन्तर्गत गौपालकों को उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई स्थापित करने के लिए शासन द्वारा अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उप दुग्धशाला विकास अधिकारी ध् जिला समन्वयकए नन्दबाबा दुग्ध मिशनए बाँदा ने बताया कि योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को दो उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों की इकाई स्थापित करने पर स्थापना लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 80 हजार रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य प्रदेश में स्वदेशी गौवंश का संरक्षण एवं संवर्धन करनाए दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर सृजित करना है। यह योजना प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संचालित की जा रही है। योजना के अन्तर्गत बाह्य प्रदेशों से गिरए साहीवालए थारपारकर एवं हरियाणा नस्ल की उन्नत स्वदेशी गायों के क्रय पर अनुदान प्रदान किया जायेगा। क्रय की जाने वाली गाय प्रथम अथवा द्वितीय ब्यात की होनी चाहिये। उन्होंने यह भी बताया कि योजना में महिला दुग्ध उत्पादकों ध् गौपालकों को विशेष प्राथमिकता देते हुए कुल निर्धारित लक्ष्य का 50 प्रतिशत चयन महिलाओं के लिए सुनिश्चित किया गया है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थियों से आवेदन नन्दबाबा दुग्ध मिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया 11 जून 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है तथा 10 जुलाई 2026 तक आवेदन किये जा सकते हैं। योजना से सम्बन्धित विस्तृत दिशा.निर्देश एवं पात्रता सम्बन्धी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है। आवेदन हेतु इच्छुक गौपालक दुग्ध उत्पादक पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारीए उप दुग्धशाला विकास अधिकारी अथवा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## मैनपावर बढ़ाकर पूर्ण करें जल जीवन मिशन का कार्य- डीएम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट ।** जल जीवन मिशन के कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में निर्माण कंपनियों के साथ बैठक की। जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ने बताया कि फर्म एलएंडटी व जीवीपीआर द्वारा पर्याप्त मैनपावर न लगाए जाने से काम की रफ्तार प्रभावित है। इस पर डीएम ने दोनों कंपनियों के प्रोजेक्ट मैनेजर को तत्काल पर्याप्त मैनपावर व मशीनरी तैनात कर अवशेष कार्य समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने जल जीवन मिशन की तीनों प्रमुख ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि पाठा क्षेत्र की रैपुरा ग्राम समूह योजना के तहत 68 में से 65 गांवों में नियमित जलापूर्ति हो रही है। इस पर डीएम ने शेष कार्य 30 जून तक पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्था जीवीपीआर को दिए। चांदी-बांगर ग्राम समूह योजना में बताया कि 286 में से 190 गांवों में पानी पहुंच चुका है। इस पर एल एंड टी को बाकी काम 30 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। सिलौटा-मुस्तकिल ग्राम समूह योजना में बताया कि योजनांतर्गत सभी 59 गांवों में जलापूर्ति शुरू हो चुकी है। इस पर डीएम ने अवशेष ओएचटी पर स्काडा व ऑटोमेशन का कार्य 30 जून तक पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम ने एडीएम (नमामि गंगे) व अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान जिन गांवों की सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनकी मरम्मत 30 जून से पहले युद्धस्तर पर प्राथमिकता से पूरी कराई जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि समस्त सीडब्ल्यूआर पर पेयजल आपूर्ति के लिए निर्बाध बिजली सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिन गांवों में जलापूर्ति शुरू हो चुकी है, वहां जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में 'जल उत्सव' मनाने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### जानकी कुंड अस्पताल की आड़ में नगर में कई चश्मा की अवैध दुकाने संचालित है

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** जानकारी व्यक्ति नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सुप्रसिद्ध जानकी कुंड अस्पताल चित्रकूट के नाम से नगर अतर्रा में चश्मा की अवैध दुकाने संचालित है। स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचल के भोले भाले महिला पुरुषों को गुमराह करने के लिए जानकी कुंड अस्पताल से संबंधित एक ही दुकान संचालित है। बाकी अधिकांश दुकानें चश्मा की दुकान चलाने के लिए जापानी मशीन से आंखों की जांच होती है बकायदे अपने.अपने बोर्ड में लिखा कर रखा है। बताया जाता है कि उपरोक्त दुकान संचालकों द्वारा स्वयं आंखों के डॉक्टर बनकर जापानी मशीन का लालीपॉप दिखाते हुए तथा जानकी कुंड अस्पताल से अटैचमेंट बताते हुए आंखों के परेशान मरीजों को फसाकर उनके साथ धोखा कर रहे हैं। एवं बड़े.बड़े बोर्ड में लिखे हुए है जानकी कुंड अस्पताल से अटैचमेंट। ऐसी स्थिति में पढ़े लिखे लोगों के साथ भी भ्रामक स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बांदा कार्यालय से चश्मा की दुकान संचालित करने वाले लोग अपना अपना अटैचमेंट बनाए हुए हैं जिससे कार्रवाई से बच सके। बकायदे सी मो कार्यालय के किसी ना किसी स्टाफ के संपर्क में रहते हैं और हर महीने सुविधा शुल्क यह लोग देकर धड़ल्ले के साथ आंखों के मरीज के साथ खिलवाड़ करते हैं। जब इस संबंध में सी मो बांदा के दूरभाष पर संपर्क किया गया तो नाट रीचेबल फोन बता रहा था।

### बुंदेलखंड में प्यास से बेहाल ग्रामीण

**. स्वजल धारा के अंतर्गत सरकारी ट्यूबवेलों पर भू.माफियाओं का कब्जा**

**बांदा।** बुंदेलखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाके इन दिनों भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। एक ओर सरकार श्हर घर नल से जलश् योजना का दावा कर रही हैए वहीं दूसरी ओर पूर्व में स्थापित स्वजल धारा कार्यक्रम के तहत बने लाखों रुपये के सरकारी ट्यूबवेल प्रशासनिक लापरवाही के कारण कबाड़ में तब्दील हो गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई ट्यूबवेलों को प्रभावशाली लोगों और भू.माफियाओं ने निजी संपत्ति की तरह अपने कब्जे में ले लिया है।

जनता दल यूनाइटेड ;जदयूद्ध के प्रदेश उपाध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवीन्द्र नाथ गुप्ता ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बबेरूए तिन्दवारीए जसपुरा और कमसिन जैसे ब्लॉकों का विशेष उल्लेख किया हैए जहाँ वर्ष 2011 में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ये ट्यूबवेल स्थापित किए गए थे।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि संबंधित विभागों के पास इन ट्यूबवेलों का न तो कोई अद्यतन डेटाबेस है और न ही इनका कभी भौतिक ऑडिट कराया गया है। प्रशासनिक उदासीनता का आलम यह है कि किसी भी अधिकारी को यह तक नहीं पता कि वर्तमान में इनमें से कितने ट्यूबवेल चालू हैं और कितने बंद। सरकारी भूमि और मशीनों के इस तरह से निजी उपयोग को उन्होंने जनसंपत्ति का सीधा नुकसान बताया है।

प्रशासन से की गई प्रमुख मांगें सभी ब्लॉकों में स्थापित ट्यूबवेलों की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित हो। सरकारी संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और ट्यूबवेल परिसरों को मुक्त कराया जाए ए जो ट्यूबवेल मरम्मत योग्य हैंए उन्हें श्जल जीवन मिशनश् या अन्य किसी योजना से जोड़कर पुनः चालू किया जाए। क्रियाशील ट्यूबवेलों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक की जाएए ताकि स्थानीय नागरिक इनकी देखरेख और निगरानी कर सकें। रवीन्द्र नाथ गुप्ता ने बताया कि यदि सरकारी ट्यूबवेलों की सुध नहीं ली गईए तो यह क्षेत्र के निवासियों के श्स्वच्छ जलश् के मौलिक अधिकार का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने प्रशासन से इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा की है। ज्ञापन देने में महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पिंकी प्रजापति ए विकलांग प्रकोप जिलाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति एबिहारीलाल अनुरागी आदि लोग शामिल रहे।

## पुलिस लाइन में जवानों ने किया योगाभ्यास

चित्रकूट- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे योग सप्ताह के तहत मंगलवार को पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय व विभिन्न शाखाओं में तैनात जवानों ने एक साथ योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योग विभाग प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह व उनके सहयोगियों ने प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव की उपस्थिति में पुलिसकर्मियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि योग न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है, बल्कि तनाव दूर कर आत्मसंयम, अनुशासन व एकाग्रता का भी विकास करता है। तनावपूर्ण ड्यूटि के बीच पुलिसकर्मियों के लिए नियमित योग अत्यंत लाभदायक है। कार्यक्रम के अंत में सभी जवानों ने योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहते हुए बेहतर सेवा देने का संकल्प लिया।

## कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का हुआ भव्य समापन

**. खिलाड़ियों में दिखा उत्साह और जुनून**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो बांदा।** जिला कबड्डी एसोसिएशनए बांदा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कबड्डी समर कैंप सीजन.7 का समापन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कैंप के आखिरी दिन खिलाड़ियों में गजब का जोश और जुनून देखने को मिला। खिलाड़ियों ने कहा कि इन 15 दिनों में उन्हें कबड्डी के नए.नए कौशल सीखने के साथ.साथ अनुशासनए समय की महत्ताए नियमित खानपानए बड़ों का सम्मान और सीनियर खिलाड़ियों का आदर करने जैसी महत्वपूर्ण सीख भी मिली। खिलाड़ियों ने मुस्कुराते हुए कहा कि ष्आठवां सीजन इतनी जल्दी आ जाए कि हम फिर से कैंप का हिस्सा बन सकें।ष

समापन दिवस पर खिलाड़ियों को मनोरंजन और सीख के साथ मैत्री कबड्डी मुकाबले खेलने का अवसर भी मिला। प्रतियोगिताएं चार आयु वर्गों मिनीए सब जूनियरए जूनियर और सीनियर वर्ग में



आयोजित की गईं। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी तथा आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक माया शंकरए एसडीएम इरफान उल्लाह खानए एमिटी स्कूल के संचालक विप्रांश यादवए लेखपाल कैलाश चंद्रए डीके सिंहए एसआई राजेंद्र वर्माए महेश जी तथा राजेंद्र जी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कैंप को सफल बनाने में चंद्रमौली भारद्वाजए शादी जमा साहबए अरुणेश सिंहए धर्मेंद्र त्रिपाठीए कैलाश चंद्र लेखपालए सुनील सक्सेनाए अंकित कुशवाहाए नारायण सिंहए क्षितिज त्रिपाठी और विप्रांश यादव का विशेष योगदान रहा। अंत में जिला कबड्डी एसोसिएशनए बांदा के सचिव कमल सिंह यादव ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियोंए खिलाड़ियोंए अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना ने किया।

## मुक्तिधाम की अव्यवस्थाओं से परेशान होते है नगरवासी- कुरील

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट ।** अतर्रा महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रमेश चन्द्र कुरील ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूटधाम कर्वी में मुक्तिघाट पूर्णतया क्षतिग्रस्त है। यहां न तो छाया की व्यवस्था है और न ही बैठने की जगह है।

बताया कि यहां नदी किनारे भू-माफियाओं का कब्जा है। साथ ही दाह संस्कार के लिए लकड़ी न उपलब्ध होने के कारण लोगों को समस्या होती है। ऐसे में मुक्तिधाम नदी पुल कि नीचे भू-माफियाओं का कब्जा हटाकर बेहतरीन मुक्तिधाम निर्मित कराया जाए, जिसमें दाह संस्कार के लिए इलेक्ट्रिक मशीन लगाई जाए। साथ ही छाया के लिए पौधे, यात्रीशेड, कुर्सिया एवं पेयजल व्यवस्था कराई जानी चाहिए। आरोप लगाया कि नगर पालिका में विकास के नाम पर करोड़ों का बजट आता है, किंतु अच्छे कार्यों में पैसा न खर्च कर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अपने चहेते ठेकेदारों को निविदाएं देकर सरकारी धनराशि का बंदरबांट कर रहे है। भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। जबकि बांदा और चित्रकूट जनपद पूरे देश में सबसे ज्यादा गर्म बने रहते है। ऐसे में रेलवे स्टेशन, कर्वी बस स्टैण्ड, जिला अस्पताल, सब्जी मण्डी, रामघाट व बेड़ी पुलिया में पौशालाएं खुलवाकर सही तरीके से संचालित कराई जानी चाहिए।

## चोरी करने वाले अंतरजनपदीय शातिर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदो।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से चोरी करने वाले शातिर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्रांतर्गत राजकीय हाईस्कूल एवं एक किराने की दुकान में चोरी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना जसपुरा में अभियोग पंजीकृत करते हुए चोरी की घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था तथा घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया था । जिसके क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले एक अन्य अभियुक्त को भरुवा.जसपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया । पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने थाना जसपुरा क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर माह फरवरी में एक विद्यालय तथा माह मई में एक किराना की दुकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था । तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से चोरी के सामानों की बिक्री से प्राप्त 1300ध् रुपए बरामद हुए है । प्रकरण में और गहनता से जांच की जा रही है कि इनके द्वारा और किन.किन स्थानों से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है साथ इनके गिरोह में और कौन.कौन शामिल है । गिरफ्तार अभियुक्तों में करन पुत्र छोटे निवासी भमई थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर है।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने दिया जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा ।** आज दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर सुमित शुक्ला एवं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय को ज्ञापन सौंपकर सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले में जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रत्येक घर पानी पहुंचाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया है कि जल जीवन मिशन योजना के तहत् जब से गांव में पानी छोड़ा गया है तब से लेकर आज तक एक बूंद पानी मुहल्ले में नहीं आया। लगातार शिकायती पत्र देने के बाद भी आश्वासन छोड़ कुछ भी हासिल नहीं हुआ यहां तक कि कोई भी कर्मचारी गांव पहुंच कर समस्या जानने का प्रयास नहीं करता। जनपद मैं पड रही भीषण गर्मी को देखते हुए जल्द से जल्द सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले के आस पास प्रत्येक घर पानी पहुंचाने की मांग की गई है। इसके साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर इस बार 25 जून 2026 तक मुहल्ले में पानी ना पहुंचने अथवा पानी पहुंचाने का प्रयास ना होने पर समस्त मोहल्ले वासियों द्वारा अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। आप सभी को ज्ञात हो की

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो साल से अधिक का समय हो गया किन्तु हमारे गांव में अभी तक महादेवन मंदिर मुहल्ले के आस पास पानी नहीं पहुंच सका है। जिसके लिए लगातार गांव के अन्य लोगों द्वारा शिकायती पत्र दिए जा रहे हैं किन्तु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के बाद आज यहां पर आश्वासन के साथ भरोसा दिया गया है कि कल ही टीम सहेवा का दौरा कर काम शुरू कर देगी। तथा जल्द से जल्द सहेवा गांव के महादेवन मंदिर मुहल्ले में पानी पहुंचाने के साथ ही अन्य शेष समस्याओं को समाधान करने की दिशा में काम किया जायेगा।

इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला छोट्टू मिश्रा उर्फ राजकूमार मिश्रा पंकज प्रजापति राजू सोनी भास्कर यादव राजू यादव प्रकाश मुकेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# योगी सरकार में विकास को मिल रही नई रफ्तार

**-लसडा से कारूबाबा धार्मिक स्थल होते हुए दौनाय घाट तक 67: निर्माण कार्य हुआ पूरा**

**-2.71 करोड़ रुपये की लागत से पैलानी क्षेत्र में हो रहा है शानदार संपर्क मार्ग का निर्माण**




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बांदा जिले के पैलानी क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक बड़ी सौगात दी गई है। पैलानी में 2ण्71 करोड़ रुपये की भारी लागत से एक शानदार संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग लसडा से प्रसिद्ध कारूबाबा धार्मिक स्थल होते हुए सीधे दौनाय घाट तक बनाया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की मुस्तैदी के कारण अब तक इस परियोजना का 67 प्रतिशत निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

आप सभी को ज्ञात हो की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और कड़े दिशा निर्देशों का ही नतीजा है कि जो काम पहले सालों लटके रहते थे वे अब समयसीमा से काफी पहले पूरे हो रहे हैं। इस सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की आधिकारिक समयसीमा फरवरी 2027 तय की गई है। लेकिन जिस तेज रफ्तार से काम चल रहा है उसे देखकर साफ है कि यह मार्ग अपनी डेडलाइन से काफी पहले बनकर तैयार हो जाएगा। आज पैलानी क्षेत्र की ग्रामीण सड़कें तेजी से चमचमा रही हैं। इस नए संपर्क मार्ग के बनने से न केवल लसडा और दौनाय घाट के ग्रामीणों का सफर आसान होगा बल्कि कारूबाबा धार्मिक स्थल आने वाले श्रद्धालुओं को भी कीचड़ और गड्ढों से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी।

योगी सरकार की इस विकासपरक सोच से क्षेत्रीय जनता में भारी उत्साह है। ग्रामीणों का कहना है कि दशकों से यह इलाका उपेक्षित था लेकिन महाराज जी के नेतृत्व में पहली बार गांवों और धार्मिक स्थलों के कायाकल्प को इतनी प्राथमिकता दी जा रही है।

दौनाय घाट तक सुगम मार्ग बनने से क्षेत्र में व्यापारए परिवहन और पर्यटन के नए अवसर खुलेंगे। योगी सरकार की अंतिम छोर तक विकास की नीति आज बांदा के ग्रामीण अंचलों में धरातल पर साफ दिखाई दे रही है। चमचमाती सड़कें और धार्मिक स्थलों का यह कायाकल्प प्रदेश में सुशासन और विकास के एक नए युग का जीवंत उदाहरण है।

## जीएनएम प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्नए 26 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,बांदा।** अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालयए उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीएनएम ;जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरीद्ध प्रवेश परीक्षा मंगलवार को चित्रकूट धाम मंडल के बांदा जनपद मुख्यालय स्थित आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज में शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर कुल 349 अभ्यर्थी पंजीकृत थेए जिनमें से 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेए जबकि शेष अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सीसीटीवी कैमरोंए वीडियोग्राफीए फोटोग्राफी तथा बायोमेट्रिक स्कैनिंग की कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के सफल संचालन में केंद्राध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडे के नेतृत्व में विद्यालय की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहीं वीडियो निगरानी की जिम्मेदारी संभाल रही सुनील सक्सेना और अनकी टीम ने भी परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया। कड़े सुरक्षा प्रबंधों और व्यवस्थाओं के बीच जीएनएम प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## लापता न.पा. कर्मी मथुरा-वृंदावन के आश्रम में बांट रहा था भंडारे का प्रसाद, पुलिस ने किया बरामद



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट ।** दो महीने से लापता नगर पालिका कर्मी जगदीश प्रसाद (45) को पुलिस ने मथुरा-वृंदावन के गौतम ऋषि आश्रम से सकुशल बरामद कर लिया। जब पुलिस टीम आश्रम पहुंची तो जगदीश वहां चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांट रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे अपनी मर्जी से आए थे, किसी ने न तो अपहरण किया और न ही जबरन लाया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मणपुरी कर्वी निवासी जगदीश प्रसाद के बेटे उदय कुमार ने बीती 19 अप्रैल को पिता के गायब होने की सूचना कोतवाली कर्वी में दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल-ढाबों समेत तमाम संभावित ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद जगदीश की 23 वर्षीय बेटी सोनिया ने 13 मई को तहरीर देकर गुलशन कुमार नामक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस पर नालंदा बिहार निवासी गुलशन को तलाशकर उसके माता-पिता सहित पूछताछ की गई, लेकिन उससे भी जगदीश के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

इसके बाद कर्वी कोतवाली में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया। खोजबीन के दौरान बीती 13 जून को जगदीश के साले राहुल के मोबाइल पर कृष्णा महाराज उर्फ कुलदीप नामक व्यक्ति का फोन आया, जिसने बताया कि जगदीश पिछले डेढ़-दो महीने से उनके साथ रह रहे हैं। जिसकी सूचना राहुल ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। लोकेशन के आधार पर एसओजी टीम मथुरा-वृंदावन पहुंची और गौतम ऋषि आश्रम से जगदीश को बरामद कर लिया। जगदीश वहां चल रहे भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद बांट रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे अपनी मर्जी से आए थे, किसी ने न तो अपहरण किया और न ही जबरन लाया।

**बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल**

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिमारा के पास बाइकों की भिड़ंत में पिता पुत्र व तीन बच्चे घायल हो गए। सूचना पर सरकारी एंबुलेंस के चालक ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत छिमारा के समीप बाइकों की भिड़ंत में सूरज सिंह व पिता लालाराम सहित पुत्र शुभ 6 वर्ष पुत्री वैष्णवी 9 वर्षीय पुत्री कृष्णा 13 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गयी। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया।

## परिवहन निगम के कर्मचारी की मनमर्जी के चलते प्रदेश सरकार की योजनाओं पर लग रहा है ग्रहण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, छिबरामऊ कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छिबरामऊ की जनता को यात्रा सुविधा का लाभ देने के लिए पिछली पंचवर्षीय योजना में बस स्टॉप का पुनर्निर्माण कराया गया था लेकिन कर्मचारियों के मनमर्जी के चलते बस स्टॉप का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस स्टॉप जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत जनता को लाभ देने के लिए पुनर्निर्माण कराया गया था लेकिन प्रदेश सरकार की योजनाओं को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारी लगातार धराशाई कर रहे हैं जिस दिन से परिवहन निगम बस स्टॉप सुचार रूप से चालू हुआ उसी दिन से कर्मचारी की मनमर्जी के चलते सवारी का आवागमन बस स्टॉप पर बंद हो गया बस स्टेशन से गाड़ियां जाती हैं लेकिन सवारी बाईपास से ही बैठलती है बाईपास पर ही सवारी उतरती हैं बस स्टॉप पर खाली आती है क्योंकि यह सवारी आएगी तो जाम लग जाएगा ऐसा कर्मचारियों का मानना है जबकि परिवार निगम द्वारा एक कर्मचारी की ड्यूटी पूर्वी बाईपास पर लगाई जाती है वह इसलिए लगाई जाती है कि गाड़ियों को बस स्टॉप तक भेजा जाए लेकिन कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी ड्यूटी के हिसाब से नहीं करता है सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने के लिए करता है क्षेत्रीय विधायक द्वारा खाटू श्याम लिंक बस सेवा शुरू कराई गई थी स्थानीय कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते वह भी बंद हो गई विगत कई वर्षों से लगातार आम जनता द्वारा मांग की जा रही है हरिद्वार बस सेवा शुरू की जाए चर्चा है कि हरिद्वार का परमिट भी आ चुका है लेकिन बस सुचारू से चालू नहीं हो सके प्रदेश सरकार द्वारा नौतपा से बचने के लिए यात्रिक्तिशाली में कूलर की स्थापना की गई जब यहां पर यात्री नहीं आते हैं तो यात्री प्रतीक्षालय का क्या मतलब इसका लाभ स्थानी कर्मचारी उठा रहे हैं बस स्टॉप वर्कशॉप बनकर रह गया है उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा ग्रामीण बस सेवा शुरू की गई थी जिसमें 20: किराया कम था कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते ग्रामीण बस सेवा चंद्र दोनों के बाद ही बंद हो गई ग्रामीण क्षेत्र से बाहर के डिपो की बसें दिल्ली के लिए रवाना होती हैं लेकिन छिबरामऊ बस स्टेशन की कोई भी बस ग्रामीण क्षेत्र से दिल्ली से आवागमन नहीं होता हैं ।

## ई.पंजीकरण के खिलाफ बार एसोसिएशन छिबरामऊ ने मुख्यमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन दिया



**छिबरामऊ कन्नौज ।** बार एसोसिएशन छिबरामऊ द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी छिबरामऊ को सौपा गया

बार एसोसिएशन की आम बैठक में ई पंजीकरण के खिलाफ आम सहमत के बाद मुख्यमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी को लिखित ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देते समय बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तवए महासचिव पंकज मिश्राएवरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबेएउपाध्यक्ष दिनेश यादबएराजकुमार सिंहए रजनीश यादवएअमित दुबेए आलोक दीक्षितए राजीव हजेलाएमोहम्मद फैजएपूर्व महासचिव ललित प्रताप सिंहएअभिषेक दुबेए पंकज चतुर्वेदी ए रावेन्द्र सिंह चौहानए ब्रह्मदत्त यादव सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### डिस्कवरी एक्सपीरियंस, ब्यूटीवर्स की अमेज़न ने की घोषणा

**कानपुर।** अमेज़न इंडिया ने आज अपने प्रमुख ब्यूटी डिस्कवरी एक्सपीरियंस, ब्यूटीवर्स की घोषणा की ,जो 20 जून को मुंबई में आयोजित होने जा रहा है। इसमें अनन्या पांडे, शिल्पा शेट्टी, सोनाक्षी सिन्हा, करिश्मा कपूर, जैकलिन फर्नांडीस, मीरा कपूर, उर्फी जावेद, महीप कपूर, सुशांत दिवगिकर और कई अन्य हस्तियां शामिल होंगी। पहली बार ब्यूटीवर्स अमेज़न.इन पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट के माध्यम से ऑनलाइन भी उपलब्ध होगा, जिससे पूरे भारत में लाखों ग्राहक इस जुलाई में अमेज़न प्राइम डे से पहले हज़ारों ब्रांड्स को एक्सप्लोर कर सकेंगे, नए लॉन्च खरीद सकेंगे और क्रिएटर-आधारित कंटेंट तक पहुंच सकेंगे। अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर-ब्यूटी सिद्धार्थ भगत ने कहा पिछले साल ब्यूटीवर्स ने 1,400 से अधिक अटेंडीज़ और ब्रांडों को एक साथ लाया था, जिन्होंने इवेंट के बाद अपने व्यवसाय में 1.6 गुना की वृद्धि देखी। इस साल हम 2,000 से अधिक अटेंडीज़, 70 ब्रांड्स, भारत के सबसे बड़े सेलिब्रिटीज़, 600 से अधिक क्रिएटर्स और प्राइम मेंबर्स को एक साथ ला रहे हैं, जो इसे हमारा अब तक का सबसे बड़ा एडिशन बनाता है। पहली बार ब्यूटीवर्स को अमेज़न.इन पर विस्तारित करके हम इस अनुभव को देश भर के लाखों ग्राहकों के लिए सुलभ बना रहे हैं।

### एक जनपद एक व्यंजन योजना से मिलेगी पारंपरिक व्यंजनों को वैश्विक पहचान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो , फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के पारंपरिक एवं विशिष्ट व्यंजनों को राष्ट्रीय.अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए एक जनपद एक व्यंजन योजना शुरू की है। योजना के तहत जनपद विशेष के पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण संवर्धन ब्रांडिंग और उद्यम विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

उपायुक्त उद्योग सोनाली जिंदल ने बताया कि व्यंजन आधारित उद्यमों की स्थापना विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। उत्पादकता बढ़ाने को आधुनिक मशीनों की स्थापना पैकेजिंग.लेबलिंग कोल्ड चेन व्यवस्था गुणवत्ता परीक्षण उपकरण क्लाउड किचन और अन्य नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने बताया कि योजना में मार्जिन मनी का प्रावधान है 1ण् 25 लाख तक की परियोजना लागत पर 25: या अधिकतम 6ण25 लाख 25.50 लाख की लागत पर 6ण25 लाख या 20 प्रतिशत जो भी अधिक हो 50 लाख.1ण50 करोड़ की लागत पर 10 लाख या 10 प्रतिशत जो भी अधिक हो

इसी तरह 1ण50 करोड़ से अधिक की लागत पर 10 प्रतिशत या अधिकतम 50 लाख इसके अलावा उद्यमियों को प्रशिक्षण गुणवत्ता सुधार एफ एस एस ए आई प्रमाणन ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऑन.बोर्डिंग में सहायता मिलेगी। स्थानीय से अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेलों.प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने पर स्टॉल शुल्क परिवहन और यात्रा व्यय पर अनुदान दिया जाएगा। प्रसिद्ध संस्थानों से खाद्य सुरक्षा स्वच्छता गुणवत्ता सुधार और आधुनिक पैकेजिंग का प्रशिक्षण भी कराया जाएगा।

## डीएम ने वेंडिंग जोन एवं मॉडल शाप के लिए किया स्थलीय निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी ने वेंडिंग जोन एवं मॉडल शॉप विकास हेतु विभिन्न स्थलों का मौके पर जाकर किया निरीक्षण

जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने स्ट्रीट वेंडरों को बेहतर एवं व्यवस्थित व्यापारिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शहरी सौंदर्यीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉण् अंकुर लाठर ने फतेहगढ़ एवं फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र के विभिन्न प्रस्तावित स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर वेंडिंग जोन एवं मॉडल शॉप विकास की संभावनाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम फतेहगढ़ स्थित कैंट क्षेत्र लोक निर्माण विभाग ;पीडब्ल्यूडीद्ध कार्यालय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर के आसपास का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि इन स्थलों को सुव्यवस्थित वेंडिंग जोन के रूप में विकसित किया जाए तथा सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण की दृष्टि से इसके किनारों पर रेलिंग स्थापित कराई जाए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मिशन कंपाउंड के सामने संचालित स्ट्रीट वेंडरों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी वेंडरों का सर्वेक्षण एवं पहचान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही नवयुग योजना के तहत इस क्षेत्र में मॉडल शॉप विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने क्रिश्चियन इंटर कॉलेज के मैदान के सामने स्थित भूमि पर भी स्ट्रीट वेंडरों के लिए सुव्यवस्थित मॉडल शॉप विकसित करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें सुरक्षित स्वच्छ एवं स्थायी व्यापारिक स्थान उपलब्ध कराया जा सके।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी लाल सराय क्षेत्र पहुंची यहां उन्होंने नजूल भूमि का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस भूमि का समुचित उपयोग करते हुए यहां मल्टीलेवल पार्किंग का विकास किया जाए तथा सब्जी विक्रेताओं के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेंडिंग जोन स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा अतिक्रमण की समस्या में कमी आएगी तथा नागरिकों एवं स्ट्रीट वेंडरों दोनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावित परियोजनाओं की कार्ययोजना समयबद्ध ढंग से तैयार कर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ उनका शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाल संस्कार शिविर में बच्चों मातृ.पितृ भक्ति अनुशासन एवं समय प्रबंधन के दिए संस्कार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में संचालित सात दिवसीय बाल संस्कार शिविर के दूसरे दिन बच्चों को भारतीय संस्कृति नैतिक मूल्यों एवं आदर्श जीवन के महत्वपूर्ण सूत्रों से अवगत कराया गया। शिविर का वातावरण वैदिक मंत्रों योगाभ्यास कराया गया

शिविर के संचालक आचार्य संदीप आर्य ने बच्चों को अभिवादनशील बनने माता.पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने तथा सदैव उनकी आज्ञा का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वैदिक संस्कृति ऐसे आदर्श व्यक्तित्वों का निर्माण करती है जो भगवान राम और भगवान कृष्ण की भांति माता.पिता के प्रति समर्पित आज्ञाकारी एवं कर्तव्यनिष्ठ होते हैं। उन्होंने बच्चों से अपने जीवन में विनम्रताए अनुशासन और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। आचार्य रामप्रकाश ने ईश्वर भक्ति सदाचार और परोपकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो व्यक्ति ईश्वर के बताए मार्ग पर चलता हैए वही परिवार समाज और राष्ट्र में सम्मान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करता है। उन्होंने बच्चों को चरित्रवान और सेवा भाव से युक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। नेहा आर्या ने बच्चों को यज्ञ एवं संध्या के मंत्रों का अभ्यास कराया तथा उनके अर्थ और महत्व से परिचित कराया। आचार्य कमलेश ने प्रातःकालीन योग सत्र का संचालन करते हुए स्मरण शक्ति बढ़ाने एकाग्रता विकसित करने एवं स्वस्थ जीवन के लिए विभिन्न योगाभ्यासों का प्रशिक्षण दिया।

## गौवंश संरक्षण के लिए सड़कों से लेकर मंदिरों तक चला बड़ा हस्ताक्षर अभियान

**-27 जुलाई को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापनय प्रशासन को जगाने की तैयारी**

**छिबरामऊ ;कन्नौज ।** गौवंश की सुरक्षा और उनके बेहतर रखरखाव की मांग को लेकर क्षेत्र में एक बड़े आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है। श्अंतरराष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्पश् के बैनर तले छिबरामऊ और आसपास के इलाकों में एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया गयाए जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़.चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रंजीत पांडेय ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता की आवाज को एकजुट कर प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इसके लिए क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों और व्यापारिक केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए गए। अभियान के तहतरूमंशेश्वरनाथ मंदिर और गंगेश्वरनाथ मंदिर जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं से संपर्क किया गया।बाबा की बगिया और स्थानीय बाजारों में भी विशेष कैंप लगाकर लोगों को गौवंश संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और उनके हस्ताक्षर लिए गए।

राष्ट्रीय संयोजक रणजीत पांडेय ने कहा गौवंश की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। जनता से मिल रहे इस भारी समर्थन को एक ज्ञापन का रूप दिया जा रहा हैए जिसे आगामी 27 जुलाई को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।संगठन के पदाधिकारियों को पूरा भरोसा है कि जनता के इस हस्ताक्षर अभियान और एकजुटता को देखकर प्रशासन गंभीर होगा। इस पहल के जरिए जिला प्रशासन का ध्यान गौवंश की दुर्दशा की ओर आकर्षित किया जाएगाए ताकि वे इनके संरक्षण के लिए जल्द से जल्द कोई आवश्यक और ठोस कदम उठा सकें।

## पुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को देश की जनता ने सबक सिखाने का कार्य किया



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गढ़िया ढिलावल रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रबुद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियां की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि कन्नौज के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार ने बीते 12 वर्षों में सुशासन विकास और जन कल्याण की सरकार दी है इसमें गांव गरीब किसान नौजवान और महिलाओं को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ देकर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया है।

बंगाल के अप्रत्याशित चुनाव परिणाम आगामी उत्तर प्रदेश के में होने वाले विधानसभा चुनाव की तस्वीर साफ कर रहे हैं बंगाल की विजय के बाद उत्तर प्रदेश में भी विजय का सिलसिला जारी रहेगा सरकार किसी भी वर्ग से भेदभाव करें बिना सरकारी योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित कर रही है 12 वर्ष पूर्व गरीब का ध्यान रखने वाली कोई सरकार नहीं थी कांग्रेस और सपा ने मिलकर देश और प्रदेश को भ्रष्टाचार युक्त कर दिया था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश यादव लाल टोपी इसलिए पहनते हैं ताकि उन्हें जालीदार टोपी न पहनना पड़े यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण संभव हुआ है सपा मुखिया मंदिर.मंदिर घूम रहे हैं अगर उन्हें हिंदू समाज से इतनी ही आस्था है तो मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि के लिए आवाज उठाने का काम करें जो लोग देश में तुष्टिकरण की राजनीति करते थे उन्हें सबक सिखाने का कार्य देश की जनता ने किया है।

मुख्य वक्ता अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने बीते 12 वर्षों में गरीब कल्याण का कार्य किया है देश के विभिन्न मुद्दों को हल करते हुए राम मंदिर का निर्माण धारा 370 की समाप्ति और नागरिकता कानून लाकर भारत की संस्कृति को सुरक्षित करने का कार्य किया।

सदस्य विधान परिषद डॉ मानवेंद्र सिंह ने कहा 2027 के विधानसभा चुनाव में विभिन्न राजनीतिक दल जाति हिंसा फैलाकर प्रदेश की जनता को बांटने का काम करेंगे लेकिन किसी भी भ्रम से दूर रहकर इनको हर एक षड्यंत्र का जवाब देना होगा।

भाजपा जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा आज देश दुनिया की तीसरी सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था बनकर उभर रहा है इसमें भाजपा सरकार की नीतियां और योजनाएं महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कटियार जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया प्रधानाचार्य परिषद जिलाध्यक्ष अनिलसिंह समेत पार्टी के पदाधिकारी एवं प्रबुद्ध जन मौजूद रहे

## समाजवादी व्यापार सभा ने शिविर लगाकर पिलाया शरबत

छिबरामऊ कन्नौज। जेठ माह के सातवें ष्बड़े मंगलष् के शुभ अवसर पर क्षेत्र में चारों ओर सेवा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर एवं सपा नेता गोविंद यादव के नेतृत्व में एक भव्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से राहगीरों को शीतल शरबत वितरित कर सेवा एवं मानवता का अनूठा संदेश दिया गया।



दोपहर की चिलचिलाती धूप और तपन के बीच शिविर के कार्यकर्ताओं ने राहगीरोंए रिक्शा चालकों और स्थानीय लोगों को रोक.कर बड़े ही प्रेमपूर्वक शीतल शरबत पिलाया। भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली और आयोजकों की इस पुनीत पहल की जमकर सराहना की।

इस अवसर पर समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने कहा किए ष्जनसेवा ही सबसे बड़ा और सच्चा धर्म है। ऐसे पावन अवसरों पर भूखे को भोजन और प्यासे को पानी देना ही बजरंगबली की सच्ची पूजा है।ष

**अगले मंगलवार पीपल चौराहा पर लगेगा विशाल भंडारा**

सपा नेता गोविंद यादव ने बताया कि सेवा का यह पावन कार्य पूरी श्रद्धा के साथ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। जेठ माह के अंतिम बड़े मंगल के पावन अवसर पर पीपल चौराहा पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगाए जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की उत्तम व्यवस्था रहेगी।इस पुनीत कार्य को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य रूप से सुशांत गुप्ताए आर्यनए मोनू वर्माए विकास वर्मा समेत समाजवादी व्यापार सभा के तमाम पदाधिकारीए कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहेए जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ राहगीरों की सेवा की।


## खबर एक नज़र

### ताइक्वांडो में जिले के 13 बच्चों को लखनऊ के स्टेडियम में स्वर्ण पदक मिले हैं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** जिले के 13 बच्चों को स्वर्ण पदक मिले हैं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन लखनऊ स्थित चौक स्टेडियम में हुआ जिसमें फर्रुखाबाद से 16 बच्चों ने भाग लिया 13 बच्चों को स्वर्ण पदक 2 को रजत तथा एक को कांस्य पदक मिला है। ताइक्वांडो कोच साहिलमान के निर्देशन में बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया था कोच ने बताया कि बालक तथा बालिका वर्ग में अगस्त्या लक्ष राठौर अभिजीत कृष्णा तथा बालिका वर्ग में आराध्या राजपूत अदिति दुबे राजयसवी स्मृति अंशिका ऐंद्री कटियार भूमि तिवारी उर्मी को स्वर्ण पदक मिला है अंश और वंश को रजत पदक मिला लक्ष्य शाक्य वंश श्रीवास्तव को को कांस्य पदक से नवाजा गया है। उर्मी अंश पाल को बेस्ट फाइटर अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया।

### निवेशकों को शिक्षित करने हेतु केनरा रोबेको एएमसी ने यूपी में शुरू की बस यात्रा



**-कंपनी की निवेशक शिक्षा बस म्यूचुअल फंड के बारे में करेगी जागरूक**

**कानपुर।** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने निवेशकों को शिक्षित करने और निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में निवेश बस यात्रा शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता बढ़ावा देना और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बस लखनऊ से अपनी यात्रा शुरू करेगी, जिसके बाद कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, आगरा और मेरठ जाएगी और शहरों के प्रमुख स्थानों पर आम लोगों और समुदायों से जुड़ेगी। इस पहल पर बात करते हुए केनरा रोबेको एएमसी के एमडी और सीईओ रजनीश नरूला ने कहा आज के बदलते वित्तीय परिदृश्य में ज्ञान उतना ही शक्तिशाली है जितनी समझ। एक जागरूक निवेशक न केवल अपने लिए बेहतर निर्णय लेता है, बल्कि एक मजबूत वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में भी योगदान देता है। हम निवेश ज्ञान को सरल, सुलभ और व्यावहारिक बनाकर निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। निवेश बस यात्रा का उद्देश्य वित्तीय शिक्षा को सीधे समुदायों तक पहुंचाना है। केरल, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम, महाराष्ट्र, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में पहुंचने के बाद, अब हम इसे उत्तर प्रदेश में ला रहे हैं। केनरा रोबेको एएमसी के चीफ बिजनेस ऑफिसर गौरव गोयल ने कहा हम वित्तीय ज्ञान को व्यावहारिक और सुलभ बनाकर निवेशकों को सशक्त बनाना चाहते हैं। यह निवेश बस यात्रा जमीनी स्तर पर हमारी इसी प्रतिबद्धता का विस्तार है, जो सीधे समुदायों से जुड़ती है और निवेशकों से उनके अपने परिवेश में मिलती है। यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और कम सेवा-प्राप्त क्षेत्रों में म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति अधिक जागरूकता पैदा करके निवेशकों को सशक्त बनाने के लिए केनरा रोबेको एएमसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ताए महामंत्री अखिलेश तिवारी को मिली जिम्मेदारी

इटावा। उण्प्रण् उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष कृष्णमुरारी गुप्ता की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक होटल ग्रांड एम्पीरियम पंजाबी कालोनी में सम्पन्न हुई जिसमें उण् प्रण् उद्योग व्यापार मंडल के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण को देखते हुए जनपद के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से शहर के प्रमुख व्यापारी मनोज गुप्ता को शहर अध्यक्ष का दायित्व दिया व महामंत्री के पद पर अखिलेश तिवारी व वरिष्ठ व्यापारी सुबोध जैन को जिलाउपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा।

उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष व जनपद के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उक्त समस्त पदाधिकारियों से संगठन को बल मिलेगा व व्यापारी हितों में उनके कुशल नेतृत्व में व्यापारी समाज की समस्याओं का समाधान होगा। उक्त बैठक में सदाशिव श्रीवास्तवए विनीत अग्रवालए जयप्रकाश जैनए शिवाकान्त दुबेए राजेश गुप्ताए गोविंद दुबेए रिंकू यादवए गुड्डी बाजपेईए मंजू पांडेयए हैप्पी जैनए कुलदीप गुप्ताए कपिल गुप्ताए राजीव अग्रवालए तेजपाल राजपूतए अंजू ठाकुरए अखिलेश वर्माए संतोष सोनीए राजीव वर्मा उर्फ कल्लूए डाण् हर्षितए अमित जैनए अरविंद पोरवाल आदि मौजूद रहे।

### गोपाल समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

इकदिलए इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सुशील सम्राट ने प्रदेश उपाध्यक्ष केकेण्चतुर्वेदी की सहमति पर ब्रह्मनगर औरैया निवासी तेज तर्रार युवा कवि गोपाल पांडेय को परशुराम समिति कानपुर मंडल का उपाध्यक्ष मनोनीत किया है स प्रदेश अध्यक्ष डॉण्सम्राट ने श्री पाण्डेय से आशा व्यक्त की है कि वह मण्डल स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें श्री पाण्डेय को मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### तनाव से परेशान युवक ने फन्दा लगाकर की आत्महत्या

इकदिलए इटावा। थाना क्षेत्र के ग्राम पर्वतपुरा में सोमवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में फन्दा लगने से मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम पर्वतपुरा निवासी नरेंद्र राजपूत ;28द्ध पुत्र रामनरेश सोमवार दोपहर करीब 12 बजे बाइक लेकर घर से निकले थे। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान ग्राम बुसा के समीप जंगल क्षेत्र में एक बबूल के पेड़ पर उनका शव फंदे से लटका मिला। परिजन उन्हें तत्काल नीचे उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गएए जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची इकदिल थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार युवक पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ मृतक अपने माता.पिता का इकलौता पुत्र था। परिवार में पत्नीए एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। दोनों बड़ी बहनों का विवाह हो चुका है। परिजनों के अनुसार छै माह पूर्व ही जुड़वां बेटियों का जन्म हुआ था। युवक की असमय मृत्यु से पत्नी आरती देवी व परिवार गहरे सदमे में है। वृद्ध माता.पिताए एवं बच्चो का रो.रोकर बुरा हाल है।

# 12 वर्ष पूरे होने पर जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हलिया ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जन जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। स्टालों पर विभागीय योजनाओं, लाभ और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान लैब और डिजिटल शिक्षा की उपलब्धियां साझा कीं। कार्यक्रम में प्रदीप मौर्य, विनय कुमार अग्रहरि, रमेश यादव, डॉ. सुरेश कन्नौजिया, अरुण दुबे, संतोष, निधि मौर्य, श्वेता सिंह, सोनाली, पुष्पांजलि देवी, अंगूरा देवी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।स्थानीय लोगों ने स्टालों पर पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों से सवाल-जवाब भी किए।

# अलग-अलग गांवों सड़क दुर्घटना में छह घायल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग गांवो में सोमवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर से घायल हो गए घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार हलिया थाना क्षेत्र के कवलझर गांव निवासी 25 वर्षीय विजय अपने पत्नी 20 वर्षीय संध्या के साथ बाइक से हलिया बाजार बेटे का दवा इलाज कराने के लिए आये थे की रात्रि होने पर बहन निर्मला के घर हथेड़ा गांव जा रहे थे की हथेड़ा गुलाब चौराहा पर ट्रैक्टर से टकर होने से पति पत्नी दोनों घायल हो गए इसी प्रकार दुसरी घटना हलिया लालगंज मवई कला गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के ईमरती गांव निवासी 20 वर्षीय जयशंकर अपने भाभी 30 वर्षीय रीना के साथ बाइक से रिश्तेदार के यंहा भटवारी गांव से वापस लौटते समय अज्ञात बाइक से टकर होने से बाइक सवार देवर व भाभी घायल हो गए तीसरी घटना मझिग्वा गांव में हुई जंहा पर लालगंज थाना क्षेत्र के सेमरिहा गांव निवासी 23 वर्षीय रौनक व प्रीति जा रहे थे की अज्ञात वाहन ने टकर मार दिया जिससे बाइक सवार दोनों घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव ने घायलों को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है।

पेज 1 का शेष...

## बाराबंकी के गोरखपुर...

बार एसोसिएसन प्रत्येक माह की सात तारीख को रुदौली तहसील लाने के लिए प्रदर्शन आदि कर रहे है। रुदौली क्षेत्र की जनता खासकर वहां के व्यापारियों व सरकारी तबके से जुड़े लोगों को बाराबंकी से जुड़े रहने में जहां ज्यादा सुख सुविधा है वहीं उसकी बोलीबानी सामाजिक रहन सहन आदि सबकुछ बाराबंकी से युगों से मेल खाता है। रुदौली तहसील वापसी के लिए रुदौली क्षेत्र के सपा विधायक रहे इश्तियाक अहमद ने जबरदस्त आन्दोलन किया था। उसकी एक जनसभा में तत्कालीन सपा सुप्रीमों व पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने घोषणा की थी कि प्रदेश में उनकी सरकार बनते ही रुदौली बाराबंकी में वापस हो जायेगी लेकिन वैसा नहीं हो सका। रुदौली के फैजाबाद से जोड़ने में तत्कालीन भाजपा के रुदौली विधायक आचार्य रामदेव व तत्कालीन भाजपा के फ़ैज़ाबाद सांसद विनय कटियार का भी सहयोग रहा इसीलिए क्षेत्र की जनता ने उन्हें दोबारा चुने जाने का सौभाग्य नहीं दिया। लखनऊ को तीन ओर से घेरे बाराबंकी को यूपी एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) में लिया जा रहा है वहीं प्रस्तावित विभाजन में उसे गोरखपुर से जोड़ने का निर्णय कहां तक न्यायसंगत माना जा सकता है। कहां 20 से 50 किमी0 की दूरी तो कहां 200 से अधिक किमी0 की दूरी कतई हजम होने वाली नहीं है। आज जब इस जनपद को कमिश्नरी फैजाबाद से काटकर लखनऊ से जोड़े जाने की मांग भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) आदि द्वारा बराबर की जाती आ रही है ताकि यहां के किसानों को 100 किलोमीटर दूर फैजाबाद में जाना न पड़े। वहीं दो सौ किमी0 की दूरी पर बनने जा रही राज्य राजधानी गोरखपुर से जुड़ना जनता कैसे स्वीकार करेगी? यह हो सकता है कि यहां के लोगों के मनोभावों को समझ कर वर्तमान सरकार यूपी एससीआर में आने वाले क्षेत्र नवाबगंज, देवां, निन्दूरा और हरख ब्लाक को काटकर उसे लखनऊ जनपद से जोड़ दे ताकि आक्रोश कम किया जा सकें जो लेकिन शेष जिला बचेगा उसके लोगों को किस विधि से सन्तुष्ट किया जायेगा। फिलहाल भारतीय जनता पार्टी के अनेक कामों पर यह एक कदम भारी पड़ सकता है।

## मकान पर कब्जे का आरोप, विधवा महिला ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के एक गाँव की विधवा महिला ने गांव के तीन लोगों पर 50 वर्ष से पूर्व बने कच्चे मकान पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है।थाना क्षेत्र के बेलाही गाँव निवासी विधवा लखराजिया ने प्रार्थना पत्र में बताया कि वह 1965 से पति के साथ कच्चा मकान बनाकर रहती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जानकारी के अभाव में 1975 में रिकॉर्ड ऑपरेशन के दौरान आबादी की जमीन को कुछ दबंगों ने लेखपाल से अपने खाते में होने की बात कहकर मकान ध्वस्त करने की कोशिश की।

## ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप, स्थानांतरण की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री को पत्र

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विकास खंड हलिया के कलस्टर गांव नदौली पटहेरा, पटहेरा कला और महोगढ़ी में तैनात ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी शंकर यादव के स्थानांतरण की मांग को लेकर ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।ग्राम पंचायत महोगढ़ी के ग्राम प्रशासक सुरेश कुमार केशरी, नदौली पटहेरा की ग्राम प्रशासक केवल पत्नी और पटहेरा की ग्राम प्रशासक मनोज कोरी ने संयुक्त रूप से दिए पत्र में आरोप लगाया कि अधिकारी पिछले 6 महीने से गांव में नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं।पत्र में कहा गया है कि अधिकारी के न आने से ग्रामीणों के वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और आवास का सत्यापन नहीं हो पा रहा है। आरोप है कि हर काम के लिए ग्रामीणों से पैसा मांगा जाता है और ग्राम प्रशासक से 30 प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है।ग्राम प्रशासकों ने बताया कि आवास के नाम पर 30 हजार रुपये की मांग की गई, लेकिन मजदूरी का भुगतान आज तक नहीं किया गया। शिकायत ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।पत्र में लिखा गया है कि अधिकारी का कहना है कि उनके रिश्तेदार डीपीआरओ हैं, इसलिए उनका स्थानांतरण नहीं हो सकता। ग्राम प्रशासकों ने उप मुख्यमंत्री से मांग की है कि गांव के विकास को देखते हुए अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## पी.डी.ए. जन चौपाल में सरकार बनाने पर जोर



**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा चेकसारी में पी0डी0ए0 जन चौपाल आयोजन किया गया। जन चौपाल में बाबा साहेब का संविधान बचाने के लिए लोगो से अवाह्न किया गया।

जन चौपाल की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद ने कहा की भाजपा बाबा साहेब का संविधान खत्म करना चाहती है। कहा की हमें संविधान बचाने के लिए लोगो के बीच जाकर डा0 भीमराव के बारें में बताना होगा। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ताकत से लोकतंत्र को बचाने के लिए जुटे। मजदूर सभा के राष्टीय महासभा के महासचिव आजाद राय ने कहा की 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता से बाहर होगी। जन चौपाल का संचालन विधानसभा अध्यक्ष सत्यप्रकाश यादव ने किया।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से मिलता है प्रेम वात्सल्य और ईश्वर के प्रति श्रद्धा का संदेश : अनिल महाराज



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** बरबसा गहरवार स्थित आनंद कुटीर आश्रम में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक अनिल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का रसपूर्ण वर्णन

### रसपूर्ण कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

किया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं निष्कपट प्रेम, वात्सल्य और ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा का संदेश देती हैं।उन्होंने बताया कि नंद-यशोदा के आँगन में बालकृष्ण की नटखट चेष्टाएँ, माखन-चोरी, गोप-बालकों के साथ उनकी क्रीड़ाएँ तथा ग्वालिनों के प्रति उनका निश्छल स्नेह भक्तों के हृदय को आनंद और भक्ति से भर देता है। बालकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़े पूतना-वध, शकटासुर-विनाश, तृणावर्त संहार तथा ऊखल-बन्धन (दामोदर लीला) जैसे प्रसंगों का उल्लेख करते हुए अनिल महाराज ने बताया कि भगवान अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से अधर्म का नाश और भक्तों की रक्षा करते हैं। अनिल महाराज द्वारा सुनाई जा रही मार्मिक भागवत कथा के बीच भजन गायक वंशनारायण शुक्ल के मधुर भजनों को सुनकर श्रद्धालु भक्ति-रस में सराबोर होकर राधे-श्याम तथा जय श्रीकृष्ण के उद्घोष करने लगे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर लालजी तिवारी, उमानाथ मिश्र, श्रीधर मिश्र, भानू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## ई-रजिस्ट्री के आदेश के खिलाफ अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ई-रजिस्ट्री के आदेश के खिलाफ तहसील लालगंज परिसर में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में चक्रमण कर उप निबंधक के उस आदेश का विरोध किया और एसडीएम अजीत कुमार को ज्ञापन सौंपा। उपरौध अधिवक्ता समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मौर्य और सचिव उमाशंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

## मोहर्रम पर ताजिएदारों को संदेश, तय परंपरा के अनुसार ही निकलेंगे ताजिया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** मोहर्रम पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को लालगंज कोतवाली परिसर में प्रशासन और ताजिएदारों की आवश्यक बैठक हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष भी ताजिये पूर्व निर्धारित परंपरा और मार्गों के अनुसार ही निकाले जाएंगे। नई परंपरा या नए मार्ग की अनुमति नहीं होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम अजीत कुमार ने कहा कि मोहर्रम आपसी भाईचारे और सौहार्द का पर्व है। सभी लोग मिलकर इसे शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराएं। उन्होंने अफवाहों से दूर रहने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की।सीओ लालगंज अमर बहादुर ने बताया कि लालगंज क्षेत्र में 23 स्थानों पर ताजिये निकलते हैं। विद्युत सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ताजियों की ऊंचाई सीमित रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे होने के कारण सावधानी बरतना जरूरी है। पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ, आपत्तिजनक अथवा भ्रामक पोस्ट करने वालों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी।


**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्तम् मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9042/2026
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202603410009042
वैभव शुक्ला आदि बनाम श्री सुरेश आसवानी
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. वैभव शुक्ला वयस्क पुत्र दीपक कुमार शुक्ला आदि निवासी भवन सं. 111/41ए, अशोकनगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भवन स्वामीगण
बनाम– श्री सुरेश आसवानी पुत्र स्व. तख्तमल निवासी म.नं. 122/235 बी, सरोजनी नगर कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
वाद अन्तर्गत धारा –4 उपधारा 3(ख), धारा 10 व धारा 21(2)(ख)उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्तम् मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 9041/2026
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202603410009041
वैभव शुक्ला आदि बनाम अरुण कुमार गुप्ता
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. वैभव शुक्ला वयस्क पुत्र दीपक कुमार शुक्ला आदि निवासी भवन सं. 111/41ए, अशोकनगर कानपुर नगर ...आवेदकगण/भवन स्वामीगण
बनाम– अरुण कुमार वयस्क पुत्र स्व. [illegible] लाल गुप्ता निवासी भवन सं. –ए–526 बर्रा–6 कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
वाद अन्तर्गत धारा –4 उपधारा 3(ख), धारा 10 व धारा 21(2)(ख)उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 26.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय किराया प्राधिकरण/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), कानपुर नगर
वाद सं. डी202403410005047
धारा–21 (2) उ0प्र0 नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
सजय अरोड़ा पुत्र स्व. अशोक नाथ, निवासी म.नं. 125/58 लाल क्वाटर, गोविन्द नगर, कानपुर नगर ...(भवन स्वामी)
बनाम–1.हरविन्दर सिंह 2. सतिन्दर सिंह पुत्रगण बलदेव सिंह केयर ऑफ 13/366, गोविन्द नगर, कानपुर नगर ...(किरायेदार)
[illegible] अधिनियम 2021 की धारा 21 की उपधारा (2) एवं (ख) के अधीन [illegible] प्रस्तुत किया गया है। आपको सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक 29.06.2026 को 10.00 बजे पूर्वान्ह [illegible] उपस्थित होकर कारण बताये कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये। आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत काउंसेल के उक्त दिनांक पर कारण बताने को उपस्थित न होने की दशा में आवेदन आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चित किया जायेगा, जिसे कृपया ध्यान दें। दिनांक 16.06.2026 आज्ञा से, किराया प्राधिकारी/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कानपुर नगर

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर जिलाधिकारी सप्तम् मण्डल कानपुर जनपद तहसील
वाद सं. 22014/2025
कम्प्यूटरीकृत वाद सं. डी202503410022014
श्रीमती माया गुप्ता बनाम श्री बाबी वर्मा
अन्तर्गत धारा 21(2) अधिनियम उ.प्र. नगरीय परिसर किरायेदारी विनियमन अधिनियम 2021
1. श्रीमती माया गुप्ता बालिग पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, निवासिनी मकान नम्बर 32/97, पुरानी चावल मण्डी, मनीराम बगिया, कानपुर नगर। ...आवेदिका/भू–स्वामिनी
बनाम–1. बाबी वर्मा बालिग पुत्र रामगोपाल वर्मा, निवासी/व्यवसायिक स्थल म. नं. 32/97, पुरानी चावल मण्डी, मनीराम बगिया, कानपुर नगर ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
प्रा0पत्र अन्तर्गत धारा 21 (2) (क) (ख) (ड) मु0नि0 एक्ट 16 सन 2021 थाना मूलगंज, कानपुर नगर।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर कि है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 14.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

श्रीमान उपजिला अधिकारी महोदय (न्यायिक) बाबरमऊ जनपद उन्नाव
वाद संख्या टी202610690002953
वादी श्रीमती गुड्डी आदि
बनाम–अशोक कुमार आदि ग्राम व पोस्ट साईपुर सरोसा परगना व तहसील बांगरमऊ जनपद उन्नाव ...प्रतिवादीगण
1.अशोक कुमार 2. कमलेश 3. बाबूलाल 4. शम्भू पुत्रगण छोटेलाल निवासी ग्राम खालपुरवा मजरा मदार नगर परगना व तहसील बांगरमऊ जिला उन्नाव 5. शिवकुमार 6. बहादुर 7. रामदास 8. रामदास पुत्रगण कालीचरन निवासी ग्राम खालपुरवा मजरा मदार नगर 9. राम पुत्र लल्ला 10. राजू पुत्र भगवानदीन 11. आरती पत्नी प्रकाश 12. सीता पत्नी राम सेवक 13. रूपई 14. रमेश पुत्रगण द्वारिका 15. श्रीमती सुखरानी पत्नी शोभालाल 16. रामनरेश पुत्र शोभालाल 17. अजय 18. अनुज पुत्रगण प्रताप 19. सूचा पत्नी प्रभु 20. सुमित 21. अमित पुत्रगण प्रभु निवासी खालपुरवा मजरा मदार नगर परगना व तहसील बांगरमऊ जिला उन्नाव
चूंकि ऊपर नामांकित इस न्यायालय में वाद आवेदन किया है अंतर्गत आप को चेतावनी दी जाती है कि आप उस वाद के खिलाफ किसी प्रतिवादी करने के लिए तारीख 18 माह 6 सन 2026 ई0 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयंम या सम्यक रूप अनुदिष्ट प्लीडर अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा न करने पर असफल रहने पर उक्त वाद एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। हस्ताक्षर हाकिम व न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 30 माह 5 सन 2026 मोहर अदालत जारी किया गया। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर
वाद सं. 3318 सन 2025
अंकित पाण्डेय उम्र 35 वर्ष वयस्क पुत्र श्री प्रेमनारायन पाण्डेय निवासी एल0आई0जी0–58, बर्रा 5, थाना बर्रा, कानपुर नगर मो.8620227701 ...प्रार्थी/वादी
बनाम–श्रीमती आकांक्षा पाण्डेय उम्र 26 वर्ष पत्नी अंकित पाण्डेय पुत्री श्री दिनेश मिश्रा निवासिनी ग्राम गढ़ीवा सुनाथ नगर पो0 गढ़ीवा जनपद फतेहपुर ...विपक्षी/प्रतिवादिनी
वाद अन्तर्गत धारा 13बी–1 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955
हरगाह वादी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13बी–1 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 24.08.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावा का उत्तर देने के लिए उपस्थित (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिन्दु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन तमाम दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बचाव अपनी जवाबदेही के इस्तालाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उक्त तारीख को हाजिर न होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रमुख पारिवारिक न्यायाधीश कक्ष सं. 03 कानपुर नगर

सी.आर.-534/K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), कानपुर नगर
आवेदन सं. डी202603410003883
धारा–21(2) उ0प्र0न0परि0 कि0 वि0 अधि0–2021, अ0 पेशी–25.06.2026
श्रीमती कृष्णा शर्मा बनाम सुबोध कुमार बाजपेई श्रीमती कृष्णा शर्मा पत्नी श्री पुरुषोत्तम शर्मा निवासिनी मकान नम्बर 107/206 नेहरू नगर कानपुर नगर ...आवेदिका/भवन स्वामिनी
बनाम–सुबोध कुमार बाजपेयी पुत्र राम कुमार बाजपेयी नि0म0 नं0–843 मालिन बस्ती (कच्ची बस्ती पूर्व) गोविन्द नगर कानपुर नगर। ...विरोधी पक्षकार/किरायेदार
कारण बताओ नोटिस–प्रस्तुत किया है। वादी ने उत्तर प्रदेश नगरीय किराएदारी विनियमन अधिनियम 2021 की धारा–21 (2) के अधीन अनुसूची में विवरणित परिसर के सम्बन्ध में एक आवेदन प्रस्तुत किया है। कानपुर नगर को सूचना दी जाती है कि उपर्युक्त आवेदन में दिनांक–25.06.26 को प्रातः 11 बजे अपरान्ह का समय किराया प्राधिकारी के समक्ष उसके कार्यालय में नियत किया गया है, अतएव उपर्युक्त दिनांक को कारण बताने के लिए, कि क्यों न उपर्युक्त आवेदन स्वीकार किया जाये, आप स्वयं या अपने प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के माध्यम से उपस्थित हों। आप या आपके प्राधिकृत व्यक्ति या काउंसेल के उक्त दिनांक को समय पर कारण बताने के लिये उपस्थित न होने की दशा में आवेदन आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चित किया जायेगा, जिसे कृपया ध्यान दें। आज दिनांक 15.06.2026 को न्यायालय मुहर से मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। आज्ञा से, किराया प्राधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) कानपुर नगर।

सी.आर.-534/K-CN

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना सं0 30/2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेण्डरिंग) के माध्यम से 'खुली' निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्र.सं.1–कार्य का विवरणः बिलासपुर रोड–रुद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य इज्जतनगर मंडल के ... [illegible] ... कुल अनुमानित लागत रुपये में ₹ 8,05,07,593.65, धरोहर राशि रुपये में ₹ 18,10,200/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह।
क्र.सं.2–कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समस्त/काशीपुर के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग में टी.आर.आर. (पी) – 57.5 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस) – 19 सेट ... अनुमानित लागत रुपयों में ₹ 5,17,75,272.83, धरोहर राशि रुपयों में ₹ 10,35,500/– निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
क्र.सं.3–कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समस्त/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग में टी.आर.आर. (पी) – 57.5 ट्रैक किमी. एवं टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस) – 19 सेट की तैयारी कर कार्य। अनुमानित लागत रुपयों में ₹ 4,74,94,928.02, धरोहर राशि रुपयों में ₹ 9,59,900/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
क्र.सं.4–कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समस्त/काशीपुर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत रामपुर–लालकुआं अनुभाग में मिश्रित सिंह ग्राम... [illegible] ... अनुमानित लागत रुपये में ₹ 1,97,36,808.69, धरोहर राशि रुपये में ₹ 3,94,700/– निविदा प्रपत्र का मूल्य–शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह।
1. क्रम सं 1 से 3 की ई–निविदा दिनांक 06.07.2026 को 15.00 बजे तक बन्द होगी व खुलेगी। 2. क्रम सं 4 की ई–निविदा दिनांक 07.07.2026 को 15.00 बजे तक बन्द होगी व खुलेगी। 3. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण वांछित रेलवे की IREPS साइट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर
गुआदि/ पं./–179
सहीत के लिए केवल हमें ... [illegible]

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नं0: PU-CNB-W-03-2026 दिनांक: 02.06.2026
निविदा सूचना (Single Packet सिस्टम)
भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से उप मुख्य सकेत एवं दूर संचार अभि./कंस्ट्रक्शन/उत्तर मध्य रेलवे, कानपुर द्वारा ई- टेंडर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों/ज्वाइंट वेंचर फर्मों से निम्नलिखित कार्य के लिये सिंगल-पैकेट सिस्टम पर खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 13.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यदि निविदा खुलने की तारीख पर अवकाश घोषित होता है या तकनीकी वजह से निविदा तय तिथि पर नहीं खुलती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।
कार्य का नामः उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल के मैथी स्टेशन पर विविध संबंधित कार्यों के साथ स्टेशन सर्विस बिल्डिंग का निर्माण एवं डिप्टी सीएसटीई/पीयू/कानपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विभिन्न खंड पर स्टेशन सर्विस बिल्डिंग के निर्माण एवं साथ में विविध सिविल कार्य।
कार्य की अनुमानित लागतः ₹ 44011752.65 (रू. चार करोड़ चालीस लाख ग्यारह हजार सात सौ बावन रुपये एवं पैंसठ पैसे) मात्र।
धरोहर राशिः ₹ 880200.00 (आठ लाख अस्सी हजार दो सौ रूपये ) मात्र।
निविदा प्रपत्र राशिः कुछ नहीं | कार्य पूरा करने की अवधिः 12 माह
निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र वेब पोर्टल www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।
निविदा जमा करने की करने की अंतिम तारीख एवं समयः दिनांक 25.06.2026 13:00 बजे से पहले तक
निविदा खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक 25.06.2026 13:00 बजे
निविदा खुलने का स्थानः निविदा मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि/पी-II/उत्तर मध्य रेलवे परियोजना इकाई, प्रधान कार्यालय, सूबेदारगंज, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी।
ऑफर की वैधताः खुलने की तिथि से 45 दिन तक
निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकारः रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/ संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिना धरोहर राशि के निविदायें निरस्त कर दी जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। www.ireps.gov.in पर आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक निविदाकारों को www.ireps.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। विस्तृत विवरण वेबसाइट पर अवश्य देखें। निविदाकार अपनेका निविदा का धरोहर राशि केवल ऑनलाइन माध्यम से ही चुका सकते हैं। धरोहर राशि का भुगतान ऑनलाइन नेट बैंकिंग, डेबिट/क्रेडिट कार्ड इत्यादि माध्यमों के द्वारा किया जा सकता है। सावधि जमा रसीद को www.ireps.gov.in पर आमंत्रित निविदाओं की धरोहर राशि के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा। 1356/26 (A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांकः झाँसी/एस/106/प्रेस विज्ञप्ति दिनांक- 16.06.2026
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल के खैरार-अकोना खंड के न्यू लाइन विद्युतीकरण के सम्बंध में दिनांक 17.06.26 को प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा तथा 18.06.26 और 19.06.26 को कमीशनर रेलवे सेफ्टी पूर्वोत्तर परिमंडल लखनऊ द्वारा इस खंड में गति परीक्षण किया जाना है। निरीक्षण के पश्चात् इस खंड की न्यू लाइन तथा 25 kva विद्युतीकरण संचालित कर दिया जाएगा। दिनांक 17.06.26 से खंड पर गाड़ियों का आवागमन नियमित प्रारंभ हो जाएगा। आस-पास के सभी नागरिको से अनुरोध है कि विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहे, रेल लाइन के आस-पास न बैठे, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करे एंव अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखे। ऐसा करना रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनों हो सकते हैं।
वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी झाँसी
1365/26 (D)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

क्रमांकः PU-TDL-W-03-2026 निविदा सूचना दिनांक- 12.06.2026
भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि./सी.टी.सी/ टूण्डला, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
ई-निविदा सूचना संख्याः पीयू-टी.डी.एल-डब्लू-03-2026
कार्य का नामः प्रयागराज डिवीज़न के एनसीआर के कोरावा-अलीगढ़ खंड में 14 स्टेशनों पर मौजूदा DCTC के समानांतर MSDAC की व्यवस्था करके ट्रैक सर्किट की विश्वसनीयता सुधार के कार्य के संबंध में कोरावा-अलीगढ़ खंड में S&T सेवा भवनों का (LSC) निर्माण।
अनुमानित लागतः ₹ 2,50,28,756.15 (रू. दो करोड़ पचास लाख अट्ठाईस हजार सात सौ छप्पन और पंद्रह पैसे मात्र)।
धरोहर राशिः ₹ 500600/- (रू. पाँच लाख छह सौ मात्र), निविदा प्रपत्र मूल्यः 0.00
निविदा बंद करने की तिथि तथा समयः दिनांक 06.07.2026, 15.00 बजे तक
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि की तिथिः (09) नौ माह
वैलिडिटि पीरियडः 45 दिन, नोटः- 1. टेंडर डॉक्यूमेंट के साथ समस्त जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने के दिन 15.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। 2. ई-बिड्स के अलावा किसी प्रकार की बिड्स स्वीकार नहीं की जाएगी। इस कार्य के लिए वेंडर्स अपने क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (CCA अंडर आईटी एक्ट 2000 द्वारा जारी) के साथ ireps वेबसाइट में रजिस्टर्ड होने चाहिए। 3. रेट्स जो कि फाइनेंशियल रेट पेज में इंटर किए गए हैं और डिजिटल सिग्नेचर किये गए हैं वही विचार किये जायेंगे। रेट्स और कोई भी फाइनेंशियल स्थिति किसी भी रूप में या लैटर हेड संलग्न किया गया हो, वह इग्नोर किया जायेगा और विचार नहीं किया जायेगा। 4. जो भी डाक्यूमेंट्स संलग्न किये गए हैं वे ठेकेदार के द्वार डिजिटल सिग्नेचर किए गए हों। 5. सभी डिटेल्स के लिए और बिड जमा करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 1345/26 FA
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**स्वतंत्र भारत वर्गीकृत**

**सूचना**

मैंने अपनी एक पुत्री फाइजा व दो पुत्रों शहबाज व अबाकाश अहमद में बड़े पुत्र शहबाज से उसके गलत चालचलन के चलते अपने संबंध समाप्तकर उसे बेदखलकर दिया है अब अपने कार्य व्यवहार का वह स्वयं जिम्मेदार माना जाए मेरा या परिवार के शेष सदस्यों का उससे कोई वास्ता नहीं है। हसनअहमद पुत्र मुस्ताकअली नि. ग्रा. फैजलीपुर थाना सढ़ी कानपुर दे।(45)

सी.आर.-534/K-45



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

**E-mail : swatantrabharat77@gmail.com**

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

# होर्मुज से जल्द निकलेंगे 34 भारतीय जहाज



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है। समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की मुक्त आवाजाही सुनिश्चित होगी। इसका असर भी दिखना शुरू हो गया है। दरअसल तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) ला रहे भारतीय टैंकर दिशा ने सुरक्षित होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। भारत आ रहे 34 अन्य जहाजों के भी जल्द होर्मुज पार करने की उम्मीद है। ये जहाज पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज में फंसे हैं। होर्मुज में फंसे 34 जहाजों में से 16 जहाज ऐसे हैं, जो फर्टिलाइजर लेकर भारत आ रहे हैं। इन 16 जहाजों में से 8 पर यूरिया, चार पर डाइ-अमोनियम फॉस्फेट और तीन पर सल्फर और एक पर अमोनिया लदा है। अगर समझौते के तहत सबकुछ सही रहता है और होर्मुज खुलता है तो जल्द ही भारत के करोड़ों किसानों को खेती के लिए फर्टिलाइजर मिल सकते हैं। हालांकि अभी हालात सामान्य होने में वक्त लग सकता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ऊर्जा केंद्रों को निशाना बनाया गया। पश्चिम एशिया की कई अहम रिफाइनरियां और गैस प्लांट हमलों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। जिससे युद्ध समाप्त होने के बाद भी आपूर्ति सामान्य होने में कई महीनों का वक्त लग सकता है। कतर का रास लफ्फान प्लांट हमले में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है और वहां से ईंधन आपूर्ति सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। भारत के इस गैस प्लांट से एलपीजी आपूर्ति का कॉन्ट्रैक्ट है, ऐसे में हालात सामान्य होने में अभी वक्त लगेगा। भारत अपनी जरूरत का 88 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। इसमें से करीब आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से ही आपूर्ति होता है। साथ ही भारत के कुल आयात की 60 प्रतिशत से ज्यादा एलएनजी भी होर्मुज से गुजरकर भारत आती है। यही वजह है कि पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से भारत को होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई। होर्मुज से पार हुआ दिशा टैंकर 18 जून तक भारत आ सकता है और इस पर 62,370 टन एलएनजी है।

# अमेरिका-ईरान में पीस डील पर डिजिटल साइन हुए




**तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को

- 19 जून को औपचारिक डील
- ईरान को 28 लाख करोड़ हर्जाना दे सकता है अमेरिका

स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रंप, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रंप ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला एक शुरुआती मसौदा तैयार हुआ है, जिस पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं कुछ रिपोर्टों के मुताबिक ईरान को आर्थिक सहायता के लिए करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज मिल सकता है, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि ईरान को प्रतिबंधों से राहत तभी मिलेगी, जब वह समझौते की सभी शर्तों का पालन करेगा। अमेरिका ने फिलहाल किसी भी तत्काल आर्थिक राहत से इनकार किया है।

# 'अफगानिस्तान में रोकें महिलाओं पर कार्रवाई'

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं पर लगाए गए प्रतिबंधों को शीघ्र वापस

- संयुक्त राष्ट्र का तालिबान से आग्रह

लेने और देश में सक्रिय उन उग्रवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई करने का आह्वान किया है। इस प्रस्ताव को प्रायोजित करने वाले चीन के संयुक्त राष्ट्र राजदूत फू कोंग ने कहा कि उम्मीद है कि अफगान सरकार मानवाधिकारों, विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए अधिक सक्रिय कदम उठाएगी और खुलेपन, समावेशिता तथा जिम्मेदारी की छवि पेश करेगी। प्रस्ताव के तहत अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन की अवधि 17 जून 2027 तक बढ़ा दी गई है। साथ ही मिशन को बिना किसी भेदभाव के मानवीय सहायता पहुंचाने तथा राष्ट्रीय और स्थानीय प्रशासन को बढ़ावा देने का अधिकार दिया गया है, जिसमें लिंग, धर्म या जातीयता के आधार पर कोई भेदभाव न हो और महिलाओं, अल्पसंख्यकों, युवाओं तथा दिव्यांग व्यक्तियों की पूर्ण, समान, सार्थक और सुरक्षित भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह प्रस्ताव ऐसे समय पारित किया गया है जब इस महीने पश्चिमी अफगानिस्तान के हेरात शहर में तालिबान के सख्त ड्रेस कोड के कथित उल्लंघन के आरोप में कम से कम 30 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन गिरफ्तारियों के विरोध में हुए एक दुर्लभ प्रदर्शन को तालिबान पुलिस ने बलपूर्वक तितर-बितर कर दिया था। इस दौरान गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

# ईरान से समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली



**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि इस समझौते के बाद भी अमेरिका के हाथ खाली हैं और अमेरिका अपने कोई भी लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि दोनों देशों के बीच शांति

- विशेषज्ञ बोले- उल्टा यूएस को नुकसान ही उठाना पड़ा

समझौता केवल युद्ध की पूर्व यथास्थिति की बहाली है। अगले 60 दिनों में होने वाली बातचीत तय करेगी कि अमेरिका को इस युद्ध और तबाही से कुछ हासिल होगा भी या नहीं। यह बात सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के पश्चिम एशिया प्रोग्राम के वरिष्ठ फेलो विल टॉडमैन ने कही।

**युद्ध के पूर्व स्थिति ही बहाल हो पाई**

टॉडमैन के अनुसार, इस समझौते का मुख्य उद्देश्य युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना है, जिससे स्थिति अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमले से पहले जैसी ही होगी। उन्होंने कहा, इस समय तक अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध शुरू करते समय तय किए गए किसी भी प्रमुख लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया है। अमेरिका और ईरान रविवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने पर सहमत हुए हैं। इस कदम से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक के जरिए तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू होने की उम्मीद है। हालांकि समझौते का पूरा विवरण अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ईरान ने संकेत दिया है कि औपचारिक हस्ताक्षर समारोह के बाद ही समझौते को लागू किया जाएगा। औपचारिक समारोह शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में आयोजित होगा। समझौते में ईरान के उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम भंडार और उसके परमाणु कार्यक्रम से जुड़े लंबित मुद्दों पर बातचीत के लिए 60 दिनों की समय-सीमा भी तय की गई है। अमेरिका और इस्राइल ने 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू की थी। उन्होंने कहा कि अगले 60 दिनों की बातचीत यह तय करेगी कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम के संबंध में अमेरिका अपने लक्ष्यों को हासिल कर पाता है या नहीं। विशेषज्ञ के अनुसार तीन महीने से अधिक चले युद्ध ने अमेरिका के अपने प्रमुख क्षेत्रीय साझेदारों और सहयोगियों के साथ संबंधों को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अरब खाड़ी देशों को महसूस हुआ कि अमेरिका ने युद्ध से पहले और उसके दौरान उनकी चिंताओं और हितों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया। इसी कारण ये देश अपनी सुरक्षा साझेदारियों में विविधता लाने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं ताकि अमेरिका पर निर्भरता कम की जा सके।

**अमेरिका-इस्राइल के संबंधों में भी उभरे मतभेद**

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका और इस्राइल के हितों के बीच अभूतपूर्व मतभेद उभरते दिखाई दे रहे हैं। इस्राइली सरकार को आशंका है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए ईरान से उत्पन्न खतरे को पूरी तरह खत्म नहीं करता और भविष्य में उस खतरे के खिलाफ कार्रवाई की उसकी क्षमता को भी सीमित कर सकता है।

# 'अधूरे सुधार से नहीं बदलेगी सुरक्षा परिषद की तस्वीर'

## अस्थायी सीट विस्तार पर भारत की चेतावनी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि केवल दो साल के कार्यकाल वाली अस्थायी सदस्यता श्रेणी के विस्तार को ही सहमति का संकेत मानना पूरी तस्वीर का केवल एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि देश और समूह इस विस्तार के साथ कई शर्तें और जुड़े हुए मुद्दे भी जोड़ते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार केवल अस्थायी सदस्य देशों की संख्या बढ़ाने तक सीमित रह गया, तो यह सुधार अधूरा और लगभग असफल माना जाएगा, क्योंकि इससे यूएनएससी की असली निर्णय लेने वाली शक्ति संरचना (यानी स्थायी पांच देशों का नियंत्रण) नहीं बदलेगी। उन्होंने कहा कि देश और समूह बहुत लंबे समय से वास्तविक और सार्थक सुधारों का इंतजार कर रहे हैं।

राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि अंतर सरकारी वार्ता प्रक्रिया को संयुक्त राष्ट्र की अन्य प्रक्रियाओं से अलग नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी वार्ताओं का आधार एक लिखित प्रस्ताव होना चाहिए, जिस पर सभी समूह और सदस्य देश अपनी राय देते हैं। हरीश ने आगे कहा, इसलिए सह-अध्यक्षों को चाहिए कि वे एक स्पष्ट लिखित प्रस्ताव तैयार करने में नेतृत्व करें। इस प्रस्ताव में स्पष्ट लक्ष्य, चरण और समय सीमा तय होनी चाहिए, ताकि सभी देश और समूह व्यवस्थित और परिणाम देने वाली बातचीत कर सकें। इसके बाद जरूरत पड़ने पर कोई बीच का रास्ता भी निकाला जा सकता है।

# परमाणु मुद्दे से बड़ी है जंग रोकने की अग्निपरीक्षा

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते का जो ढांचा तय हुआ है, उसको पश्चिम एशिया में स्थायी शांति बहाली की

- निर्णायक होगी 60 दिन की अवधि

कसौटी पर परखने के लिए 60 दिन की अवधि तय की गई है। यहां तक पहुंचने के लिए अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे पर अपने रुख को काफी नरम किया है। ईरान पर समझौते के लिए सबसे पहले परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह बंद करने की शर्त नहीं थोपी गई है। बल्कि बातचीत के लिए उसे पूरा समय दिया। जाहिर तौर पर पश्चिम एशिया के मौजूदा संकट बीच ईरान का परमाणु कार्यक्रम एक बड़ा मुद्दा रहा है। लेकिन विश्लेषकों का मानना है कि समझौते से पुख्ता समाधान तक पहुंचने के लिए तय की गई 60 दिन की अवधि परमाणु मुद्दे से कहीं ज्यादा जंग को स्थायी रूप से रोकने की अग्निपरीक्षा है। अगले दो महीनों में तय होगा कि अमेरिका और ईरान के बीच परस्पर भरोसा कितना मजबूत होता है। समझौता मानने से इन्कार कर चुका इस्राइल आगे क्या रुख अपनाता है। बम, ड्रोन और मिसाइलों के इस्तेमाल में कितना संयम बरता जाता है, और समझौते की शर्तों का कितनी शिद्दत से पालन किया जाता है, क्योंकि यही पश्चिम एशिया में शांति की राह तय करने में निर्णायक साबित होगा। परमाणु मुद्दे पर ईरान का पलड़ा भारी : यह बात काफी हद तक साफ हो चुकी है कि अमेरिका-इस्राइल युद्ध अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा। इसके विपरीत, ईरान अभूतपूर्व भू-राजनीतिक फायदा उठाने में सफल रहा। परमाणु वार्ता पर उसकी स्थिति मजबूत हुई है। यह समझौता परमाणु मुद्दे को युद्ध से पहले (27 फरवरी की स्थिति) की स्थिति पर छोड़ देता है। युद्ध से पहले अमेरिका के पास ईरान पर दबाव बनाने के दो मुख्य साधन थे। कड़े आर्थिक प्रतिबंध, जिन्होंने ईरान को वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग-थलग कर दिया था और परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना। जून 2025 में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान नातंज, इस्फहान और फोर्डो में ईरान के परमाणु केंद्रों को भारी नुकसान पहुंचाना इसका प्रमाण है। ईरान ने इस पूरे जंग के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपने नियंत्रण के जरिये अमेरिका के दबाव को काफी कम कर दिया। उसने अमेरिकी सहयोगियों के सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को जमकर नुकसान पहुंचाया। ईरान ने अमेरिका-इस्राइल के मुकाबले दोगुने ठिकानों को तबाह करके अपनी ताकत साबित की है।

**चार बातों पर टिका समाधान**

इस्राइल की आक्रामक कार्रवाइयों पर अमेरिका किस हद तक नियंत्रण रख पाता है।
अमेरिकी नौसेना ईरानी समुद्री क्षेत्र के पास अपनी नाकेबंदी कितनी तेजी से हटाती है।
अमेरिका और उसके अरब सहयोगी ईरान के फंड को कितनी जल्दी जारी करते हैं।
क्षेत्र से अमेरिकी सैन्य वापसी का दायरा कितना बड़ा और वास्तविक होता है।

# ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने देंगे : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को किसी भी हाल में परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे, चाहे शांति समझौता हो या नहीं। उनका यह बयान तब आया है, जब पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौते पर सहमति बनी है। नेतन्याहू ने कहा कि उनका पूरा राजनीतिक जीवन ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लक्ष्य पर केंद्रित रहा है। उन्होंने इसे अपने जीवनभर की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने साफ कहा कि जब तक वह प्रधानमंत्री हैं, ईरान को परमाणु हथियार नहीं हासिल करने देंगे। उधर, अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें भविष्य की बातचीत और सहयोग का ढांचा तय किया गया है। इस ढांचे में ईरान के सहयोग के आधार पर उस पर लगे प्रतिबंधों में राहत और आर्थिक संबंध बढ़ाने की संभावना है, खासकर अगर वह परमाणु शर्तों और क्षेत्रीय सुरक्षा नियमों का पालन करेगा।

# आतंकवाद के खिलाफ साथ आए भारत-स्लोवाकिया



**ब्रातिस्लावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्लोवाकिया की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान भारत और स्लोवाकिया ने अपने रिश्तों

- शिक्षा-रोजगार समेत 11 क्षेत्रों में हुए बड़े करार

को एक नई ऊंचाई दी है। दोनों देशों ने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी में बदल दिया है। विदेश मंत्रालय के सचिव सिबी जॉर्ज ने एक मीडिया वार्ता में इस यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच सहयोग को एक नई गति देगी। इस यात्रा का सबसे बड़ा फैसला आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ना है। भारत और स्लोवाकिया ने आतंकवाद विरोधी सहयोग के लिए एक संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति जताई है। साथ ही दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों की कड़ी निंदा की। दोनों नेताओं ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की भी निंदा की। इसके अलावा, दोनों देशों के बीच कांसुलर संवाद तंत्र भी शुरू किया जाएगा। स्लोवाकिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का भी समर्थन किया है। स्लोवाकिया का मानना है कि सुरक्षा परिषद का विस्तार होना चाहिए और इसमें भारत जैसे देशों को जगह मिलनी चाहिए। साथ ही स्लोवाकिया के पीएम फिको ने भारतीय कारोबारियों को स्लोवाकिया में निवेश करने का खुला न्योता दिया। साल 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ विस्तार से बातचीत की। उन्होंने राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी से भी मुलाकात की। इन नेताओं ने आपसी हितों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा किए। इसमें यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया के हालात और भारत-यूरोपीय संघ (ई) के रिश्तों जैसे अहम विषय शामिल थे।

## पीएम मोदी को मिला स्लोवाकिया का सर्वोच्च सम्मान

**अब तक 33 देशों ने किया सम्मानित**

स्लोवाकिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास)' से सम्मानित किया है। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को किसी देश द्वारा प्रदान किया गया यह 33वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान बन गया है। द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) स्लोवाक गणराज्य का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है। यह सम्मान स्लोवाकिया के राष्ट्रपति द्वारा विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। यह सम्मान उन विदेशी नेताओं और हस्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने स्लोवाकिया के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बनाने में असाधारण योगदान दिया हो। साथ ही, देश के विदेश नीति संबंधी हितों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय समर्थन दिया हो। पीएम नरेंद्र मोदी ने स्लोवाकिया द्वारा सर्वोच्च सम्मान दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ब्रातिस्लावा में द ऑर्डर ऑफ द व्हाइट डबल क्रॉस (फर्स्ट क्लास) का सम्मान प्राप्त करके मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत की 140 करोड़ जनता के इस सम्मान के लिए मैं स्लोवाकिया की जनता और सरकार का आभारी हूं। मैं यह पुरस्कार भारत और स्लोवाकिया के बीच अटूट मित्रता को समर्पित करता हूं।

विश्लेषण

अमेरिकी विशेषज्ञ ने फासीवादी इटली से की तुलना

# 'पाकिस्तान भरोसे लायक नहीं, तीन बार यूएस को दे चुका धोखा'



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विश्लेषक माइकल रुबिन ने ईरान और अमेरिका के बीच जारी कूटनीतिक प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा है कि ईरान संकट के समाधान के लिए पाकिस्तान पर भरोसा करना, ऐसा ही है जैसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी की समस्या सुलझाने के लिए फासीवादी इटली पर निर्भर रहना। अमेरिका के मिडिल ईस्ट फोरम में नीति विश्लेषण निदेशक माइकल रुबिन ने एजेंसी के साथ बातचीत में कहा कि पाकिस्तान को भरोसेमंद मध्यस्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि उसने अतीत में कई बार अमेरिका के हितों को नुकसान पहुंचाया है। रुबिन ने कहा, डोनाल्ड ट्रंप ने केवल बातचीत की मेज पर ईरान के सामने कमजोर साबित हुए, बल्कि उन्होंने मध्यस्थों के चयन में भी गलती की है। कतर और खासकर पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाना गंभीर भूल है। ईरान समस्या के समाधान के लिए पाकिस्तान पर निर्भर रहना वैसा ही है जैसे फ्रैंकलिन रूजवेल्ट द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी से निपटने के लिए फासीवादी इटली पर भरोसा करते थे। रुबिन ने कहा कि किसी भी विवाद में ऐसा मध्यस्थ नहीं चुना जाना चाहिए जो आपकी हार चाहता हो, लेकिन अमेरिका बार-बार वही गलती दोहरा रहा है। पाकिस्तान ने तालिबान को समर्थन देकर और अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को अपने क्षेत्र में शरण देकर अमेरिका के भरोसे को कई बार तोड़ा है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने तालिबान के मामले में अमेरिका को धोखा दिया। ओसामा बिन लादेन को पनाह देकर भी उसने अमेरिका के साथ विश्वासघात किया। अब वह फिर वही कर रहा है। यह विडंबना है कि पाकिस्तान इस पूरी स्थिति में फायदे में है। पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक ए.क्यू. खान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को शुरुआती आधार देने में भूमिका निभाई थी। रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए भी पर्दे के पीछे ऐसा माहौल बनाए रखेगा, जिससे कोई स्थायी समझौता न हो सके और क्षेत्र में अस्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा, यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान भले ही मध्यस्थ के रूप में सामने हो, लेकिन वह यह सुनिश्चित करेगा कि अंतिम समझौता कभी न हो। वह ऐसे हालात बनाए रखना चाहेगा, जहां लगातार तनाव और अराजकता बनी रहे। वह एक साथ आग लगाने वाले और आग बुझाने वाले दोनों की भूमिका निभाकर दोनों तरफ से फायदा उठाना चाहता है। रुबिन की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच हुए शांति समझौते पर इस सप्ताह जिनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होने की संभावना जताई जा रही है।

बाजार दर्पण

